समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 61,112.44 | 18,065.00 |

तापमान
अधिकतम 34 °c
न्यूनतम 23 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



एक मई को मेट्रो में करेंगे प्रचार लखनऊ में 110 वार्ड के प्रभारी... पेज-02

नगर निकाय चुनाव में विपक्ष का साफ होगा सूपड़ाः ब्रजेश पाठक पेज-03

वर्ष 10 अंक 248 लखनऊ, 29 अप्रैल शनिवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 2.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब पुलिस ने किया फर्जी पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** पंजाब पुलिस के एजीटीएफ (एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स) को शुक्रवार को बड़ी सफलता मिली है। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (त्रअस्न) एक फर्जी पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़ किया। पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को नकली पासपोर्ट रैकेट का पर्दाफाश करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि गिरोह नकली पासपोर्ट के जरिए गैंगस्टरों को देश से बाहर भागने में मदद करता था। पंजाब पुलिस का दावा है कि फर्जी पासपोर्ट रैकेट के तार दिल्ली, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों से जुड़े हुए है।

### खरगे ही नहीं गांधी परिवार को है पीएम का अपमान करने की आदत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव को लेकर घमासान मचा हुआ है। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावणगेरे में शुक्रवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में जब-जब कांग्रेस सत्ता में आई तो उसने गरीबों की चिंता नहीं की। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जब-जब कर्नाटक में आई यहां के गरीबों की चिंता नहीं की, किसानों की चिंता नहीं की, विकास की चिंता नहीं की, कर्नाटक की सुरक्षा की चिंता नहीं की।

### सभी की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करें एससीओ देशः गडकरी

**नई दिल्ली।** रक्षा क्षेत्र में सहयोग की चीन की पेशकश के प्रति ठंडा रुख दिखाने के अगले ही दिन भारत ने एससीओ की एक और बैठक में चीन को यह संदेश देने में संकोच नहीं किया कि कनेक्टिविटी एक बड़ी प्राथमिकता है, लेकिन इस संगठन के सभी देशों को दूसरों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का पूरा सम्मान करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह बात कही।

### शिक्षक भर्ती घोटालाः सुनवाई से हटाए गए कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश गंगोपाध्याय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश से पश्चिम बंगाल स्कूल भर्ती घोटाले का मामला दूसरे न्यायाधीश को सौंपने को कहा। टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी की याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल की रिपोर्ट का संज्ञान लिया और कहा कि मामले को किसी अन्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ को सौंपा जाना चाहिए।

### स्मार्ट विलेज के विकास कार्यों का शुभारंभ

**लखनऊ।** आज जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने ग्राम अट्टा गुजरान में यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सौजन्य से 12 करोड़ 50 लाख रुपए की धनराशि से होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ जनपद गौतमबुद्ध नगर में हाईस्कूल की परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी आशी नागर ने किया तथा दीपिका नागर और राशि नागर भी मौजूद रही। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश में कानून का राज है। प्रदेश का किसान खुशहाल तथा व्यापारी सुरक्षित है।

# लखीमपुर खीरी की एयर स्ट्रिप अब एयरपोर्ट बनेगाः सीएम योगी

## सपा, बसपा और कांग्रेस ने विकास को अवरुद्ध किया

लखीमपुरखीरी, समृद्धि न्यूज़

मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने आज लखीमपुर के जीआईसी मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। नगरपालिका परिषद लखीमपुर, गोला, मोहम्मदी, पलिया व आठ नगर पंचायतों के अध्यक्ष व सदस्य का चुनाव लड़ रहे बीजेपी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। सीएम ने कहा कि 2022 में सभी आठ विधान सभा सीटों पर बीजेपी का एमएलए बना कर जिले के वोटरों ने डबल इंजन की सरकार बनाई। जिले बहुमुखी विकास हो रहा है। मेडिकल कालेज बन रहा है।फोरलेन सड़को का जाल बिछा दिया गया है। पलिया की हवाई पट्टी को शीघ्र ही हवाई अड्डा बनाया जाएगा। कार्ययोजना प्रगति पर है। टूरिज्म पर कई प्रोजेक्ट चल रहे है। गोला में गोला गोकरण नाथ धाम कॉरिडोर प्रगति पर है। अब जिले में रेस्टॉरेंट, होटल, गेस्टहाउस की भरमार होगी। बोले काशी में कॉरिडोर, नीमसार तीर्थ सीतापुर में निर्माण कार्य चल रहा है। अयोध्या में जल्दी भव्य राम मंदिर बनेगा। बीजेपी सुरक्षा / अनुशासन का प्रतीक है। होली दीवाली में अब निःशुल्क एलपीजी सिलिंडर दिया जाएगा। विकास के लिए धन का अभाव नही होगा। सीएम ने कहा कि लखीमपुर से पुष्पा सिंह, गोला से विजय शुक्ला रिंकू, मोहम्मदी से संदीप मेहरोत्रा, पलिया से केबी गुप्ता सहित सभी नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद के बीजेपी प्रत्याशियों व सभी 12 निकायों में बीजेपी के सदस्य पद के प्रत्याशियों के समर्थन में कमल के फूल पर मोहर लगाने का अनुरोध करने आया हूँ। कहा ट्रिपल इंजन की सरकार बना दो।जिता दें गली सड़क बिजली सब व्यवस्था दुरुस्त करने में सहयोग करें। पैसा कम नही पड़ेगा।



> 2022 में सभी आठ विधान सभा सीटों पर बीजेपी का एमएलए बना कर जिले के वोटरों ने डबल इंजन की सरकार बनाई। जिले बहुमुखी विकास हो रहा है।
> **योगी आदित्यनाथ, सीएम**

### गोला के पूर्व विधायक स्व. अरविंद गिरी को याद किया

सीएम ने गोला छोटी काशी का नाम लेते हुए गोला के विधायक अमन गिरी के पिता पूर्व विधायक स्व अरविंद गिरी को याद किया। कहा गोला शिव मंदिर कॉरिडोर उनका सपना था। यह पूर्ण हो रहा है। चुनावी सभा खत्म होते ही आयी आंधी गिरे पंडाल सीएम जनसभा समाप्त कर हेलीकाप्टर पर बैठ भी नही पाए थे कि तेज आंधी आ गयी। पंडाल गिर गए। जान बचा कर हजारों लोग भागे। सुखद रहा कि कोई अनहोनी नही हुई।मंत्री आशीष पटेल, मंत्री जितिन प्रसाद, प्रदेश बीजेपी महामंत्री अनूप गुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, खीरी के सभी आठ विधायक, ज्ञान बाजपेयी, पुष्पा सिंह, रामजी मौर्य, श्यामू पांडे, अरविंद गुप्ता आदि जनसभा में उपस्थित रहे।

## बजरंग पुनिया ने दिया बयान

# बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण के जेल जाने तक जारी रहेगा विरोध

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण सिंह को सलाखों के पीछे डालने का आग्रह किया। विनेश फोगट, बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक जैसे स्टार पहलवान ड्ब्स्न्ढ्ढ प्रमुख के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। तीन महीने पहले पहलवानों ने महासंघ प्रमुख पर यौन उत्पीड़न और ड्ब्स्न्ढ्ढ पर गलत तरीके से धन और कुप्रबंधन का आरोप लगाया था। बजरंग ने पुष्टि की कि दिल्ली पुलिस को बृजभूषण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए सुप्रीम कोर्ट से एक आदेश मिला था, और सवाल किया कि अगर कोई महासंघ प्रमुख एथलीटों को परेशान करेगा, तो एथलीट किसके पास शिकायत करेंगे।

बजरंग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, सख्त कार्रवाई करें और उसे जल्द से जल्द सलाखों के पीछे डालें। दिल्ली पुलिस को सुप्रीम कोर्ट से एफआईआर दर्ज करने का आदेश मिला है। जब एक महासंघ का प्रमुख इस तरह परेशान करेगा तो एथलीट अपनी शिकायत किसके पास ले जाएगा।



महासंघ में प्रमुख से बड़ा कोई नहीं है। दिल्ली पुलिस को चाहिए।÷ बजरंग ने यह भी खुलासा किया कि केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर एथलीटों के फोन कॉल नहीं उठा रहे हैं।

विनेश फोगट ने आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डब्ल्यूएफआई प्रमुख को सभी पदों से बर्खास्त करने की अपील की। विनेश फोगट ने कहा, ÷मैं पीएम मोदी से अपील करती हूं कि नैतिक आधार पर बृजभूषण को सभी पदों से बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। वह जांच को प्रभावित कर सकते हैं।

विनेश फोगट ने कहा, वरिष्ठ खिलाड़ी और बॉलीवुड हस्तियों ने हमारा समर्थन किया है, लेकिन खेलों को ऐसी हस्तियों से मुक्त कराने के लिए हमें साथ आना होगा।

### सच्चाई जल्द सामने आएगीः बृजभूषण

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि वह यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर पहलवानों की उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग से जुड़े घटनाक्रम से वाकिफ हैं। बृजभूषण शरण सिंह, जो एक भाजपा सांसद भी हैं, ने भी दिल्ली पुलिस से यौन उत्पीड़न के आरोप की स्वयं जांच करने का आग्रह किया, यह कहते हुए कि वह हाल के घटनाक्रमों से चिंतित नहीं हैं। बृजभूषण शरण सिंह ने शुक्रवार को आजतक को बताया, मुझे पता चला है कि मेरे खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है लेकिन मुझे न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। मैं काफी निश्चिंत हूं और जल्द ही सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। दिल्ली पुलिस को अपनी जांच करनी चाहिए, मुझे पूरा विश्वास है।

## पालघर साधु लिंचिंग मामला

# दो साधुओं की हत्या मामले की जांच करेगी सीबीआई

### महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि पालघर मॉब लिंचिंग मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी जाएगी। यह मामला अप्रैल 2020 में महाराष्ट्र के पालघर जिले के गडचिंचल गांव में भीड़ द्वारा दो साधुओं और उनके कार चालक की पीट-पीट कर हत्या करने का है।16 अप्रैल 2020 को, तीन पुरुष - दो द्रष्टा और उनका कार चालक अपने आध्यात्मिक गुरु के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गुजरात के सूरत पहुंचने की कोशिश कर रहे थे, जिनका निधन हो गया था। तीनों लोग महाराष्ट्र-गुजरात सीमा पर एक पुलिस चौकी से वापस लौटे और गांवों से होकर जाने वाली आंतरिक सड़कों से सूरत पहुंचने की कोशिश की। गडचिंचल गांव में और उनके आसपास बच्चा चोरों के घूमने की अफवाहें घटना से पहले कम से कम दो सप्ताह से व्हाट्सएप पर प्रसारित हो रही थीं। इन अफवाहों से संदिग्ध ग्रामीणों ने इलाके में पुलिस की मौजूदगी के बावजूद तीनों के वाहन पर हमला कर दिया।

# एम्बुलेंस सीधे अस्पताल क्यों नहीं गई

## अतीक अहमद हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट का यूपी सरकार से सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** माफिया अतीक अहमद और अशरफ की पुलिस की मौजूदगी में हत्या के मामले में दायर याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से कई सवाल पूछे।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि माफिया भाइयों को ले जा रही गाड़ी के साथ उनकी परेड क्यों कराई जा रही थी। कोर्टन ने कहा कि उनको सीधे एम्बुलेंस से अस्पताल क्यों नहीं ले जाया गया।

कोर्ट के सवाल का जवाब देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि उन्होंने इस मामले को देखने के लिए एक आयोग नियुक्त किया है। शीर्ष अदालत अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिन्होंने 2017 से उत्तर प्रदेश में हुई 183 मुठभेड़ों की जांच की मांग की है।



### असद के एनकाउंटर पर भी मांगी गई रिपोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद उठाए गए कदमों पर एक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने झांसी में अहमद के बेटे असद की पुलिस मुठभेड़ पर भी यूपी सरकार से रिपोर्ट मांगी। असद को 13 अप्रैल को यूपी पुलिस की एक विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) टीम ने एक मुठभेड़ में मार गिराया था। अहमद और अशरफ की इसके दो दिन बाद, मीडियाकर्मियों के रूप में आए तीन लोगों द्वारा बहुत करीब से गोली मार दी गई थी। उन्हें पुलिस सुरक्षा के तहत स्वास्थ्य जांच के लिए प्रयागराज के एक मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था।

### हत्या की जांच के लिए समिति पर तीन सप्ताह बाद सुनवाई

उधर, उत्तर प्रदेश पुलिस की मौजूदगी में अतीक अहमद की हत्या की जांच की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट तीन सप्ताह बाद सुनवाई करेगा। याचिका में माफिया भाइयों की हत्या की जांच के लिए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति गठित करने की मांग की गई है।

## जिया खान सुसाइड केस

# सीबीआई कोर्ट से सूरज पंचोली बरी



एजेंसी

**मुंबई।** अभिनेता सूरज पंचोली को आज मुंबई में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने जिया खान के मामले में बरी कर दिया। उन पर कथित तौर पर अभिनेत्री को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था। जिया, जिन्हें अमिताभ बच्चन के साथ निशब्द में अभिनय के लिए जाना जाता था, 3 जून 2013 को मुंबई में अपने घर पर मृत पाई गई। वह 25 वर्ष की थीं। मुंबई में सीबीआई की विशेष अदालत के न्यायाधीश एएस सैय्यद ने कहा- सबूतों की कमी के कारण, यह अदालत आपको पकड़ नहीं सकती (सूरज पंचोली) दोषी, इसलिए बरी किया जाता है। फैसले के कुछ ही घंटों बाद, सूरज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर भगवान में अपने विश्वास को व्यक्त करते हुए एक स्टोरी साझा की। उन्होंने लिखा, द ट्रथ ऑलवेज विन (हाथ जोड़कर और लाल दिल वाले इमोजी के साथ)। केंद्रीय जांच ब्यूरो के अनुसार, 10 जून, 2013 को जांच शुरू करने वाली मुंबई पुलिस द्वारा जब्त किया गया पत्र जिया खान द्वारा लिखा गया था।

## पाकिस्तान को कड़ा संदेश! एससीओ के सभी सदस्यों से राजनाथ बोले-

# एकजुट होकर आतंकवाद से लड़ना होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को एससीओ के साथी मंत्रियों के साथ एक बैठक की। बैठक में रक्षा मंत्री ने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सभी सदस्यों को एकजुट होकर आतंकवाद से लड़ना चाहिए। सिंह ने कहा कि सभी एससीओ देशों के पास सामूहिक रूप से आतंकवाद से लड़ने का अवसर है, और यह आवश्यक था, विशेष रूप से अब क्योंकि आतंकवादी क्राउड फंडिंग और सोशल मीडिया जैसे विभिन्न साधनों का उपयोग कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि अगर हम एससीओ को मजबूत और अधिक विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय समूह बनाना चाहते हैं, तो हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटना होनी चाहिए। इस दौरान राजनाथ सिंह ने किसी देश का नाम तो नहीं लिया लेकिन उन्होंने ये बात स्पष्ट तरीके से कही कि यदि कोई देश आतंकवादियों को शरण देता है, तो वह दूसरों के लिए ही नहीं, अपितु अपने लिए भी खतरा पैदा करता है। युवाओं को कट्टर बनाना केवल सुरक्षा की दृष्टि से ही चिंता का कारण नहीं है, बल्कि यह समाज की सामाजिक आर्थिक प्रगति के मार्ग में भी बड़ी बाधा है। माना जा रहा कि राजनाथ ने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर निशाना साधा है।



### सभी सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने लिया हिस्सा

पाकिस्तान को छोड़कर एससीओ के सभी सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने दिल्ली में आकर इस सम्मेलन में हिस्सा लिया। दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान के प्रतिनिधि डिजिटल तरीके से वार्ता में शामिल हुए। चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू की मौजूदगी में राजनाथ ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्रचार्टर के प्रावधानों के आधार पर शांति और सुरक्षा बनाए रखने में विश्वास रखता है और इसलिए वह एससीओ सदस्यों के बीच विश्वास और सहयोग बढ़ाने का प्रयास करता है।

## हेट स्पीच मामला :सुप्रीम कोर्ट का राज्यों और यूटीएस को निर्देश

# बिना किसी शिकायत के स्वतः दर्ज करें एफआईआर

### नफरती भाषणों पर हो स्वतः कार्रवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच मामले को लेकर शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि जब कोई नफरती भाषण देता है, तो वे बिना किसी शिकायत के एफआईआर दर्ज कर स्वत÷ ही संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करें।

जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की पीठ ने यह स्पष्ट किया कि नफरती भाषण देने वाले व्यक्तियों के धर्म की परवाह किए बगैर इस तरह की कार्रवाई करें, ताकि भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को संरक्षित रखा जा सके। पीठ ने कहा कि नफरती भाषण पर कार्रवाई करने में किसी भी प्रकार की हिचकिचाहट को कोर्ट की अवमानना के तौर पर देखा जाएगा। शीर्ष अदालत ने यह स्पष्ट किया है कि अगर कोई व्यक्ति नफरती भाषण देता है तो बिना किसी शिकायत के एफआईआर दर्ज कर मामले में स्वत÷ संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की जाए। शीर्ष अदालत यह टिप्पणी नफरती भाषणों पर अंकुश लगाने के लिए दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान की। इस मामले की अगली सुनवाई 12 मई को होगी।



पीठ ने कहा कि प्रतिवादी यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी शिकायत दर्ज किए बिना तत्काल मामला दर्ज करें और कानून के अनुसार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए स्वत÷ से कार्रवाई की जाए। सुनवाई के दौरान पीठ ने स्पष्ट किया कि अपने पिछले आदेश में उसने यह निर्देश नहीं दिया था कि किसी समुदाय विशेष के खिलाफ धर्म से इतर होकर कार्रवाई की जाए।

## चेतावनी — मौसम विभाग ने यूपी में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया

# पांच दिनों तक होगी बारिश, यूपी में गिरें सकते हैं ओले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम विभाग ने यूपी में अभी आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की मानें तो दो दिनों में यूपी के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान अधिकतम तापमान गिरकर 31 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा, जिससे गर्मी से भी बड़ी राहत मिलेगी। बता दें कि कई दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही थी, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। यूपी की राजधानी लखनऊ में भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। चार मई तक यूपी में भी कई जगह बारिश की गतिविधियां हो सकती हैं।

**उत्तर प्रदेश में यलो अलर्ट जारी**



मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यलो अलर्ट जारी कर दिया है। 27 अप्रैल से लेकर 4 मई तक प्रदेश के कई हिस्सों में बिजली के साथ बारिश के होने की संभावना जताई गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पहाड़ी इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। ऐसे में आने वाले दिनों में पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में बारिश के आसार हैं। अगले 24 घंटों में इस बदलाव का असर दिखने लगेगा। 29 और 30 अप्रैल को यूपी के कई जिलों में बारिश होगी।

**इन जिलों में आज बारिश का अलर्ट**

मौसम विभाग के मुताबिक, जिन शहरों में कल बारिश-आंधी का अलर्ट था। शुक्रवार को भी कमोबेश उन्हीं शहरों में यह अलर्ट है। इन शहरों में आगरा, मेरठ, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, बागपत, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा, संभल, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा, अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज, इटावा, औरैया, फर्रुखाबाद और कानपुर हैं।

## मनीष सिसोदिया को झटका

# ईडी मामले में जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया। मनीष सिसोदिया के लिए यह बड़ा झटका है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी है। मनीष सिसोदिया को ईडी ने 9 मार्च को मामले में गिरफ्तार किया था। इस बीच, अदालत ने आबकारी मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में सह-अभियुक्त राजेश जोशी और गौतम मल्होत्रा की जमानत याचिकाओं पर आदेश को 6 मई तक के लिए टाल दिया। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने यह आदेश सुनाया। वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन ने सिसोदिया का प्रतिनिधित्व किया जबकि जोहेब हुसैन ने प्रतिनिधित्व किया।



# निकाय चुनावः 47 आईएएस अफसर बने प्रेक्षक

## आज संभालेंगे जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज। लखनऊ




नगर निकाय चुनाव के पहले चरण के लिए 47 आईएएस अफसरों को प्रेक्षक बनाकर निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राज्य निर्वाचनआयोग के मुताबिक प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी और अपर निदेशक पंचायती राज राजकुमार लखनऊ में प्रेक्षक बने हैं। नगर निगम वाले जिलों में दो प्रेक्षक तैनात किये गए हैं। प्रेक्षक मतदान के लिए 29 अप्रैल को जिलों में पहुंच जाएंगे। 37 जिलों में पहले चरण के मतदान के लिए 47 अफसर नियुक्त किये गए हैं। प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा सुभाष चंद्र शर्मा और निदेशक दिव्यांगजन प्रकाश सत्य प्रकाश पटेल वाराणसी में प्रेक्षक बने। प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार और अपर आयुक्त कानपुर मंडल कृतिका शर्मा प्रयागराज में प्रेक्षक बने।विशेष सचिव महिला कल्याण संदीप और अपर आयुक्त देवीपाटन मंडल रमेश चंद्र शर्मा गोरखपुर में प्रेक्षक बने। वहीं आवास आयुक्त रणवीर प्रसाद विशेष सचिव एपीसी शाखा राजेंद्र सिंह आगरा में प्रेक्षक बने। प्रमुख सचिव व स्थापना अनिल कुमार सागर और विशेष सचिव पीडब्ल्यूडी आशुतोष कुमार सहारनपुर में प्रेक्षक बने। एसीईओ यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण मोनिका रानी और अपर श्रमायुक्त सुरेंद्र प्रसाद मुरादाबाद में प्रेक्षक बने। प्रमुख सचिव समाज कल्याण और मिशन निदेशक आयुष महेंद्र वर्मा फिरोजाबाद के लिए प्रेक्षक बनाये गए हैं। इसके अलावा प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान और विशेष सचिव ऊर्जा राहुल सिंह मथुरा में प्रेक्षक होंगे। एसीईओ नोएडा मानवेंद्र सिंह और विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा सुनील कुमार वर्मा झांसी में प्रेक्षक बने।प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम को प्रेक्षक बनाकर बिजनौर भेजा जा रहा है। प्रमुख सचिव रेशम आर रमेश मुजफ्फरनगर में प्रेक्षक बने। उधर निदेशक राज्य कृषि उत्पादन अंजनी कुमार सिंह शामली में प्रेक्षक बने। निदेशक प्रशासन एवं प्रबंधन नीना शर्माअमरोहा में प्रेक्षक बनी। आयुक्त एवं निदेशक उद्योग राजेश कुमार उन्नाव में प्रेक्षक बने। आयुक्त ग्राम विकास गौरी शंकर प्रियदर्शी जालौन में प्रेक्षक बने। अपर आयुक्त आबकारी सत्यप्रकाश प्रतापगढ़ में प्रेक्षक बने। प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार रामपुर में प्रेक्षक बने। सीईओ ब्रज तीर्थ विकास परिषद नागेंद्र प्रताप मैनपुरी भेजे गए हैं। सचिव मानवाधिकार आयोग धनलक्ष्मी संभल में प्रेक्षक बनी। आबकारी आयुक्त डॉ सेंथिल पांडियन ललितपुर प्रेक्षक बनाकर भेजे गए हैं। उपाध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण अरविंद कुमार कौशांबी में प्रेक्षक बने हैं।

# एक मई को मेट्रो में करेंगे प्रचार लखनऊ में 110 वार्ड के प्रभारी नियुक्तः अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



लखनऊ नगर निगम के अन्तर्गत सभी 110 वार्ड के प्रभारियों की बैठक में समाजवादी पार्टी की मेयर प्रत्याशी वंदना मिश्रा सहित सभी पार्षद प्रत्याशियों को जिताकर भाजपा को करारी शिकस्त देने का संकल्प लिया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा है कि निकाय चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हैं। शासन-प्रशासन भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। खुद मुख्यमंत्री भी नगर निकाय चुनावों में बुनियादी मुद्दों पर चर्चा नहीं करते है। एक मई को मेट्रो में अखिलेश यादव प्रचार करेंगे। इसके अलावा दो मई को लखनऊ में रोड शो करने का प्लान है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री को यह नहीं पता कि यह चुनाव क्या है और किस लिए हो रहा है? भाजपा नेतृत्व अनावश्यक मुद्दों पर बात क्यों करता है? नगरीय विकास के बारे में भाजपा चर्चा क्यों नहीं करती है? मुख्यमंत्री तमंचा, गुंडों की ही ज्यादा बातें क्यों करते है? लखनऊ की जनता चुनाव में इसका जवाब देगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, लूट, हत्या, बलात्कार, भ्रष्टाचार और अन्याय चरम पर है। लोगों में भाजपा सरकार के प्रति आक्रोश है। स्मार्ट सिटी नारा भर है। बुनियादी समस्याएं जहां की तहां है। भाजपा ने विकास योजनाओं में लूट की है। कूड़े का निस्तारण नहीं हुआ है। समाजवादी पार्टी के समर्थकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। छोटे व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। जीएसटी के छापे समाजवादी पार्टी समर्थक व्यापारियों के यहां ही क्यों पड़ते हैं? अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार के समय ही राजधानी लखनऊ में विकास कार्य हुए थे। रिवरफ्रंट, मेट्रो रेल, लोहिया और जनेश्वर मिश्र पार्क, इकाना स्टेडियम, जेपी इन्टरनेशनल सेंटर आदि के सापेक्ष भाजपा सरकार में एक भी निर्माण कार्य नहीं हुआ है। अखिलेश यादव ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से घर-घर जाकर सम्पर्क करने को कहा। भाजपा सरकार के रहते किसी को न्याय नहीं मिलेगा। निकाय चुनाव में भाजपा से सीधा मुकाबला समाजवादी पार्टी से है। भाजपा की चालबाजियों से हमें सावधान रहना है। भाजपा को इस निकाय चुनाव में करारी शिकस्त देनी है। मेयर प्रत्याशी वंदना मिश्रा, के अतिरिक्त सर्वश्री राजेन्द्र चौधरी, अरविन्द सिंह गोप, रविदास मेहरोत्रा, अभिषेक मिश्रा, मधु गुप्ता, मीरा वर्धन, प्रो. रमेश दीक्षित, डॉ. राजपाल कश्यप, जगदीप यादव, श्याम किशोर यादव, गोमती यादव, पूजा शुक्ला, राजकुमार मिश्रा, जगजीवन प्रसाद, डॉ. आशुतोष वर्मा, विजय सिंह, रामसागर, राजेन्द्र यादव, सोनू कनौजिया, विकास यादव, जयसिंह जयंत, सुशील दीक्षित, शकील नदवी, इमरान, पवन मनोचा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही है।

## खबरें एक नजर में

### जालौन में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत, दो लोग झुलसे

लखनऊ। जालौन जिले के सिरसा थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गयी जबकि दो अन्य झुलस गये। प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि जालौन के उप जिलाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि सिरसा थाना क्षेत्र के छानी अहीर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से किसान विजय दोहरे (45) की मौत हो गयी जबकि सुरेंद्र सिंह और देवेंद्र सिंह घायल हो गये। घटना की जानकारी पाकर अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त तीनों किसान खेत में गेहूं की कटी हुई फसल इकट्ठा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान अचानक बिजली गिरने से दोहरे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सुरेंद्र सिंह और देवेंद्र सिंह झुलस गये। सुरेंद्र सिंह और देवेंद्र सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। एसडीएम ने बताया कि मृतक एवं घायलों को नियमानुसार शासकीय आर्थिक लाभ दिया जाएगा।

### नमाज के बाद सऊदी हुकूमत के खिलाफ प्रदर्शन जन्नतुल बकी का हो निर्माण

लखनऊ । राजधानी में शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद शिया मुसलमानों ने सऊदी अरब के शासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। आसिफी मस्जिद में हुए इस प्रदर्शन में लोग सऊदी हुकूमत और आतंकवादी विरोधी तख्तियां लेकर पहुंचे। भारी संख्या में मौजूद लोगों ने सऊदी अरब की हुकूमत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दरअसल सऊदी अरब के पवित्र नगर मदीना में स्थित जन्नतुल बकी नामक कब्रिस्तान है। वहां पर पैगंबर-ए-इस्लाम की बेटी हजरत फातिमा जेहरा की कब्र को सऊदी शासन द्वारा ध्वस्त कर दिया गया था। प्रदर्शनकारियों ने सऊदी अरब में तोड़े गए मजारों का पुनरनिर्माण करने की मांग की है। इस मांग के लिए शिया मुसलमान सऊदी हुकूमत के खिलाफ हर साल प्रदर्शन करते रहते हैं। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने प्रदर्शन कर रहे शिया मुसलमानों को संबोधित किया। इस दौरान शिया हुकूमत मुर्दाबाद के नारे लगे। मौलाना कल्बे जवाद ने सऊदी शासन की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहादृ卐जन्नतुल बकी शिया अकीदे के लिहाज से सबसे अहम कब्रिस्तान है। जब तक सऊदी अरब जन्नतुल बकी कब्रिस्तान में स्थित पैगमबरे इस्लाम की सुपुत्री और उनके नातियों की कब्रों को फिर से निर्माण नहीं करवा देता। तब तक हम इसी तरह सऊदी शासन के खिलाफ हर साल प्रदर्शन करते रहेंगे।

### निर्माता राजू भारती की हिंदी फिल्म बेरा एक अघोरी को 300 सिनेमाघरों में मिली शानदार ओपनिंग

लखनऊ ।निर्माता राजू भारती की हिंदी फिल्म बेरा एक अघोरी को 300 सिनेमाघरों में बंपर ओपनिंग मिली है। हालांकि इस सप्ताह 28 अप्रैल को मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमोशी चक्रवर्ती और अमरीन अभिनीत राजकुमार संतोषी की फिल्म बैड बॉय और ऐश्वर्या राय बच्चन अभिनीत मणि रत्नम की फिल्म पीएस 2 भी थेटर्स में पेश की गई है, इसके अलावा सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान भी दूसरे सप्ताह में चल रही है। उसके बावजूद अच्छे कंटेंट के कारण बेरा एक अघोरी को लोग पसन्द कर रहे हैं। निर्माता राजू भारती की प्रशंसा करनी होगी कि उन्होंने नए कलाकारों पर विश्वास जताया और कहानी को हीरो मानते हुए हॉरर थ्रिलर फिल्म बनाई जो दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने में सफल हो रही है। धिराल एंटरटेनमेंट प्रेजेंट्स हिंदी फिल्म बेरा-एक अघोरी के निर्माता राजू भारती हैं जबकि मुख्य कलाकार प्रेम धिराल, शक्ति वीर धिराल और अभिनेत्री प्राजक्ता शिंदे हैं। हालांकि निर्माता राजू भारती का ये प्रथम प्रयास है। लेकिन फिल्म का विषय और इसकी अनूठी कहानी होने की वजह से ऑडिएंस इसे लाइक कर रही है। फिल्म को सिनेमाघरों में काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। फिल्म देखने वाले दर्शकों ने पब्लिक रिव्यु में इसे सराहा है और चार स्टार का दर्जा दिया है। लोगों का कहना है कि हॉरर जॉनर में होने के बावजूद फिल्म में यह महत्वपूर्ण सन्देश है कि अंत में जीत सत्य की होती है। इस हिंदी फिल्म में शक्ति वीर धिराल और प्रेम धिराल ने मुख्य भूमिकाओं को निभाया है। फिल्म के गाने नक्काश अजीज, शाहिद माल्या और वैशाली ने गाए हैं। बेरा एक अघोरी में एंटरटेनमेंट का पूरा तड़का है। रोमांस, रोमांच, सस्पेन्स के साथ फिल्म में बेहतरीन म्युजिक भी है। बेरा एक अघोरी का प्रस्तुतिकरण अनूठा है। फिल्म में बहुत एनिमेशन और वीएफएक्स का भी इस्तेमाल किया गया है। फिल्म के लेखक शक्ति वीर धिराल, निर्देशक प्रेम धिराल, म्युजिक डायरेक्टर प्रेम शक्ति, कैमरामैन रौशन खड़गी हैं। फिल्म को ऑडियो लैब मीडिया कारपोरेशन द्वारा दुनिया भर में रिलीज किया गया है। फिल्म में कलाकारों के काम को दर्शकों के साथ साथ क्रिटिक्स ने भी खूब सराहा है।

### अवाडा ग्रुप का बढ़ता विस्तार

लखनऊ। 28 अप्रैल हरित ऊर्जा और ईंधन कंपनी अवाडा वेंचर्स ने विभिन्न निवेशकों से 1.07 अरब डॉलर की पूंजी जुटाई है। कंपनी में निवेश करने वालों में निजी इक्विटी निवेशक ब्रुकफील्ड भी शामिल है। अवाडा ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन अमोनिया और सौर उपकरण विनिर्माण की नई परियोजनाएं लगाने की योजना बना रही है।1.07 अरब डॉलर में से अवाडा की मौजूदा शेयरधारक ग्लोबल पावर सिनर्जी पब्लिक कंपनी (पीटीटी समूह की कंपनी) ने अवाडा एनर्जी में 6.8 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। यह स्वतंत्र अक्षय ऊर्जा परियोजना डेवलपर है, जिसके पास 4 गीगावाट की परिचालन संपत्तियां और 7 गीगावाट की निर्माणाधीन परियोजनाएं हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड से बातचीत में अवाडा समूह के संस्थापक चेयरमैन विनीत मित्तल ब्रुकफील्ड के इक्विटी निवेश की पुष्टि की है, लेकिन यह नहीं बताया कि उसकी कितनी हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा, %अवाडा वेंचर्स और अवाडा एनर्जी में हम बहुलांश शेयरधारक हैं और शेयरधारिता में कोई बदलाव नहीं आएगा। पीटीटी द्वारा निवेश राइट्स निर्गम के जरिये किया गया है।

# मूल्य प्रधान है भारतीय संस्कृतिः डॉ देवेश

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

> संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ देवेश कुमार मिश्र एसो0 प्रोफेसर संस्कृत मानविकी विद्यापीठ नई दिल्ली की गरिमा मयी उपस्थिति रही

नवयुग कन्या महाविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा मानव मूल्य का ह्रास कारण एवं निदान विषय पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गयी कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया सरस्वती वंदना प्रतिभा द्विवेदी के द्वारा प्रस्तुत की गई स्वागत गीत श्रेया श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ अंगवस्त्रम् एवं स्मृति चिन्ह में श्रीमद्भगवत गीता की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी संयोजिका डा वन्दना द्विवेदी द्वारा कार्यक्रम का कुशल संचालन किया गया।इस संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ देवेश कुमार मिश्र एसो0 प्रोफेसर संस्कृत मानविकी विद्यापीठ नई दिल्ली की गरिमा मयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि का व्यक्तित्व परिचय समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ विनीता सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा विशिष्ट अतिथि का व्यक्तित्व परिचय प्रोफेसर रीता तिवारी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता डॉ देवेश कुमार मिश्र ने अपने सम्बोधन में कहा कि वस्तुतः मूल्य शब्द भारत का नहीं है। धर्म के शरीर का निर्माण जिन तत्वों से होता है, वही मूल्य है। महाभारत के आदि पर्व और वन पर्व में इसके अनेक उदाहरण भरे पड़े हैं। मनुष्य इन्हीं गुणों से हीन होता है तो मूल्य का ह्रास होता है। जब धर्म के गुण विद्यमान रहते हैं तो मूल्य का पालन होता है। पश्चिमीकरण एवं आधुनिकीकरण के प्रभाव के कारण आज मूल्यों का अवमूल्यन हो रहा है। धर्म का आचरण ही मूल्य है। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर राम सुमेर यादव पूर्व विभागाध्यक्ष संस्कृत लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रोफेसर राम सुमेर यादव जी ने कहा की भारतीय संस्कृति केवल मनुष्य मात्र की नहीं बल्कि प्राणी के कल्याण की बात करती है सर्वे भवन्तु सुखिनः, तथा वसुधैव कटुम्बकम् की भावनायही पोषित और पल्लवित हुयी इसी क्रम में प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने कहा कि भारतीय संस्कृति जीवन मूल्यों का पोषण ,संरक्षण और उसके प्रचार-प्रसार करने वाली संस्कृति के रूप में विश्व विख्यात है भारत की प्राचीन शिक्षण व्यवस्था में जीवन यापन के विविध विधाओं के साथ-साथ उच्च जीवन मूल्य शिक्षण की व्यवस्था भी थी। गुरुकुल जीवन मूल्यो केसंवाहक प्रसारक, के रूप में कार्य करते थे अंत में धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्षा प्रोफेसर रीता तिवारी के द्वारा किया गया। विशिष्ट वक्ता गण के रुप में डा विश्वेश मिश्र सहायक आचार्य हिन्दी रामनगर पी जी कालेज बाराबंकी, केन्द्रीय विद्यालय गोमतीनगर से शिक्षक डा आनंद कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहें तथा इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता डा सृष्टि श्रीवास्तव, डा सुनीता द्विवेदी, डा ज्योतिका, डा संगीता शुक्ला, डा संगीता कोतवाल, डा शर्मिता नन्दी, शिक्षा शास्त्र विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता सिंह, डा अमिता सिंह, प्रोफेसर मंजुला यादव, प्रोफेसर ऋचा शुक्ला,प्रोफेसर सीमा सरकार, डा अम्बिका, डा विनीता सिंह, डा आभा दूबे,, कुमारी नेहा, डा सीमा पांडेय, डा सोनल, डा नेहा अग्रवाल, डा सुनीता सिंह, डा चन्दन मौर्य, डा ममता वर्मा आदिसम्मानित सभी प्रवक्ता गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# पंकज सिंह का हुआ जोरदार स्वागत



समृद्धि न्यूज। लखनऊ

लखनऊ समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक सेवा समिति की शाखा चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के तत्वाधान में आज चौक में संतोषी माता मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आए पंकज सिंह (विधायक ) का चौक डिपो (अध्यक्ष )प्रदीप कुमार वर्मा ने स्वागत किया और समिति संरक्षक श्री अनुराग मिश्रा जी चौक बाजार काली जी वार्ड से भाजपा प्रत्याशी सभासद के लिए कर्मठ जुझारू एवं संघर्षशील भारतीय जनता पार्टी की ओर से रिकॉर्ड तोड़ बहुमत से विजय होने का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर आचार्य राजेश शुक्ला, पंथ कृष्णा शंकर शर्मा, संजय द्विवेदी, डॉ उमंग खन्ना, आशीष मिश्रा,गोपाल नाथ शर्मा, राजू,अवधेश शुक्ला,शिवम गुप्ता, अंकुर दिक्षित, पप्पू जी, अतुल गुप्ता,अमित अनपढ़,काके चोपड़ा,अशोक अग्रवाल, नीरज अवस्थी,रिद्धि किशोर गौड़,सोमेश कुमार, शालू टंडन आदि उपस्थित रहे।

# राजधानी फूड्स ने 'रसोई के धुरंधर' के आयोजन के लिए आईबीसीए के साथ की साझेदारी

समृद्धि न्यूज। लखनऊ




राजधानी फूड्स जिन्हें अपने बेहतरीन प्रोडक्ट राजधानी बेसन के लिए जाना जाता है। कपंनी ने आईबीसीए (इंस्टीट्यूट ऑफ बेकरी एण्ड क्युलीनरी आर्ट्स) के साथ साझेदारी में नई दिल्ली में पाक प्रतियोगिता 'रसोई के धुरंधर' का आयोजन किया। दो राउण्ड में चली इस प्रतियोगिता को राजधानी फूड्स ने स्पॉन्सर किया था, इसमें आम लोगों के साथ वे लोग भी एक ही मंच पर आए जो कुकिंग का शौक रखते हैं। इन सभी पाक-प्रेमियों ने अपने आप को चैलेंज किया और क्युलीनरी जगत के सात दिग्गजों के पैनल के समक्ष अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जूरी पैन में मास्टरशेफ 2023 की फाइनलिस्ट मिस कमलदीप कौर भी शामिल थी।

प्रतियोगिता की शुरूआत सुबह 9ः30 बजे हुई, जिसमें पंजीकृत प्रतिभागियों ने घर में पकाए अपने सिगनेचर व्यंजनों को जूरी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस जूरी में देश भर से सात जाने-माने शेफ शामिल थे, जिन्होंने प्रतिभागियों की प्रिपरेशन, प्रे?न्टेशन और निश्चित रूप से उनके खाने के स्वाद को जज किया। फाइनल राउण्ड लाईव कुकिंग राउण्ड था, जिसमें प्रतिभागियों ने 'राजधानी बेसन' को मुख्य रूप से इस्तेमाल करते हुए एक मेन कोर्स डिश तैयार की। साथ ही पाक गुरूओं से मिले फीडबैक और मार्गदर्शन के तहत एक राईस डिश भी बनाई। चेतन जैन, डायरेक्टर, राजधानी फूड्स ने कहा, ''इतनी महत्वाकांक्षी प्रतियोगिता के साथ जुड़ना राजधानी फूड्स के लिए बेहद गर्व की बात है। हमें खुशी है कि हर प्रतिभागी ने हमारे प्रोडक्ट राजधानी बेसन को इतने रचनात्मक तरीके से इस्तेमाल किया। यह आयोजन उभरते पाक प्रेमियों के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं के महत्व की पुष्टि करता है।'' मेरी राय में हर प्रतिभागी विजेता रहा।''

# मेदांता लखनऊ ने अपनी मातृ शिशु एवं नवजात बच्चों से जुड़ी सेवाओं का पूरा किया एक वर्ष

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

मेदांता अस्पताल लखनऊ को शुक्रवार को अपनी नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) के एक वर्ष पूरा होने की घोषणा की है। उच्च तकनीक से लैस लेवल 3 एनआईसीयू यूनिट ने पिछले वर्ष 99 फीसदी से अधिक सफलता की दर हासिल की है। अस्पताल में 500 से ज्यादा चुनौतीपूर्ण बाल चिकित्सा से जुड़े मामलों का सफल इलाज किया गया है।

मेदांता अस्पताल के डॉक्टरों ने कहा कि पहले, माता-पिता को अपने बच्चों में जटिल बीमारियों के इलाज के लिए राज्य से बाहर दिल्ली के केंद्रों में जाना पड़ता था। लेकिन मेदांता, लखनऊ में एनआईसीयू यूनिट की स्थापना के बाद से, बाल चिकित्सा कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, सीवीटीएस सर्जरी, प्रसव पूर्व स्कैनिंग, और कई दूसरे उपचार एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो गए हैं।

मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ में नियोनेटोलॉजी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. आकाश पंडिता ने कहा, ÷डॉक्टरों की हमारी विशेष टीम ने कई गंभीर मामलों में सफलता हासिल की है। ऐसा ही एक मामला दो महीने के बच्चे का था जो निमोनिया और लगातार पल्मोनरी हाइपरटेंशन से पीड़ित था। बच्चे को पहले ही कई अस्पतालों में रेफर किया जा चुका था। वह लगभग एक महीने से वेंटिलेटर



पर था। हमारी टीम ने उसे हाई फ्रीक्वेंसी वेंटिलेशन के साथ इनहेल्ड नाइट्रिक ऑक्साइड का उपयोग करके एक थेरेपी दी। इस प्रयोग के लिए लखनऊ में ये पहला मामला था जिसमें सफलता हासिल हुई। पिछले एक वर्ष के दौरान 1500 ग्राम से कम वजन वाले 30 से अधिक समयपूर्व पैदा हुए शिशुओं को स्वस्थ कर सफलतापूर्वक छुट्टी दे दी गई है। लखनऊ के मेदांता अस्पताल में प्रसूति और गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी की निदेशक डॉ. नीलम विनय ने कहा, ÷मेदांता में एनआईसीयू इकाई, उत्तर प्रदेश राज्य में नवजात शिशु की देखभाल के क्षेत्र में एक बड़ी कामयाबी है। यहां नवजात बच्चों से जुड़ी हर समस्या का इलाज और देखभाल अब एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। इससे उन माता-पिता को खास तौर पर राहत मिलती है, जिन्हें अपने बच्चे की सबसे अच्छी देखभाल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था।÷

# अधिकार का ज्ञान ही सबसे बड़ा हथियारः इन्द्र दमन तिवारी

## विधि संकाय में नेशनल कांफ्रेस का आयोजन

समृद्धि न्यूज। लखनऊ




राष्ट्रीय महिला आयोग के तत्वावधान में लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की एडमिनिस्ट्रेटिव कमेटी द्वारा महिला सशक्तिकरण को समर्पित नेशनल कॉन्फ्रेंस सह पैनल डिस्कशन अवेकनिंग-हर का आयोजन किया गया, इस पैनल डिस्कशन में महिलाओं एवं बच्चियों के आवश्यक अधिकारों से उन्हें परिचित कराने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय मिशन शक्ति प्रमुख प्रो. मधुरिमा लाल इंस्टिट्यूट फॉर विमेन स्टडीज की प्रमुख मणिनी श्रीवास्तव, एनजीओ 卐एक कोशिश ऐसे भी की卐 संस्थापक वर्षा वर्मा, मद्रास इंस्टीट्यूट डेवलपमेंट स्टडीज से प्रो. अनंत गिरी उपस्थित रहे। प्रो. मधुरिमा ने कहा कि 卐स्त्रियों का विकास एवं उनका संरक्षण तभी सुनिश्चित हो पाएगा जब उन्हें शिक्षित बनाने पर जोर दिया जाएगा केवल नारी सशक्तिकरण पर बातें कहने से नारी सशक्त नहीं हो जाएंगी, स्त्रियों हेतु विनम्रता उनका आभूषण है जिसे धारण करना उनका कर्तव्य है卐, डॉ. मणिनी ने कहा कि नारी अधिकारों पर होने वाला विमर्श तभी सार्थक होगा जब उनसे महिलाओं को वास्तविक लाभ होता दिखेगा। अपने एनजीओ के माध्यम से छात्राओं को आत्मरक्षण का प्रशिक्षण दे रही वर्षा वर्मा ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया एवं छात्रों से विभिन्न पहलुओं पर उनके प्रश्नों का जवाब देते हुए चर्चा भी की। इस अवसर पर बोलते हुए अधिष्ठाता विधि संकाय प्रो. (डॉ.) बंशीधर सिंह ने कहा कि 卐लोगों को जगाने के लिये महिलाओं का जागृत होना जरुरी है, एक बार जब वो अपना कदम उठा लेती है तो उनके पीछे卐पीछे परिवार आगे बढ़ता है, गाँव आगे बढ़ता है और राष्ट विकास की ओर उन्मुख होता है।卐 महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के इन सबसे आम लेकिन बुनियादी अधिकारों को हर भारतीय महिला को जानना चाहिए। जो कानून जानता है उसे किसी हथियार की जरूरत नहीं है, कानून ही उसका हथियार है जो उसे सबसे शक्तिशाली व्यक्ति बनाता है। लैंगिक समानता का सिद्धांत भारतीय संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों और नीति निर्देशक सिद्धांतों में प्रतिपादित है। संविधान महिलाओं को न केवल समानता का दर्जा प्रदान करता है अपितु राज्य को महिलाओं के पक्ष में सकारात्मक भेदभाव के उपाय करने की शक्ति भी प्रदान करता है। इस अवसर पर स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि लड़कियों तथा महिलाओं की मानवीय अस्मिता से संगत छवि प्रस्तुत करने के लिए मीडिया का प्रयोग किया जाना चाहिए। यह नीति विशिष्ट रूप से महिलाओं की मर्यादा कम करने वाली, विकृत करने वाली तथा नकारात्मक परम्परागत रूढ़िबिद्ध छवियों और महिलाओं के विरूद्ध हिंसा को समाप्त करने के लिए प्रयास करेगी।

# नारी सशक्तिकरण की बातों से नारी सशक्त नहीं होगी

लखनऊ। स्त्रियों का विकास व उनका संरक्षण तभी सुनिश्चित हो पाएगा जब उन्हें शिक्षित समाज पर जोर दिया जाएगा। यह बातें एलयू मिशन सक्सेस शक्तिकरण प्रमुख प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने कही वह शुक्रवार को राष्ट्रीय महिला आयोग के तत्वाधान में लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की एडमिनिस्ट्रेटिव कमेटी द्वारा वुमन एंपावरमेंट अवैध अवेकिंग हर पर आयोजित यह पैनल डिस्कशन में मुख्य वक्ता रही कार्यक्रम में कमेटी के डायरेक्टर प्रोफेसर सतीश चंद ने कहा की विशेष रूप से सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिलाओं के लिए समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए निजी क्षेत्र मैं महिलाओं के लिए समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए निजी क्षेत्र के भागीदारों तथा मीडिया नेटवर्क को सभी स्तरों पर शामिल किया जाएगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत दारापुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांकः-मीमो/ग्रा0पं0/मनरेगा टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 23/04/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत दारापुर की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 24/04/2023 से दिनांक 30/04/2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 30/04/2023 सायं 4 बजे निर्माण समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मद | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0पा0 दारापुर में वाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य पार्ट-1 | मनरेगा | 3.95 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2 | प्रा0पा0 दारापुर में वाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य पार्ट-2 | मनरेगा | 3.99 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें**:- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

(शशी राठौर)
ग्राम प्रधान- दारापुर, राजेपुर

(राजीव सुमन)
सचिव-दारापुर, राजेपुर

# नगर निकाय चुनाव में विपक्ष का साफ होगा सूपड़ाः ब्रजेश पाठक

## सपा के पूर्व प्रदेश सचिव ने समर्थकों संग बीजेपी की सदस्यता

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



भारतीय जनता पार्टी के राज्य मुख्यालय पर आज डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के समक्ष सपा के पूर्व प्रदेश सचिव एवं प्रसपा के पूर्व प्रमुख प्रदेश महासचिव अजय त्रिपाठी मुन्ना ने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राम रामप्रताप सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सहप्रभारी हिमांशु दुबे ,महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में पार्टी मुख्यालय पर हुए सदस्यता ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी, व्यापारी नेताओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा गरीब कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यो का परिणाम है कि आज बड़ी संख्या में विभिन्न राजनैतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के लोग भाजपा से जुड़कर आम जनमानस के हित में कार्य करने का संकल्प ले रहें हैं। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव में पूरे प्रदेश में भाजपा के पक्ष में लहर चल रही है। लोकसभा, विधानसभा चुनाव के बाद नगर निकाय के चुनाव में भी जनता विपक्ष का सुपड़ा साफ कर देगी। हताश व निराश विपक्ष के नेता जमीन पर कहीं नजर नही आ रहे। उनका जनता के सुख-दुख से कोई सरोकार नही है, ऐसे में उनके कार्यकर्ताओं में भी मायूसी है। दूसरी तरफ भाजपा पूरे उत्साह और जनसमर्थन के साथ नगर निकाय के चुनाव में मैदान में डटी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी-योगी के कुशल नेतृत्व में नगर निकाय चुनाव में भी पार्टी को प्रचंड जीत मिलेगी। श्री पाठक ने आज पार्टी की सदयस्ता ग्रहण करने वालों का आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्रों में पार्टी को मजबूत करने का कार्य करते हुए नगर निकाय चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की जीत का मार्ग प्रशस्त करें। शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सपा के पूर्व प्रदेश सचिव एवं प्रसपा के पूर्व प्रमुख प्रदेश महासचिव अजय त्रिपाठी मुन्ना ने हजारों समर्थकों सहित भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य सुमन सिंह, बार एसोसिएशन उन्नाव के अध्यक्ष सतीश कुमार शुक्ला, भारतीय उद्योग किसान व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश गुप्ता, भारतीय उद्योग किसान व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय प्रभारी हाफिज जलील अहमद सिद्दीकी, भारतीय उद्योग किसान व्यापार मण्डल के प्रदेशउपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी ताज खान, भारतीय उद्योग किसान व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता, प्रसपा के पूर्व प्रदेश महासचिव राजेश शुक्ला, प्रसपा यूथ ब्रिगेड के पूर्व प्रमुख राष्ट्रीयमहासचिव शेर जंग सिंह यादव, समाजवादी पार्टी के पूर्व पार्षद, पूर्व प्रदेश महासचिव काशीराम रावत, प्रसपा के पूर्व पार्षद व पूर्व प्रमुख महासचिव अजय अवस्थी बन्टी, प्रसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला, प्रसपा लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश महासचिव सौरभ सिंह, प्रसपा के पूर्व प्रदेश सचिव शशिकान्त मिश्रा, प्रसपा के पूर्व प्रदेश सचिव व किसान यूनियन के मण्डल प्रभारी प्रशान्त मिश्रा, प्रसपा के पूर्व प्रदेश सचिव राम दवन पटवा, प्रसपा युवजन सभा के प्रदेश महासचिव विमल यादव, मोहान विधानसभा से पूर्व विधान प्रत्याशी नीतू कनौजिया, सपा संस्थापक सदस्य मनोज तिवारी सहित विभिन्न राजनैतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों से जुडे लोगों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# महिला पहलवानों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे एलयू के छात्र व आइसा कार्यकर्ता गिरफ्तार

## भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण के एफआईआर और बर्खास्तगी की मांग

समृद्धि न्यूज। लखनऊ




कई दिनों से महिला खिलाड़ी तीन महीने से जंतर मंतर दिल्ली में यौन उत्पीडन के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं। महिला खिलाडियों का आरोप है कि भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद ब्रज भूषण शरण सिंह ने महिला खिलाडियों के साथ यौन हिंसा की है। उनकी मांग है कि ब्रज भूषण शरण के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और उनको अध्यक्ष पद से बर्खास्त किया जाए।आज छात्रों के साथ आइसा ने लखनऊ विश्वविद्यालय में महिला पहलवानों के समर्थन में एकजुटता में प्रदर्शन करने के लिए एकत्रित हुआ लेकिन पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ अभद्रता की और उनको घसीटते हुए हिरासत में लिया। आइसा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष निखिल का कहना है कि सत्ता एवं ताकत में बैठे लोगो के ऊपर जब भी महिलाओं ने आवाज को बुलंद किया, महिलाओं की आवाजों को दबाने की कोशिश की है। महिला पहलवानों के साथ हुई यौन हिंसा और भाजपा सांसद ब्रज भूषण शरण के खिलाफ एफआईआर तक दर्ज न होना इसका उदाहरण है।आइसा की सुकीर्ति का कहना था कि सरकार एक तरफ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है और वहीं दूसरी तरफ यौन उत्पीडन करने वाले को संरक्षण देती है। हाथरस, उन्नाव में महिलाओं के साथ हुए यौन उत्पीडन के मामले में देखा कि सरकार और पुलिस प्रशासन किस तरह से बलात्कारियों को बचाने में लग गया था। आइसा मांग करता है कि भाजपा सांसद ब्रज भूषण शरण के खिलाफ तत्काल एफआई आर दर्ज की जाए और साथ ही उनको भारतीय कुश्ती संघ के अधक्ष पद से भी बर्खास्त किया जाए।

## खबरें एक नजर में

### ऋषि वाङ्मय की स्थापना ज्ञान यज्ञ युग धर्म हैः उमानंद शर्मा

लखनऊ। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''एम.डी.एम. एकेडमी, सेक्टर-एच, जानकीपुरम, लखनऊ'' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 387वाँ ऋषि वांड्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट की सक्रीय कार्यकर्त्री श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव ने अपने प्रिय जीवनसाथी स्व0 सुरेश कुमार श्रीवास्तव जी की स्मृति में तथा छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''ज्ञान यज्ञ युग धर्म है, जिसमें जीवन जागृत आत्मा को भाग लेना चाहिये'' इस अवसर पर संस्थान के प्रबन्धक शैलेश चौधरी तथा सुषमा श्रीवास्तव एवं ऊषा सिंह ने भी विचार रखे एवं प्रधानाचार्या श्रीमती नमिता गजूर कौल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, ऊषा सिंह, सावित्री शर्मा, सुषमा श्रीवास्वत, संस्थान के प्रबन्धक शैलेश चौधरी, संस्थान की प्रधानाचार्या श्रीमती नमिता गजूर कौल, विशाल श्रीवास्तव, वरिष्ठ अध्यापक, नितिका सिंह सहित छात्र-छात्रायें, शिक्षक-शिक्षिकायें मौजूद थे।

### सृष्टि अपार्टमेंट के कैंपस में कुत्तों ने बुजुर्ग को काटा

लखनऊ। लखनऊ में स्ट्रीट डॉग का आतंक कम नहीं हो रहा है। आज सुबह सृष्टि अपार्टमेंट में बुजुर्ग विनोद कुमार दीक्षित (78) पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। कुत्तों उनके पैर और हाथ को चबा गए। बताया जा रहा है कि वह सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। तभी आवारा कुत्ते किसी दूसरे व्यक्ति को घेरे थे। दूसरे व्यक्ति को बचाने के लिए वह अपनी छड़ी लेकर पहुंचे। जिसके बाद कुत्तों ने उनके ऊपर ही हमला कर दिया। जिससे वह जमीन पर गिर गए। और जोर-जोर से चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर आस-पास के लोग जुट गए। लोगों ने डंडा मारकर कुत्तों को जैसे-तैसे भगाया। जिसके बाद लोग नजदीकी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों की टीम ने उनका इलाज किया। स्थानीय लोगों ने बताया, पिछले एक साल में कई लोगों को कुत्ते काट चुके हैं। इसको लेकर नगर निगम और एलडीए दोनों जगह शिकायत दर्ज कराई गई। मगर, उसका कोई फायदा नहीं हुआ है। प्राधिकरण के जिम्मेदार अफसर ऐसी समस्या को नगर निगम की समस्या बता कर पल्ला झाड़ लेते हैं। सोसाइटी में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं इन आवारा कुत्तों का शिकार हो चुके हैं। शिकायत करने पर नगर निगम की टीम आकर नसबंदी कराने को ले जाती है। उसके बाद फिर उसी परिसर में छोड़ जाती है। सोसाइटी में रहने वाले लोगों को काफी नुकसान होता है। वहीं, सृष्टि अपार्टमेंट में घटना के बाद से लोगों में दहशत है। अपार्टमेंट में पहले भी इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं। करीब 1 महीने पहले सृष्टि अपार्टमेंट में 7 से ज्यादा कुत्तों ने लोगो पर हमला कर दिया। इस घटना में लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए है। आवारा कुत्ते के हमले के बाद से सोसाइटी में डर का माहौल बना हुआ है। लोगों का कहना है कि सोसाइटी में आवारा कुत्तों की संख्या बहुत ही ज्यादा बढ़ गई है। हमेशा डर लगा रहता है कि कहीं कोई कुत्ता हम पर हमला न कर दे। एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी का कहना है कि इसको लेकर नगर निगम से बात की जाएगी। जल्द ही एक बैठक कर कुत्तों के आंतक से लोगों को निजात दिलाई जाएगी।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर आदर्श व्यापार मंडल बाजारों में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

लखनऊ । नगर निकाय चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के बैनर तले राजधानी के व्यापारी राजधानी की विभिन्न बाजारों में मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। हजरतगंज में साहू सिनेमा पर व्यापारी एक होकर व्यापारी नेता संजय गुप्ता द्वारा व्यापारियों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा मताधिकार का प्रयोग सभी को करना चाहिए। मत के अधिकार के प्रयोग करने से ही सही प्रत्याशी का चुनाव हो सकता है। प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी एवं ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम ने मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम की जानकारी विस्तार से देते हुए बताया 2 मई तक प्रत्येक दिन संगठन के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न बाजारों में पद यात्रा निकालकर व्यापारियों एवं जनता को मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक किया जाएगा।

### नगर निगम के स्कूलों को बनाएंगे प्रदेश में नंबर वनः अंजू भट्ट

लखनऊ। आप मेयर प्रत्याशी अंजू भट्ट' का ताबड़तोड़ दौरा जारी है। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि हम भाजपा की तरह जुमला पार्टी नहीं है बल्कि अरविंद केजरीवाल नाम की गारंटी देते हैं। जो अपने वादों को वास्तविकता का रूप देना जानते हैं। हाउस टैक्स हाफ वाटर टैक्स माफ, मोहल्ला क्लीनिक, बेहतर चिकित्सा व्यवस्था, आवारा पशुओं से छुटकारा, साफसफाई, नगर निगम में संविदा कर्मियों की पक्की नौकरी के साथ-साथ अंजू भट्ट ने कहा अगर आप नगरीय निकाय चुनाव में विजयी होती है। तो हम नगर निगम के स्कूलों और अस्पतालों को प्रदेश में नंबर 1 बना कर दिखा देंगे। नगर निगम के स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए सुविधाओं में इजाफा किया जाएगा। नगर निगम के स्कूलों में कॉन्वेंट की तर्ज पर फर्नीचर, पंखे, डिजिटल शिक्षा और स्मार्ट क्लास की सुविधा प्रदान की जाएगी। दवाओं, डॉक्टर से अपॉइंटमेंट से लेकर ऑपरेशन तक की प्रक्रिया को आप बेहद आसान बना देगी ताकि किसी भी व्यक्ति को परेशानी का सामना न करना पड़े। अंजू भट्ट ने गुरुनानक वार्ड के प्रत्याशी संजय मिश्रा के साथ,पश्चिमी विधानसभा के वार्डों में, कपूरथला एवं टेढ़ी पुलिया पर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ चुनाव प्रचार किया।

# यूपी में माफिया मांग रहे जान की भीखः ब्रजेश

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज शुक्रवार को कुशीनगर के कसया में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए सरकार की उपलब्धियां और विकास की योजनाएं गिनाई। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार में माफिया गाड़ियों में बंदूक लेकर चलते थे। उनकी जगह अब जेल है। 25 हजार से अधिक मुकादमा दर्ज किये गये । योगीराज में माफिया गले में तख्ती लगाकर जान की भीख मांग रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार किरण जायसवाल को जिताने की अपील करते हुए कहा कि हर शहरी गरीब को पक्का मकान मोदी व योगी की सरकार ने दिया है। हर गरीब को शौचालय दिया है। माता-बहन व बुजुर्ग का सम्मान किया है। 2014 से लगातार मोदी व 2017 से योगी की सरकार चल रही है। सरकार ने घोटालों को समाप्त कर योजनाओं का सीधा लाभ जनता को देकर पं.दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार करने का कार्य किया है। निकायों में घर-घर जल पहुंच रहा है। पहले घर में बड़ी बीमारी पर गहना बिकता था, अब आयुष्मान भारत से 5 लाख की सहायता मिल रही है। 14 जिलों को छोड़ हर जिले में मेडिकल कालेज बन गया है। किसानों को सम्मान निधि देकर उनका सम्मान किया गया। जनधन खाते में 1000 रूपये भेजकर भुखमरी से मौत की घटनाओं को रोका गया। डिप्टी सीएम ने कहा, 2024 से पहले अयोध्या में मन्दिर बन जायेगा। अयोध्या में भव्य मंदिर इस सदी का अद्भुत काम है। अनुच्छेद-370 को हटाने का ऐतिहासिक कार्य कर सरकार ने अपना वादा पूरा किया। एक कतरा खून जम्मू में नही गिरा। भाजपा सरकार ने मुस्लिम महिलाओं के लिए चिंता की ट्रिपल तलाक कानून बनाकर उनको सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार दिया है।सभा को जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर मिश्र, जिला प्रभारी रमेश सिंह, विधायक पी एन पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्र आदि ने सम्बोधित किया।

# निकाय चुनाव में बीजेपी का मास्टर स्ट्रोक, मन की बात से जनता को बूस्टर डोज देगी बीजेपी

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपीसोड 30 अप्रैल को जारी किया जाएगा। इस बार बीजेपी इस कार्यक्रम को यूपी में 55 लाख लोगों तक पहुंचाने की तैयारी कर रही है। उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव की सरगर्मी अपने चरम पर है। पहले चरण के तहत चार मई को लखनऊ समेत कई जगहों पर मतदान होना है। इससे ठीक पहले कार्यकर्ताओं को बूस्टर डोज देने के लिए अब बीजेपी ने नई रणनीति अपनाई है। हालांकि बीजेपी का यह दावा है कि मन की बात का कार्यक्रम कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है लेकिन इस कार्यक्रम के पीछे का मकसद यही है कि निकाय चुनाव में उसे राजनीतिक लाभ मिल सके। पार्टी के पदाधिकारियों की माने तो चुनाव से ठीक पहले बीजेपी एक साथ 55 लाख लोगों तक पहुंचेगी। इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सहारा लिया जाएगा। पार्टी सभी 17 नगर निगमों के प्रत्येक बूथ पर कम से कम 100 लोगों की सभा आयोजित करेगी। नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत स्तर पर पार्टी क्रमशः दो और तीन बूथों को एक साथ जोड़कर इस कार्यक्रम को कराने की योजना चल रही है। यह कार्यक्रम देश में सर्वाधिक सुना जाने वाला कार्यक्रम है इसलिए पीएम की बातों को जन जन तक पहुंचाने की एक कोशिश की जा रही है। निकाय चुनाव के पहले चरण के चुनाव चार मई को होने हैं। यह निकाय चुनाव के लिए पार्टी के अभियान के लिए एक बूस्टर खुराक है। पार्टी लोगों तक पहुंचेगी और मन की बात कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से भी सुनने के लिए प्रेरित करेगी। हालांकि बीजेपी अपनी रणनीति के माध्यम से अपने राजनीतिक विरोधियों मुख्य रूप से सपा को स्थानीय चुनावों में काउंटर करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। बीजेपी सिर्फ निकाय चुनाव पर ही अपना फोकस नहीं कर रही है बल्कि उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव को सेमीफाइनल मांगकर चुनावी तैयारियों में जुटी का मेन टारगेट 2024 में होने वाला आम चुनाव है। बीजेपी अब हिन्दी पट्टी में मुस्लिम कनेक्ट की कवायद में जुटी हुई है। एक तरफ बीजेपी का सबका साथ सबका विकास का नारा है तो दूसरी ओर अब बीजेपी यूपी में पीएम मोदी के मन बी बात की एक लाख उर्दू प्रतियां इस समुदाय में बांटने का काम करेगी। बीजेपी की इस रणनीति के केंद्र में खासतौर से वो 14 लोकसभा सीटें हैं जो बीजेपी पिछली बार हार गई थी। हालांकि विपक्ष अब मुस्लिम समुदाय को खुश करने के लिए सरकार पर निशाना साध रहा है।विपक्ष का आरोप है कि भाजपा की विचारधारा पिछड़े समुदाय और मुस्लिम विरोधी है। पीएम मोदी की सोच भी यही है। आज तक कोई पूर्णकालिक केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री नहीं है। पार्टी ने धर्म के आधार पर भेदभाव किया और बुलडोजर कार्रवाई केवल यूपी में दलितों और मुसलमानों पर की गई।

# प्रधानमंत्री ने किया एफएम ट्रांसमीटर का वर्चुअल उद्घाटन

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह तकरीबन 10.30 बजे 100 वाट के 91 एफएम ट्रांसमीटर देश को समर्पितकिया। यूपी के औरैया, फतेहपुर, ललितपुर, चित्रकूट, देवरिया व सिद्धार्थनगर में आज से एफएम प्रसारण सेवा प्रारंभ हुई। ट्रांसमीटर लगने से लोग अब एफएम रेडियो का आंनद उठा सकते है। देश की चयनित 91 शहरों की सूची में औरैया सहित यूपी के 6 जनपदों को चयनित किया गया है, सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक लोगों को एफएम का आनंद मिलेगा। एफएम सेवा से लोगों को मनोरंजन, समाचार, रोजगार सूचनाओं का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा एफएम ट्रांसमीटर के वर्चुअल उद्घाटन के दौरान राज्यमंत्री अजीत पाल ,सांसद राम शंकर कठेरिया ,डीएम औरैया पीसी श्रीवास्तव व शहर के गणमान्य मौजूद रहे है।पीएमओ के मुताबिक, जिन राज्यों को फायदा मिलेगा उनमें बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल,असम, मेघालय,नागालैंड, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, लद्दाख और अंडमान निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं।पीएमओ ने आगे कहा, आकाशवाणी की एफएम सेवा के इस विस्तार के साथ अतिरिक्त 2 करोड़ लोग, जिनके पास माध्यम तक पहुंच नहीं थी, अब कवर किए जाएंगे। परिणामस्वरूप 35,000 वर्ग किमी क्षेत्र में कवरेज का विस्तार होगा।



.जुबली कालेज में निकाय चुनाव के लिए मतदान कराने के लिए शपथ लेते विद्यार्थी

# लखनऊ विश्वविद्यालय मे महिला अधिकार को लेकर अवेकनिंग-हर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**लखनऊ।** राष्ट्रीय महिला आयोग के तत्वावधान में लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की एडमिनिस्ट्रेटिव कमेटी द्वारा महिला सशक्तिकरण को समर्पित कॉन्फ्रेंस सह पैनल डिस्कशन अवेकनिंग-हर का आयोजन किया गया। इस पैनल डिस्कशन में महिलाओं एवं बच्चियों के आवश्यक अधिकारों से उन्हें परिचित कराने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय मिशन शक्ति प्रमुख प्रो. मधुरिमा लाल इंस्टिट्यूट फॉर विमेन स्टडीज की प्रमुख मानिनी श्रीवास्तव, एनजीओ ष्एक कोशिश ऐसे भी कीष् संस्थापक वर्षा वर्मा, मद्रास इंस्टीट्यूट डेवलपमेंट स्टडीज से प्रो. अनंत गिरी उपस्थित रहे। प्रो. मधुरिमा ने कहा कि स्त्रियों का विकास एवं उनका संरक्षण तभी सुनिश्चित हो पाएगा। जब उन्हें शिक्षित बनाने पर जोर दिया जाएगा,केवल नारी सशक्तिकरण पर बातें कहने से नारी सशक्त नहीं हो जाएंगी, स्त्रियों हेतु विनम्रता उनका आभूषण है। जिसे धारण करना उनका कर्तव्य हैष्, डॉ. मानिनी ने कहा कि नारी अधिकारों पर होने वाला विमर्श तभी सार्थक होगा जब उनसे महिलाओं को वास्तविक लाभ होता दिखेगा। अपने एनजीओ के माध्यम से छात्राओं को आत्मरक्षण का प्रशिक्षण दे रही वर्षा वर्मा ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया एवं छात्रों से विभिन्न पहलुओं पर उनके प्रश्नों का जवाब देते हुए चर्चा भी की। इस अवसर पर बोलते हुए अधिष्ठाता विधि संकाय प्रो. (डॉ.) बंशीधर सिंह ने कहा कि लोगों को जगाने के लिये महिलाओं का जागृत होना जरुरी है, एक बार जब वो अपना कदम उठा लेती है। तो उनके पीछेदृपीछे परिवार आगे बढ़ता है, गाँव आगे बढ़ता है और राष्ट्र विकास की ओर उन्मुख होता है।卐 महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के इन सबसे आम लेकिन बुनियादी अधिकारों को हर भारतीय महिला को जानना चाहिए। लैंगिक समानता का सिद्धांत भारतीय संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों और नीति निर्देशक सिद्धांतों में प्रतिपादित है। संविधान महिलाओं को न केवल समानता का दर्जा प्रदान करता है अपितु राज्य को महिलाओं के पक्ष में सकारात्मक भेदभाव के उपाय करने की शक्ष्ति भी प्रदान करता है। इस अवसर पर स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि लड़कियों तथा महिलाओं की मानवीय अस्मिता से संगत छवि प्रस्ष्तुत करने के लिए मीडिया का प्रयोग किया जाना चाहिए। विशेष रूप से सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में महिलाओं के लिए समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए निजी क्षेत्र के भागीदारों तथा मीडिया नेटवर्क को सभी स्ष्तरों पर शामिल किया जाए। लैंगिक रूढ़िबद्धता को दूर करने तथा महिलाओं और पुरूषों के सन्ष्तुलित चित्रांकन को बढ़ावा देने के लिए मीडिया को आचार संहिता, व्ष्यावसायिक दिशानिर्देशों तथा अन्य स्व-विनियामक तंत्र विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इस अवसर पर प्रो. राकेश कुमार सिंह, कमेटी के डायरेक्टर प्रो. सतीश चंद्र, प्रो. आनंद विश्वकर्मा डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. राजीव राठी, कमेटी के कन्वीनर रितिक पांडे और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# यूपी सरकार ने की 90 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में किसानों को राहत देने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने हाल ही में खाद्य एवं रसद विभाग के आला अधिकारियों के साथ बैठक में गेहूं की खरीद को लेकर समीक्षा बैठक की और इसकी समुचित व्यवस्था करते हुए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम ने कहा कि प्रदेश में 2 हजार 978 गेहूं क्रय केंद्रों के माध्यम से 19 हजार 209 किसानों से अब तक 89972.77 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की गई इस खरीद के माध्यम से लगभग 129.04 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। पिछले साल प्रदेश में 2890 क्रय केंद्रों पर 19694 किसानों से 83485.47 मीट्रिक टन की खरीद हुई थी। उन्होंने गेहूं खरीद की व्यवस्था पर कहा कि जनपदों में संचालित समस्त क्रय केन्द्रों पर किसानों से गेहूं खरीद सुनिश्चित करायी जाये। किसानों के पंजीकरण एवं सत्यापन में प्रगति लाई जाये। पंचायती राज्य विभाग के जिला पंचायत राज्य अधिकारी को निर्देशित कर ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधानों का सहयोग प्राप्त कर गेहूं खरीद करायी जाये। जिलाधिकारी अपने स्तर से संचालित क्रय केन्द्रों की समीक्षा कर, जहां गेहूं की आवक नहीं हो रही है, उन क्रय केन्द्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ गेहूं की अच्छी आवक है, वहां संचालित कराया जाये। मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से भी गेहूं की खरीद में प्रगति लायी जाये तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद पर प्रदेश सरकार का ही नहीं बल्कि केंद्र सरकार का भी विशेष ध्यान है। गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए केंद्र सरकार ने बीते 24 अप्रैल को आदेश जारी किया था, जिसमें कहा गया कि प्रदेश में पंचायतों और आढ़तियों के माध्यम से भी गेहूं खरीदा जाए। आरएमएस के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों और आढ़तियों के माध्यम से एफए.क्यू. गेहूं खरीद पर अन्य समितियों की भांति उन्हें नियमानुसार 27 रुपये प्रति कुंतल कमीशन देय होगा।

# सीडीओ का निर्देश जांच अधिकारियों के सामने बेअसर

## प्रकरण में अभी तक कादीपुर व करुआ दोनों ग्राम पंचायतों में नहीं हुई स्थलीय व अभिलेखीय जांच और न ही भेजी गई रिपोर्ट

**कर्नलगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

तहसील क्षेत्र के नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के सीमा विस्तार के लिए ग्राम पंचायत कादीपुर तथा करुआ से ली गई गाटा संख्या व जनसंख्या के संबंध में भिन्न -भिन्न प्रारूप पर स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा उच्चधिकारियों के समक्ष भिन्न -भिन्न भ्रामक आख्या प्रस्तुत कर ग्राम पंचायत कादीपुर व करुआ को अस्तित्व में होते हुये भी अस्तित्व विहीन करके दूसरे ग्राम पंचायत में जोड़ने की कार्रवाई शुरू किए जाने के संबंध में प्रभावित ग्रामों के प्रधान की शिकायत पर प्रकरण की जांच के लिए अधिकारियों की गठित की गई तीन सदस्यीय जांच टीम द्वारा कादीपुर एवं करुआ में दोनों ग्रामपंचायतों में स्थलीय जांच एवं अभिलेखीय निरीक्षण नहीं किया गया है और ना ही रिपोर्ट भेजी गई है।

सीडीओ गोंडा अरुन्मौली ने जिलाधिकारी गोंडा, उपजिलाधिकारी कर्नलगंज, जिला पंचायत राज अधिकारी गोंडा व खंड विकास अधिकारी कर्नलगंज को पत्र भेजकर अवगत कराया था कि विकास खंड कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत कादीपुर के ग्राम प्रधान जयप्रकाश सिंह एवं करुआ की ग्राम प्रधान गुड़िया गोस्वामी ने जिलाधिकारी गोंडा को प्रार्थना पत्र दिया है,जिसमें कहा गया है कि नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के सीमा विस्तार के लिए ग्राम पंचायत कादीपुर तथा करुआ से ली गई गाटा संख्या व जनसंख्या के संबंध में भिन्न -भिन्न प्रारूप पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा उच्चधिकारियों के समक्ष भिन्न -भिन्न भ्रामक आख्या प्रस्तुत की गई है। जिससे ग्राम पंचायत कादीपुर व करुआ को अस्तित्व में होते हुये भी अस्तित्व विहीन करके दूसरे ग्राम पंचायत में जोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिसका संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी ने जांच कराकर प्रकरण को निस्तारित करने का निर्देश दिया है। जिसके क्रम में प्रकरण की जांच के लिए अधिकारियों की तीन सदस्यीय टीम गठित की गई थी,जिसमें जिला विकास अधिकारी गोंडा, खंड विकास अधिकारी नवाबगंज के साथ सहायक विकास अधिकारी वजीरगंज शामिल थे। सीडीओ द्वारा जांच टीम को प्रकरण का स्थलीय व अभिलेखीय सत्यापन कर अपनी संयुक्त आख्या स्पष्ट मंतव्य सहित अविलम्ब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। जिसमें अभी तक जांच टीम द्वारा कादीपुर एवं करुआ में दोनों ग्रामपंचायतों में स्थलीय जांच एवं अभिलेखीय निरीक्षण नहीं किया गया है और जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों की गर्दन फंसते देख उन्हें बचाने का प्रयास करते हुए मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के परिसीमन में राजनीतिक दबाव में स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियों,कर्मचारियों द्वारा सभी नियम कायदे को दरकिनार कर अंतिम अधिसूचना जारी होने के बाद भी अलग अलग दिनांकों को भ्रामक एवं झूंठी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर एक सोची समझी साज़िश के तहत ग्रामपंचायतों का अस्तित्व समाप्त करने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया है जिसकी यदि गहन तथ्यात्मक अभिलेखीय जांच व सत्यापन कराया जाय तो अधिकारियों और नेताओं की गठजोड़ और गंभीर कारनामे का खुलासा हो सकता है।

# हत्या के 2 आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



विगत दिनांक 25.04.2023 को थाना धानेपुर क्षेत्र के अन्तर्गत एक युवक (सद्दाम) की चाकू से गोद कर हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज द्वारा तत्काल डॉग स्क्वायड व फारेंसिक टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया गया था। मृतक के पिता इदरीश पुत्र इसमाइल नि0 चैनवापुर मौजा बछईपुर थाना धानेपुर की तहरीर पर थाना धानेपुर में सम्बन्धित धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर द्वारा घटना को संज्ञान में लेकर आरोपी अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश थानाध्यक्ष धानेपुर को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना धानेपुर पुलिस द्वारा विवेचना के क्रम में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना कारित करने वाले 02 आरोपी अभियुक्तो-01. सनवर उर्फ सनउव्वर, 02. चंदा बानो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे आलाकत्ल 01 अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त सनवर द्वारा बताया गया कि मेरी मां व मृतक सद्दाम के बीच अवैध सम्बन्ध था। जिसकारण उसके दोस्त उसकी हंसी-मजाक उड़ाया करते थें। इसी बात से झुब्ध होकर मैने अपनी मां के ऊपर अपनी बहन को मारने का दबाव बनाया था। जिसकारण मेरी मां सद्दाम को मारने हेतु मान गयी थी। दिनांक 25.04.2023 की रात मृतक सद्दाम को मेरी मां ने खेत में बुलाया था जहां पर मैने सद्दाम के ऊपर चाकू से वार कर हत्या कर दी थी। अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना धानेपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना धानेपुर में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

# सीता देवी स्मारक इंटर कॉलेज के छात्रों ने बढ़ाया मान

- शिक्षकों और परिजनों ने दी स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**



बोर्ड परीक्षा में क्षेत्र के एकमात्र इंग्लिश मीडियम स्कूल सीता देवी स्मारक इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में सचिन वर्मा 90.85 प्रतिशत, आशिका पांडेय 88.85 प्रतिशत, आदर्श यादव व गजेंद्र सिंह ने 88त्र अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया, यहा नहीं सभी छात्र शत प्रतिशत सफ़ल हुए जिसमें हिमांशु पांडे 81.83 प्रतिशत, अंशुमान पांडे 81.5 प्रतिशत, सहित आशीष, विशाल, देव मणि, दानिश, मुस्कान, ने भी 70 प्रतिशत से ऊपर अंक पाकर विद्यालय का मान बढ़ाया। इनकी सफ़लता पर विद्यालय के प्रबंधक नीलम दूबे, आर यू डी के प्रबंधक ओमप्रकाश दूबे विद्यालय की प्रधानाचार्य स्मिता सिंह, शुभम दूबे, कुलदीप पांडे, अशोक शुक्ला, रानी जैसवाल रश्मि मिश्रा, सुनीता माधुरी, रिकी, कविता ,राधा, राज त्रिपाठी, अविनाश, शैलेष श्री वास्तव, राजेंद्र कुमार जैन, सहित सभी शिक्षकों ने बच्चो को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की। श्री दूबे ने बच्चो के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अगर हमारी दृढ इच्छा शक्ति मजबूत हो तो हमें सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।

# जिले के चार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को मिला कायाकल्प पुरस्कार

- जन स्वास्थ्य सुविधाओं, साफ-सफाई व प्रबंधन व्यवस्था आदि पर आधारित मानक स्कोर तय करती है केंद्र सरकार
- आकलन में सीएचसी करनैलगंज, परसपुर, पण्डरी कृपाल तथा वजीरगंज हुए पास, जारी हुआ एक-एक लाख रुपए का प्रोत्साहन पुरस्कार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



केंद्र सरकार की ओर से कायाकल्प पुरस्कार 2022-23 के लिए प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की सूची जारी की गयी है। इस सूची में जिले के चार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का भी नाम शामिल है। पुरस्कृत होने वाली स्वास्थ्य इकाईयों में सीएचसी करनैलगंज, परसपुर, पण्डरी कृपाल तथा वजीरगंज को चयनित किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा ने बताया कि कायाकल्प स्कोर के आधार पर चिकित्सा इकाईयों को सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि आवंटित की गयी है। सीएमओ ने बताया कि कायाकल्प अवार्ड योजना के तहत इस बार जिले के छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का मूल्यांकन किया गया था। मूल्यांकन में चार केन्द्रों को 70 फीसदी व उससे अधिक अंक प्राप्त हुए हैं। इनमें सीएचसी करनैलगंज का कायाकल्प स्कोर 79.43, सीएचसी परसपुर का कायाकल्प स्कोर 75.29, सीएचसी पण्डरी कृपाल का कायाकल्प स्कोर 71.14 व सीएचसी वजीरगंज का कायाकल्प स्कोर 70.00 है। इन सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को एक-एक लाख रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई है। उन्होंने बताया जिन स्वास्थ्य इकाइयों को यह पुरस्कार मिला है, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं और आगे इससे बेहतर रैंक पाने के लिए प्रयासरत रहें तथा जिन स्वास्थ्य इकाइयों को यह पुरस्कार नहीं मिला है, वह कमियों को पूरा कर अगली बार रैंक पाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। सीएमओ ने बताया कि 70 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने में संबंधित इकाई के अधीक्षक, वहां की टीम, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधन इकाई और जिला क्वालिटी एश्योरेंस सेल के सम्मलित प्रयासों से यह सफलता हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुल 327 सीएचसी ऐसे हैं, जिन्होंने 70 फीसदी से अधिक अंक हासिल कर यह पुरस्कार प्राप्त किया है। संबंधित जिलों को मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की ओर से पत्र भेजकर पुरस्कार की सूचना दी गई है। क्वालिटी एश्योरेंस के नोडल व एसीएमओ डॉ जय गोविन्द ने बताया कि पुरस्कृत चिकित्सा इकाईयों को नियमानुसार प्राप्त धनराशि का 75 प्रतिशत अस्पताल में चिन्हित कमियों को पूरा कर स्वास्थ्य सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण करने तथा उपकरणों के रख-रखाव व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने में खर्च की जाएगी। राशि का 25 प्रतिशत अधिकारियों व कर्मचारियों के उत्साहवर्धन पर खर्च किया जाएगा।

### इस आधार पर होता है मूल्यांकन

क्वालिटी एश्योरेंस के डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट डॉ सुशील कुमार ने बताया कि कायाकल्प अवार्ड के लिए अस्पताल का चयन वहां के रख-रखाव, स्वच्छता व साफ-सफाई, बॉयोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, इंफेक्शन कंट्रोल प्रैक्टिसेज, हाइजीन प्रमोशन व मरीजों के फीडबैक के मूल्यांकन पर तीन चरणों (इन्टर्नल, पीयर एवं एक्सटर्नल) में किया जाता है।

## खबरें एक नजर में

### अनियंत्रित वाहन के चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के बकठोरवा चौराहे के समीप गोंडा बलरामपुर मार्ग पर अनियंत्रित वाहन के चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही हादसे को अंजाम देने के बाद वाहन चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मिली जानकारी के मुताबिक धनोहरी गांव निवासी मुस्ताक बृहस्पतिवार की देर रात गोंडा से वापस अपने घर आ रहा था। रास्ते में बकठोरवा बाजार के समीप बलरामपुर की तरफ से आ रही अनियंत्रित कार ने मोटर साइकिल को ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार मुस्ताक गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जब तक आसपास के लोग मौके पर पहुंचते,चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। घटना की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया और स्वजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संतोष सरोज ने बताया कि मृतक के भतीजे अफसर अली की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा के बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**मनकापुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम के बच्चों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर के डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बच्चों का वजन और लंबाई का मापन किया गया। त्वरित निदान वाले बच्चों को डॉ द्वारा द्वारा दवाइयां दी गई। सोलह बच्चों को नेत्र परीक्षण, चश्मा बनवाने व अन्य जटिल समस्याओं के समाधान हेतु शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुलाया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में ऐसा देखा गया कि ज्यादातर बच्चे एनैमिक थे। जिन्हें आयरन की गोली फोलिक एसिड उपलब्ध कराया गया। साथ ही संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई। डॉ कसौधन ने बच्चों से मुखातिब होते हुए स्वस्थ कैसे रहा जाए के गुर बताए। टीम में सहायक के रूप में रेनू देवी, वन्दना पांडेय व सियाराम ने अपने उत्तरदायित्व का बखूबी निर्वहन किया। बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने हेतु शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया, राम अनुज, शताब्दी वर्मा, सुरेश कुमार, अनुराधा मिश्रा, अमर ज्योति शर्मा व चित्रावती मौर्य द्वारा पूरी टीम का आभार व्यक्त किया गया।

### घरेलू विवाद को लेकर भतीजे ने चाचा को पीटा, मुकदमा दर्ज

**परसपुर/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र परसपुर अन्तर्गत ग्राम सकरौर चौबेपुरवा निवासी विमल तिवारी पुत्र दीनानाथ ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसके भतीजे ने घरेलू विवाद को लेकर गाली गलौज देते हुये मुक्का थप्पड़ एवं डण्डा से मारने लगे। हल्ला गुहार करने पर विपक्षीगण पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सकरौर चौबेपुरवा निवासी राज तिवारी एवं दित्यास तिवारी पुत्रगण कमल तिवारी के विरुद्ध धारा 323/504/506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रणविजय सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर उसी के गांव निवासी दो व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की जाँच की जा रही है।

# जेल का बंदी निकला कोरोना पॉजिटिव, मचा हड़कंप

- बैरक के 10 अन्य बंदियों की हुई जांच, बंदी को मिली जमानत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिला कारागार बहराइच में श्रावस्ती जनपद से एक वारंटी जेल लाया गया। बंदी को जेल भेजने के बाद कोरोना जांच करवाई गई तो वह पॉजिटिव निकला। इस पर जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। जेल प्रशासन ने बैरक के 10 अन्य बंदियों की जांच कराई गई। हालांकि बंदी को एक दिन बाद जमानत भी मिल गई। डीआईजी देवी पाटन मंडल की ओर से श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर और गोंडा जनपद की ओर से अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। उसी के तहत श्रावस्ती जनपद के इकौना थाना क्षेत्र के पंडितपुरवा गांव निवासी एक वारंटी को पुलिस ने पकड़ा। इसके बाद पुलिस उसे बहराइच जिला कारागार 25 अप्रैल को लेकर आई। 26 अप्रैल को बंदी की कोरोना जांच जेल प्रशासन द्वारा कराया गया। जिसमें बंदी कोरोना पॉजिटिव आ गया है। हालांकि बंदी को जमानत मिल गई। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि जो बंदी पॉजिटिव आया था। वह वारंटी था, उसे 26 को जमानत मिल गई थी। जबकि रिपोर्ट पॉजिटिव गुरुवार को आई है। उन्होंने बताया कि जिस बैरक में बंदी बंद था, उसके बैरक और आसपास के 10 बंदियों की एंटीजन जांच करवाई गई है।

### पेड़ से लटकता मिला अज्ञात युवक का शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद के हुसैनीपुरवा गांव में यूकेलिपटिस के पेड़ पर ऊंचाई में एक अज्ञात युवक का शव शुक्रवार सुबह लोगों ने लटकता देखा। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के ग्राम हुसैनीपुरवा में शुक्रवार सुबह लोग खेत की ओर जा रहे थे। तभी कुछ लोगों ने देखा कि यूके लिप्टिस के पेड़ पर उंचाई से युवक का शव लटका देखा। इस पर लोगों में हड़कंप मच गया। शव पेड़ पर सहारे में लटका हुआ था। लोगों ने शव मिलने की सूचना कोतवाली में दी। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। आसपास के लोगों से पहचान करवाई, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। गांव के लोग मौत को संदिग्ध मान रहे हैं। कोतवाल ने बताया कि फोरेंसिक टीम द्वारा जांच कराई जा रही है। अभी मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच है।

# महिला कोटेदार पर तेंदुए ने किया हमला

- आंख को नोच डाला, मुंह-सिर और कमर भी जख्मी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



कतर्नियाघाट में तेंदुए के हमले में एक महिला कोटेदार बुरी तरह से घायल हो गई है। गांव में नहर किनारे बकरी चरा रही महिला कोटेदार पर पहले से घात लगाए बैठे तेंदुए ने हमला कर दिया। शोरगुल सुनकर आसपास काम कर रहे लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। लोगों ने जब हांका लगाया तो तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया है।बहराइच के तहसील मिहींपुरवा अंतर्गत थाना सुजौली क्षेत्र में ग्रामसभा चहलवा के कुरकुरी कुआं गांव में गांव की महिला कोटेदार पुष्पा 35 पत्नी कन्हैया पर तेंदुए ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शुक्रवार की दोपहर 12 बजे गांव में ही सरयू नहर के किनारे खाली पड़े मैदान में महिला कोटेदार अपनी बकरियों को चरा रही थी। तभी जंगल की तरफ से आए तेंदुए ने उनपर हमला कर दिया।दिनदहाड़े तेंदुए को गांव में घुसकर महिला पर हमला करता देख लोग हांका लगाते हुए दौड़ पड़े। तब तक तेंदुआ महिला को घायल करके जंगल की ओर भाग गया। हमले में महिला के मुंह, सिर और कमर पर गंभीर जख्म आए हैं। जानकारी के मुताबिक, कोटेदार महिला की आंख को तेंदुए ने नोच लिया है।दिनदहाड़े हुए तेंदुए के इस हमले से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गांव व आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल है। लोग सहमे हुए हैं। ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी है। वहीं घायल कोटेदार को इलाज के लिए पीएचसी से ले जाया गया है।

# भारतीय जनता पार्टी ने शहर में निकाली विकास जनरथ यात्रा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- 2014 के पहले वाला बहराइच देख लें और फिर आज का आप को फर्क साफ साफ दिखाई देगा : अनुपमा

नगर निकाय चुनाव के निमित्त बहराइच नगर में विकास जनरथ यात्रा निकाली गई जिसमें युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली के साथ बढ़-चढ़कर भागीदारी की। पूर्व मंत्री सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने पूरी यात्रा में बाइक पर सवार होकर यात्रा की अगुवाई कर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। यह यात्रा भाजपा जिला कार्यालय से प्रारम्भ होकर सरस्वती नगर, बनजारी मोड, डीएम तिराहा, पीपल चौराहा, घंटाघर, छोटी बाजार, अस्पताल चौराहा, डिगिहा तिराहा होते हुए छावनी चौराहे पर समाप्त हूई। घन्टाघर पर यात्रा जनसभा के रूप में परिवर्तित हो गई जिसे सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने सम्बोधित किया। अनुपमा जायसवाल ने कहा कि आप लोग 2014 के पहले वाला बहराइच देख लें और फिर आज का आप को फर्क साफ साफ दिखाई देगा। अब आपको संगठित होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करना है। आपके एक मत से बहराइच नगर में भाजपा की सरकार बनेगी जिससे पूरे शहर का विकास होगा। उन्होंने कहा कि आप सभी एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सुधा टेकड़ीवाल को विजय दिलाएं और भाजपा के हाथों को मजबूत करें।सदर विधायक ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार है, राज्य में भाजपा की सरकार है सदर में आपका विधायक है लेकिन नगर का वास्तविक विकास तभी संभव होगा जब नगर पालिका में आपका अपना चेयरमैन होगा। सदर विधायक ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी से निवेदन है कि 4 मई को सपरिवार घर से बाहर निकलकर अपने बूथ पर जाकर सत प्रतिशत मतदान करवाएं और भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सुधा टेकड़ीवाल को अपना चेयरमैन बनाएं। विकास जनरथ यात्रा में भाजपा प्रत्याशी सुधा टेकड़ीवाल के साथ एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी,भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, नन्हे लाल लोधी,मनीष आर्य, जिला मंत्री सुनील श्रीवास्तव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र मिश्रा, सतीश सिंह, नगर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह अज्जू सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह यात्रा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह जीतू के संयोजन में संपन्न हुई।

# पीएम और सीएम के विरुद्ध बोलने वाला देश के खिलाफ बोलता है : संजय निषाद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद गुरुवार को जिले के दौरे पर रहे। प्रेस वार्ता के दौरान संजय निषाद ने कांग्रेस के साथ सपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर की गई टिप्पणी का जनता जवाब देगी। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद गुरुवार शाम को जिला मुख्यालय पहुंचे। जिले के पयागपुर में उन्होंने क्षेत्र की जनता से मुलाकात की। इसके बाद वह नौ बजे जिला मुख्यालय पहुंचे। प्रेस वार्ता के दौरान संजय निषाद ने कांग्रेस पार्टी के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर की गई टिप्पणी को गलत बताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ऐसे ही बयानों से मिटती जा रही है। क्योंकि प्रधानमंत्री के खिलाफ बोलना देश के खिलाफ बोलना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसे ही बयानों से गर्त में चली गई है। अब बुझने से पहले और फड़फड़ा रही है। जिले के प्रभारी मंत्री ने रामायण की चौपाई का हवाला देते हुए सपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जैसे इनके कार्यकाल में होता था, वैसे ही सोंचते हैं। लेकिन नगर निकाय चुनाव जनता का है, जनता हमारे साथ है। इस दौरान भाजपा सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, नानपारा विधायक राम निवास वर्मा, मंत्री पीआरओ समेत अन्य शामिल रहे।

# डीएम व एसपी के हाथों सम्मानित हुए जिले के मेधावी छात्र-छात्राएं

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित परिषदीय परीक्षा 2023 में उत्तीर्ण जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं का कलेक्ट्रेट सभागार में अलंकरण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के साथ हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले हाईस्कूल के 11 तथा इण्टरमीडिएट के 09 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र, मेडल, समान्य ज्ञान पुस्तिका व पेन तथा व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा प्रत्येक मेधावी छात्र-छात्राओं को उपहार स्वरूप फ्लास्क बाटल भेंट की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प के अनुसार प्रदेश में शुचिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई नकलविहीन परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जा रहा है। मेधावी छात्र-छात्राओं ने कठिन परिश्रम से बोर्ड परीक्षा को उल्लेखनीय अंकों के साथ उत्तीर्ण कर परिवार व जिले का नाम रोशन किया है। डीएम ने छात्र-छात्राओं को आहवान किया कि इसी प्रकार कठिन परिश्रम कर आगे आने वाली परीक्षाओं में अच्छा मुकाम हासिल कर देश, प्रदेश व जिले का नाम ऊंचा करें। डॉ. चन्द्र ने बच्चों को नसीहत की आप चाहे जिस भी पद पहुंचे, गरीबों और ज़रूरतमन्दों की मदद करना ही आपका संकल्प होना चाहिए। डीएम ने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ पौष्टिक खुराक, योगा को अपना खुद को स्वस्थ रखने के लिए भी प्रेरित किया। डीएम ने सभी सफल बच्चों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए अपनी वाणी को विराम दिया। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ उनके गुरूजन व अभिभावकों को बधाई देते हुए कभी भी कठिन परिश्रम से मुंह न मोड़ने की सीख देते हुए कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति व कठिन परिश्रम के सहारे कोई भी समाज मे मनचाहा मुकाम हासिल कर सकता है। श्री वर्मा ने अभिभावकों को सुझाव दिया कि बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दें। जिला विद्यालय निरीक्षक जय प्रकाश सिंह ने भी सफल बच्चों को बधाई देते हुए बहुमूल्य सुझाव भी दिये।

# डीएम के निर्देशन में सीएमओ की मुहिम लाई रंग

- पांच साल में पहली बार जिले का महिला-पुरुष नसबंदी का लक्ष्य हुआ पूरा

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



एचएमआईएस 2022-23 के आंकड़ों के अनुसार जनपद में न सिर्फ महिला नसबंदी का आंकड़ा अपेक्षित लक्ष्य को पार कर गया बल्कि पुरुष नसबंदी को लेकर भी जागरूकता बढ़ी और पिछले पांच सालों का रिकार्ड टूट गया। महिला व पुरुष नसबंदी में सौ फीसदी लक्ष्य हांसिल करने के लिए जिलाधिकारी ने अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के साथ सीएमओ डॉ सतीश कुमार सिंह को भी बधाई दी है। स्वास्थ्य सेवाओं को सही मायने में धरातल पर उतारने के लिए जनपद में कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत जिलाधिकारी के निर्देशन में सीएमओ ने नसबंदी शिविर के आयोजन की समीक्षा की और कम प्रदर्शन करने वाले सीएचसी अधीक्षकों को बेहतर परिणाम के लिए प्रेरित किया। नतीजन सभी ब्लाकों में नसबंदी शिविर का आयोजन हुआ और कुछ ब्लाकों से अतरिक्त 27 शिविर की मांग हुई। इसमें 632 महिला व 08 पुरुषों को नसबंदी की सेवा दी गयी। जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ यूपी टीएसयू के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में महिला व पुरुष नसबंदी का लक्ष्य क्रमशः 4020 व 44 रखा गया था। जिसके सापेक्ष 4396 महिला नसबंदी व 44 पुरुष नसबंदी की सेवा देकर जनपद ने सौ फीसदी लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जबकि वित्तीय वर्ष 2021-22 में महिला व पुरुष नसबंदी लक्ष्य के सापेक्ष क्रमशः 98 व 75 फीसदी ही था।

### जनपद की हकीकत

वित्तीय वर्ष 2018- 2019 – महिला नसबंदी – 3356 – पुरुष नसबंदी – 39
वित्तीय वर्ष 2019-2020 – महिला नसबंदी –3560 – पुरुष नसबंदी – 41
वित्तीय वर्ष 2020-2021 – महिला नसबंदी –4102 – पुरुष नसबंदी – 35
वित्तीय वर्ष 2021-2022 – महिला नसबंदी –4032 – पुरुष नसबंदी – 33
वित्तीय वर्ष 2022-2023 – महिला नसबंदी – 4396 – पुरुष नसबंदी – 44

### महिला से आसान है पुरुष नसबंदी

पुरुष नसबंदी विशेषज्ञ व सर्जन डॉ अनिल के अनुसार नसबंदी अपनाने की पहल पुरुषों को करनी चाहिए। पुरुषों की शारीरिक संरचना महिलाओं की अपेक्षा सरल होती है। इसमें केवल 10 से 15 मिनट का समय लगता है और इसमें ज्यादा से ज्यादा दो दिन आराम की जरूरत होती है या उसकी भी नहीं होती। पुरुष नसबंदी के तीन महीने बाद जांच में शुक्राणु न होने की दशा में नसबंदी सफल मानी जाती है। नसबंदी के लिए पुरुष लाभार्थी को 3000 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

# शराब की दुकानें बंद रखने के निर्देश

▸ नगरीय निकाय निर्वाचन 2023 के मतदान की समाप्ति तक 48 घंटे पूर्व व मतगणना प्रारंभ होने से पूर्व मदिरा की दुकानें रहेंगी बन्द : जिलाधिकारी




रायबरेली,समृद्धि न्यूज

अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन व राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 के निर्देशों के अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट माला श्रीवास्तव ने आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 59 में प्रदत्त अधिकारों के अनुसार जनपद में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 में लोक शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा निष्पक्ष पारदर्शी एवं शान्ति पूर्ण मतदान एवं मतगणना सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से मतदान तिथि 04 मई 2023 को मतदान की समाप्ति के नियत समय से 48 घंटे पूर्व अर्थात 02 मई की सायंकाल 06:00 बजे से 04 मई 2023 को मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना प्रारम्भ होने के तिथि से पूर्व 12 मई 2023 की सांय 06:00 बजे से मतगणना समाप्ति 13 मई 2023 के उपरान्त उस तिथि को रात्रि 12:00 बजे तक जनपद स्थित देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडल शाप, भांग, ताड़ी एवं एफ0एल0-16/17, एफ0एल0-9/9ए/एफ0एल0-49 तथा समस्त थोक अनुज्ञापनों (सी0एल0-2/एफ0एल0-2/2बी) की समस्त लाइसेंस प्राप्त दुकानों से बिक्री पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेंगी।

जिला मजिस्ट्रेट माला श्रीवास्तव ने कहा है कि उक्त बन्दी हेतु अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नही होगा। उक्त अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का न तो संचय करेगा न ही वितरण करेगा और न ही लेकर चलेगा। इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

## बिना लाइसेंस पानी के पाउच बनाने वाला प्लांट सील

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त (खाद्य), ग्रेड-द्वितीय के द्वारा गुप्त रूप से अभिसूचना एकत्रित कर एवं उसके विश्लेषण के उपरान्त 27 अप्रैल को बिना लाइसेंस चल रहे पैकेज ड्रिंकिंग वाटर (पानी पाउच) की 01 और इकाई पर नायब तहसीलदार, पुलिस बल एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम के द्वारा लालगंज तहसील के जनता बाजार में छापेमारी की गयी। जिसमें निर्माता/पैकेजर्स रोहित कुमार पुत्र स्व0 होरी लाल निवासी पूरे गया प्रसाद, पो0 अम्बारा पश्चिम थाना लालगंज रायबरेली में अभिसूचना सत्य पायी गयी एवं उक्त इकाई पर छापेमारी टीम के द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की गयी। जनसामान्य को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के दृष्टिगत उक्त प्रतिष्ठान से पानी पाउच के नमूने संग्रहित कर जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला में प्रेषित कर दी गयी है। जांच रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम विधिक कार्यवाही नियमानुसार की जायेगी। उक्त पानी पाउच के प्लांट को बिना लाइसेंस कार्यशील पाये जाने के कारण सील कर दिया गया।

# काम किया है काम करेंगे झूठे वादे नहीं करेंगे : प्रभात साहू

## नुक्कड़ सभा कर सरला साहू ने मांगा पैगंबर नगर की जनता से समर्थन



महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज

निकाय चुनाव मे इस समय प्रत्याशी पूरे दमखम के साथ जनता को रिझाने में लगे हुए महराजगंज की मौजूदा चेयरमैन एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सरला साहू द्वारा पैगंबर नगर में एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने पैगंबर नगर की जनता से अपील करते हुए कहा कि सरला साहू पिछले 15 वर्षों से निरंतर विकास के पथ पर नगर को आगे बढ़ रही हैं। और इस क्रम को अगर बरकरार रखना है तो चौथी बार फिर सरला साहू को चेयरमैन की कुर्सी पर बैठाने का काम आप लोग करें जिससे कि नगर पंचायत में विकास का पहिया थमें ना। वही चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहा की विरोधी जो समाज सेवा का ढिंढोरा इस समय पीट रहे हैं चुनाव के बाद गायब हो जाएंगे और आपके दुख दर्द से इनका कोई मतलब नहीं रह जाएगा प्रभात साहू ने जनता को संबोधित करते हुए कहा काम किया है काम करेंगे झूठे वादे नहीं करेंगे। पैगंबर नगर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है और इस वार्ड में मुस्लिमों की संख्या अच्छी खासी है और यह वोटर हमेशा निर्णायक भूमिका अदा करते हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक राजाराम त्यागी सुनील मौर्य मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा हाजी जिया उल हक अनवर सहित हजारों की संख्या में पुरुष और महिलाएं मौजूद रही।

## खबरें एक नजर में

### दबंगों ने की महिला की पिटाई

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरहनियां मजरे जिरिकपुर में दबंगों ने महिला की पिटाई कर दी। पिटाई से महिला घायल हो गई। पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। ग्राम पुरहनिया निवासी हीरू की पत्नी पूनम के अनुसार बीते 24 अप्रैल को शाम करीब 5 बजे उसे किसी ग्रामीण ने सूचना दी थी कि उसके खेत में खड़ा नीम का पेड़ चोरी से काटा जा रहा है। ग्रामीण की सूचना पर पूनम नीम का पेड़ देखने के लिए खेत पर गई थी। वापस आते समय रास्ते में गांव के ही मिश्री लाल व मनोज पुत्रगण राम सिंह ने उसे रोक लिया और उसकी पिटाई करने लगे। पूनम किसी तरह जान बचाकर भागी और अपने घर में घुस गई। दबंग उसका पीछा करते हुए उसके घर में घुसकर आए और महिला की लात घूसों से जमकर पिटाई कर दी। पूनम के शोर मचाने पर दबंग जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### रोड रोलर से टकराई बाइक, दो की मौत

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर स्थित ग्राम ढोलौवां के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक विपरीत दिशा से आ रहे रोड रोलर से जा टकराई। हादसे में दोनों बाइक सवारों की मौत हो गई। एक ही गांव के 2 लोगों की अचानक मौत से परिजनों तथा गांव में कोहराम मच गया। जनपद हरदोई अंतर्गत थाना कासिमपुर के गांव नरियारी निवासी सोनेलाल 42 पुत्र रामसहाय गांव के ही साथी शिवरतन 60 पुत्र बाबू के साथ बाइक से बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र स्थित बरगदिया बाबा नामक धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जा रहे थे तभी शुक्रवार को समय करीब 3 बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर बेहटा मुजावर अन्तर्गत गांव ढोलौवा के निकट अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे रोड रोलर से टकरा गई। हादसे में सोनेलाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि घायल शिवरतन को गंभीर अवस्था में ट्रामा सेंटर ले जाया जा रहा था किंतु अस्पताल पहुंचने से पहले घायल की भी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना बेहटा मुजावर पुलिस ने दोनो के शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिए गए। एक ही गांव के दो लोगों की अचानक मौत की सूचना मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। मृतक सोनेलाल की पत्नी सीमा के अलावा नेहा 8 वर्ष तथा रेखा 10 वर्ष दो पुत्रियां है।

### एसएसटी टीम ने चार पहिया वाहन से साढ़े पांच लाख की नगदी की बरामद

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। निकाय चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए धन के दुरुपयोग की आशंका के चलते एसएसटी टीम लगातार आने जाने वाले वाहनों पर नजर रख रही है। गत गुरुवार को बांगरमऊ क्षेत्र के उन्नाव रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के निकट चेकिंग के दौरान एक चौपहिया वाहन से टीम ने करीब साढ़े पांच लाख की नगदी बरामद की है। स्टैटिक मजिस्ट्रेट विजेंद्र कुमार, मजिस्ट्रेट सौरभ कमल, फोटोग्राफर आशुतोष कुमार द्विवेदी, कोतवाली के उपनिरीक्षक सर्वेश कुमार, आरक्षी कमल सैनी एवं सोनू यादव के साथ क्षेत्र के उन्नाव रोड स्थित हरियाली पेट्रोल पंप के निकट आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। रात करीब 10 बजे जीप संख्या यूपी 35 एटी 5397 को एसएसटी टीम ने रोका और वाहन की तलाशी ली। तलाशी में वाहन से 5 लाख 53 हजार 4 सौ की नकदी बरामद हुई। टीम ने वाहन चालक लवकुश पुत्र हरिनाथ निवासी मेदपुर थाना पुरवा तथा हेल्पर भोला पुत्र कैलाश निवासी मुर्तजा नगर थाना दही से नकदी के संबंध में पूंछताछ की। पूंछताछ में चालक ने 3 लाख 2 हज़ार 1 सौ 9 रुपए की कंप्यूटर रसीद पेश कर दी। लेकिन शेष रकम 2 लाख 51 हज़ार 291 रुपये के संबंध में संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। शेष नकदी के संबंध में किसी भी प्रकार की रसीद न दिखा पाने की स्थिति में पुलिस ने रुपये जब्त कर मालखाने में जमा कर दिये। एसएसटी टीम को आशंका है कि इन रुपयों का निकाय चुनाव में दुरुपयोग किया जा सकता था।

### वायरल वीडियो के सम्बन्ध में प्रत्याशी ने मानी अपनी गलती

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बांगरमऊ नगर पालिका परिषद से अध्यक्ष पद के निर्दलीय प्रत्याशी रामजी गुप्ता ने गत 26 अप्रैल को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर प्रशासन पर दबाव बनाने का आरोप लगाया था। साथ ही चेतावनी दी थी कि यदि प्रशासन इसी तरह दबाव बनाता रहा तो वह परिवार के संग मुख्यमंत्री आवास के सामने आत्महत्या कर लेंगे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए निर्वाचन अधिकारी उपजिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर ने निर्दलीय प्रत्याशी रामजी को नोटिस देकर 28 तारीख को अपना पक्ष रखने के लिए तहसील कार्यालय में पेश होने को कहा था। आज शुक्रवार को रामजी गुप्ता उपजिलाधिकारी कार्यालय में पेश हुए और उन्होंने माना कि आवेश में आकर उन्होंने सोशल मीडिया पर इस तरह का वीडियो वायरल कर दिया था। उन्होंने भविष्य में इस तरह की गलती न करने का वायदा किया।




### सीओ ने निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशियों संग की बैठक

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। स्थानीय नगर निकाय चुनाव को लेकर कोतवाली परिसर में सीओ की अध्यक्षता में अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों एवं सभासद पद के उम्मीदवारों के संग बैठक आहूत की गई। जिसमें उन्होंने कहा सभी प्रत्याशी आचार संहिता का पालन करें और चुनाव आयोग द्वारा जो दिशानिर्देश जारी किए गए हैं उन्हीं के अनुसार प्रचार प्रसार करें तथा सभी प्रत्याशी चुनाव आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देश पर ही कार्य करें और शांतिपूर्वक चुनाव प्रचार करें।चुनाव के दौरान अगर कोई प्रत्याशी किसी मतदाता को आर्थिक लाभ पहुंचाने का प्रयास करता है और पकड़ा जाता है तो उसे कठोर दंड दिया जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने प्रत्याशियों को यह भी बताया कि आप सभी की जिम्मेदारी है कि आपका चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न हो। इसलिए आप सभी प्रशासन एवं शासन के दिशा निर्देशों का पूर्ण रुप से पालन करते हुए अपने चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं।

# सीओ सिटी ने अवैध शराब ठिकानों पर की छापेमारी

▸ शराब का प्रलोभन देकर चुनाव जीतने की कोशिश करने वालों पर दर्ज होगा मुकदमा : सीओ सिटी



रायबरेली,समृद्धि न्यूज

जहां एक तरफ यूपी में नगर निकाय चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से नजर आ रहा है वहीं रायबरेली पुलिस प्रशासन ने भी चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से कमर कस लिया है और शासन के मंशानुरूप कार्य करते नजर आ रहे हैं कहीं पर कोई गड़बड़ी न हो पाए इसीलिए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक खुद अपने अधीनस्थों को पेच कसते नजर आ रहे हैं। इसी के तहत रायबरेली पुलिस ने शुक्रवार को अवैध शराब बनाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया।

अभियान में सीओ सिटी बंदना सिंह सदर एसडीएम आबकारी विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोहरामऊ गांव के अवैध शराब के ठिकानों पर छापा मारा। जिसमें मौके पर ढाई कुंतल लहन को नष्ट करते हुए कई लीटर शराब को नष्ट किया गया। सीओ सिटी ने कहा पूरे चुनाव भर इस तरह का अभियान हर दिन चलाया जाएगा. अवैध शराब की बिक्री किसी भी कीमत पर होनी नहीं दी जाएगी. अवैध शराब का उत्पादन करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी. किसी भी हाल में चुनाव के दौरान शराब का प्रलोभन देकर चुनाव जीतने की कोशिश करने वालों के खिलाफ भी मुकदमा लिखकर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस संग बीएसएफ के जवानों ने पैदल गश्त कर कराया सुरक्षा का अहसास

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



▸ पुलिस ने आमजन से की शांतिपूर्वक चुनाव कराने की अपील
▸ असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर रहेगी नजर : सीओ

निर्वाचन आयोग एवं प्रदेश सरकार ने शांतिपूर्ण चुनाव कराए जाने को लेकर कमर कस ली है।मतदान का समय जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे प्रशासन चौकन्ना हो रहा है। इसी को लेकर लालगंज में नगर निकाय चुनाव को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी महिपाल पाठक, कोतवाल शिवशंकर सिंह और एसडीएम अजीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को बीएसएफ के जवानों ने कस्बे के मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला गया इस दौरान सीओ ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रत्याशी ने मतदाताओं को लुभाने, लालच देकर धमकाने का प्रयास किया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की कि वह निष्पक्ष होकर बिना किसी भय के अपने मत का प्रयोग करें। अगर कोई भी प्रत्याशी लुभाने व धमकाने का प्रयास करें तो उसकी तत्काल सूचना प्रशासन को दें। सभी से क़ानून व्यवस्था बनाने में सहयोग करने और आदर्श आचार संहिता का पालन करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा आदर्श आचार संहिता का पालन न करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### ट्रक की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को मारी जोरदार टक्कर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर हुई दर्दनाक मौत मामला लालगंज थाना क्षेत्र के चचिहा गांव के पास का है जहां तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक प्रदीप कुमार को जोरदार टक्कर मार दी ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक प्रदीप कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वहीं हादसे के दौरान पुलिस ने ट्रक समेत चालक को हिरासत में ले लिया शेष कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है।

## चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त चाकू के साथ गिरफ्तार




सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

अपराध व अपराधियों पर लगातार कार्यवाही के अंतर्गत चोरी के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।जिनके कब्जे से नगदी समेत एक चाकू बरामद कर जेल भेज दिया।सलोन कोतवाली पुलिस उपनिरीक्षक कैलाश प्रताप सिंह, कांस्टेबल नरेश, कांस्टेबल मुकेश कुमार ने संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग के दौरान स्थानीय थाने में पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त फरदीन पुत्र शेर अली निवासी चौधराना थाना सलोन को बाईपास तिराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया।जिनके कब्जे से चोरी के ?650 व अदद चाकू बरामद किया है। जिसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में दर्ज मुकदमे के अंतर्गत जेल भेज दिया गया है।



### एसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउन्ड पर शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिस कर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया तथा बेहतर टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की गई। साथ ही परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्न आउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गई तथा एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल भी करवाई गई तथा उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। परेड में क्षेत्राधिकारी नगर, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी निरीक्षक अजगैन, थानाध्यक्ष सोहरामऊ, थानाध्यक्ष आसीवन, थानाध्यक्ष अचलगंज, थानाध्यक्ष बेहटा मुजावर तथा विभिन्न थानों, कार्यालयों, शाखाओं एवं पुलिस लाइन के पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए, तत्पश्चात उन्होंने पुलिस लाइन स्थित घरैय्या लाइन, बैरक, चुनाव कार्यालय, जीडी कार्यालय, एमटी शाखा, डायल 112 वाहनों एवं नवीनीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया गया व प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### करंट की चपेट में आई महिला झुलसी

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बेहटा मुजावर थाना अंतर्गत ग्राम जोगीकोट के मजरा रसूलाबाद में एक महिला लोहे के तार पर गीले कपड़े फैला रही थी तभी अचानक लोहे के तार में विद्युत करंट दौड़ने लगा जिसकी चपेट में आकर महिला बुरी तरह झुलस गई। परिजन आनन-फानन उसे यहां के सरकारी अस्पताल लाए। यहां के चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्राम रसूलाबाद निवासी रेखा पत्नी राजाराम आज शुक्रवार को सुबह कपड़े धोकर घर में बंधे लोहे के तार पर कपड़े फैलाने लगी। तभी अचानक लोहे के तार में विद्युत करंट दौड़ने लगा। जिसकी चपेट में आकर रेखा बुरी तरह झुलस गई। परिजन आनन-फानन उसे स्थानीय सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां के चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# महाराणा प्रताप जयंती पर घोषित हो अवकाश : धर्मेन्द्र

▸ पीएम व सीएम को भेजा पत्र, की मांग
▸ समाज के लिए हमेशा संघर्ष करते नजर आते हैं धर्मेंद्र सिंह राजपूत



लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राजपूत ने महाराणा प्रताप जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है,जिसमें उल्लेख किया है कि सनातन संस्कृति तथा मां भारती के सच्चे वीर सपूत महामानव इतिहास पुरुष महाराणा प्रताप की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किये जाने की मांग की है!

श्री राजपूत ने कहा कि जब आतताई मुगलों का शासन चरम पर था उस दौरान महाराणा प्रताप ने अपनी मिट्टी के सम्मान और स्वाभिमान के लिए लड़ाई लड़ी !उन्होंने मूल्यों की रक्षा के लिए घास की रोटी खाना पसंद किया लेकिन उन्होंने सम्मान से समझौता नहीं किया! मुगल आक्रमणकारियों से राष्ट्र एवं धर्म की रक्षा के लिए प्रताप जीवन भर संघर्षरत रहे,ऐसे वीर सपूत के सम्मान के लिए जयंती के दिन अवकाश घोषित करना आवश्यक है!

बताते चलें कि धर्मेन्द्र सिंह राजपूत रायबरेली जनपद के लालगंज कोतवाली क्षेत्र के रणगांव के रहने वाले हैं और समाज के लिए हमेशा संघर्ष करते रहते हैं और सामाजिक कार्यों में भी उनकी सहभागिता काबिलेतारीफ है !श्री राजपूत ने जनपद सहित पूरे प्रदेश में अपने संघर्ष से ही अपनी पहचान बनाई है !

# पीठासीन अधिकारियों का मतदान प्रशिक्षण सम्पन्न

उन्नाव, समृद्धिन्यूज।

निर्वाचन हेतु नियुक्त किए गए पीठासीन एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण सरस्वती विद्या मंदिर पूरननगर में दो पालियों में मुख्य विकास अधिकारी/प्रशिक्षण प्रभारी ऋषिराज की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त कार्मिकों को निर्देश दिये कि 3 अप्रैल को सभी मतदान कार्मिक प्रातः 7.30 बजे अपनी रवानगी स्थल पर अवश्य पहुँच जाएं अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जायेगी। सभी पीठासीन अधिकारी अपनी- अपनी पोलिंग पार्टी के मतदान कार्मिको से परिचित हो लें, निर्वाचन प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी प्राप्त करें और प्रत्येक शंका का समाधान होने पर ही यह से जाएं। प्रथम पाली का प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक तथा द्वितीय पाली का प्रशिक्षण अपराह्न 2 बजे से सायं 5 बजे तक संपन्न हुआ। दोनों पालियों में कुल 300 पोलिंग पार्टियों के पीठासीन अधिकारियों एवं प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय मतदान अधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से इ0 जय सिंह सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया का विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ0 देवेश सचान द्वारा मतपेटिका तैयार करने की विधि की जानकारी दी गई। दोनों पालियों में कुल 10 अनुपस्थित रहे, जिनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है। अनुपस्थिति कार्मिकों में एक पीठासीन दो प्रथम मतदान अधिकारी, छः द्वितीय मतदान अधिकारी तथा एक तृतीय मतदान अधिकारी है। अनुपस्थित मतदान अधिकारी 29 अप्रैल के प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। सभी कार्मिकों को मत पेटिकाओं के संचालन का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण देने के लिए 30 टेबल लगाई गई और प्रत्येक टेबल पर मास्टर ट्रेनर्स तैनात किए गए जिनके द्वारा कार्मिकों को मतपेटिका संचालन का विधिवत अभ्यास कराया गया।

### दस्तक अभियान के तहत गांव में हुआ दवा छिड़काव

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। संचारी रोग की रोकथाम के लिए गांवों में दवा का छिडकाव कराया जा रहा है जिससे बीमारियों से निजात मिल सके। निरीक्षण करने जिला संचारी रोग प्रभारी के एडीओ पंचायत पहुंचे साफ-सफाई के लिए सफाई कर्मियों को निर्देश दिए। ब्लाक मियागंज के ग्राम पंचायत बिनैका में संचारी रोग नियंत्रण के लिए ग्रामसभाओं में बीमारीयों के निजात के लिए दवाओं का छिडकाव कराया जा रहा है। शुक्रवार को निरीक्षण करने पहुंचे जिला संचारी रोग प्रभारी जितेन्द्र कुमार सिन्हा के साथ एडीओ पंचायत निर्मल कुमार ने निरीक्षण किया। सफाई का विशेष अभियान चलाने का सफाई कर्मियों को निर्देश दिया। संचारी रोग नियंत्रण की स्वास्थ्य टीम के साथ सचिव सचिन थारु, महिपाल, प्रधान प्रतिनिधि संतोष सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कंपोजिट विद्यालय में स्मार्ट क्लास का हुआ उद्घाटन

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।




बांगरमऊ क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय हफीजाबाद में निपुण कार्यक्रम के तहत खंड शिक्षा अधिकारी मनिंद्र कुमार और राज्य संसाधन समूह के सदस्य अखिलेश चंद्र शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर स्मार्ट कक्षा कक्ष का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की मेधावी छात्रा नाजरीन को पुरस्कृत किया गया। शुक्रवार को स्मार्ट क्लास के उद्घाटन अवसर पर अखिलेश शुक्ला एसआरजी ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और निपुण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु स्मार्ट कक्षा की उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डाला। साथ ही दीक्षा एप के प्रयोग की भी विस्तृत जानकारी दी। एआरपी श्याम एन सिंह ने विद्यालय को निपुण विद्यालय के रूप में उच्चीकरण हेतु विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी मनिंद्र कुमार ने कहा कि विद्यालय परिवार द्वारा उत्कृष्ट शिक्षण कार्य से ही विद्यालय की छात्रा नाजरीन का चयन राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में हुआ है। उन्होंने मेधावी छात्रा नाजरीन सहित उसके माता-पिता को भी माला पहना कर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापिका शिखा बाजपेई द्वारा छात्र-छात्राओं को परिचय पत्र वितरित किए गए। ग्राम प्रधान आशीष कुमार ने कायाकल्प योजनांतर्गत विद्यालय भवन के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। उद्घाटन अवसर पर निर्मल बाबू, साधना तिवारी व रजनीश कुमार सहित नोडल संकुल शिक्षक मिलिंद सेन सिंह, संकुल शिक्षक सुधीर कुमार, विनीत कुमार बाजपेई एसएमसी अध्यक्ष एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



# अल्पसंख्यकों की स्थिति बेहतर!

यह अपने आप में विचित्र सी बात है कि जब भी भारतीय मुस्लिमों की परिस्थितियों पर चर्चा की जाये तो बात सीधे पाकिस्तान तक ले जाई जाती है। यह बतलाने की कोशिश होती है कि भारत में मुस्लिमों की स्थिति वहां से बेहतर है। तो क्या इसलिये इस देश में रहने वाले मुस्लिमों के हालात एवं उनके साथ होने वाले व्यवहार पर स्वतंत्र रूप से बातचीत न की जाये क्योंकि पड़ोसी मुल्क में अल्पसंख्यक (वहां हिन्दू, ईसाई आदि) बड़ी दुश्वारियों में जी रहे हैं? दोनों देशों के मुस्लिमों की तुलना सामान्य जनता जिस उथले तरीके से करती है, लगभग वही हल्का-फुल्का रवैया शासकीय स्तर पर अपनाया जाता है और अगर यह बात अंतरराष्ट्रीय मंच पर सरकार का कोई जिम्मेदार व्यक्ति करे तो इसे और भी दुर्भाग्यपूर्ण कहा जायेगा। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वाशिंगटन डीसी स्थित अमेरिकी थिंक टैंक पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकानॉमिक्स के एक कार्यक्रम में दिये गये अपने उद्बोधन में भारत में रहने वाले मुसलमानों के बाबत पश्चिमी देशों में फैली धारणा को लेकर नाराजगी जताई और कहा कि भारत के मुसलमानों ने पाकिस्तानी मुस्लिमों के मुकाबले अधिक तरक्की की है। यानी पाकिस्तान के मुकाबले भारत के अल्पसंख्यकों की स्थिति बेहतर है। वे यह बताना भी नहीं भूलीं कि भारत में इस्लाम के मानने वालों की जनसंख्या बढ़ी है। उन्होंने सवाल किया-क्या 2014 के बाद देश में मुस्लिमों की आबादी घट गई है? यह बात समझ से परे है कि भला इस देश में रहने वाले मुस्लिमों के बारे में बात करने के लिए उनकी पाकिस्तान के मुस्लिमों से तुलना क्यों होनी चाहिये? क्यों नहीं हम यहां की स्थिति का स्वतंत्र रूप से आकलन करते हैं? इसमें तो कोई शक नहीं है कि आजादी के बाद से ही भारत ने आशाओं व आकांक्षाओं को पूरा करने के लिये ऐसे तमाम उपाय किये हैं जिन पर सहज ही गर्व किया जा सकता है। हालांकि यह भी सत्य है कि अनेक मोर्चों पर भारत को अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई है- पूरे व ईमानदार प्रयासों के बावजूद। एक मुकम्मल संवैधानिक व्यवस्था बनाकर भारत को घर्मनिरपेक्ष देश का दर्जा दिया गया है। उसके इस स्वरूप व ढांचे को उसी 2014 से अवश्य ही खतरा पैदा हो गया है, जिस साल का उल्लेख सीतारमण कर रही थीं। यह स्पष्टीकरण उन्हें इसलिये देना पड़ रहा है क्योंकि दुनिया भर में यह बात गई है कि भारत ने सर्वधर्म समभाव की जिस भावना को स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद की तकलीफों से गुजरते हुए बहुत जतन से रखा था, वर्तमान सरकार के आने के बाद उसे तहस-नहस करने की कोशिशें की जा रही हैं, जिसका प्रतिनिधित्व सीतारमण करती हैं। इस सरकार, उसे चलाने वाली भारतीय जनता पार्टी और उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मिल-जुलकर एकदम सुनियोजित तरीके से मुसलमानों के खिलाफ देश भर में जो माहौल बनाया गया है, वह भारत के साथ-साथ पूरे विश्व द्वारा देखा जा रहा है। कट्टरवादी लोगों व संगठनों ने कैसे पिछली सरकारों पर मुस्लिम तुष्टीकरण के आरोप लगाये हैं और किस तरह से देश में उनकी 20 करोड़ की आबादी के संहार की बातें भी हाल ही में की गई, यह भी लोगों से छिपा हुआ नहीं है। भारत की तरक्की की राह में मुस्लिमों की आबादी में बढ़ोतरी को सबसे ज्यादा जिम्मेदार बताया जाता है ताकि लोगों के बीच यह संदेश जाए कि देश की प्रगति न होने का कारण यही समुदाय है। मुस्लिमों व पाकिस्तान की बातें कहकर साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण चुनावी जीत का फार्मूला बन गया है। कोरोना फैलाने का जिम्मेदार बतलाते हुए उन्हें किस तरह से अपमानित किया गया, यह तो सबके सामने है ही पाकिस्तान ही नहीं दुनिया के किसी भी देश में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाला अन्याय सबके लिये चिंता की बात है, परन्तु हमें उस पर आवाज उठाने का नैतिक हक तभी मिल सकेगा जब हम पहले अपने यहां के सभी अल्पसंख्यकों का ख्याल रखें जिनमें सबसे अधिक संख्या वाले मुस्लिम भी शामिल हैं। असली बात तो यह है कि हम अपने यहां के सभी नागरिकों समेत अल्पसंख्यकों का जीवन स्तर, आर्थिक स्थिति, उनकी सुरक्षा, उनके नागरिक अधिकार, समानतापूर्ण व्यवहार आदि की तुलना विकसित राष्ट्रों से करें, न कि पाकिस्तान के साथ जो खुद ही बदहाल है।

# पोषण का रामबाण है भारत का पशुधन

*डॉ. प्रियंका सौरभ*

**पशुपालन का तात्पर्य पशुधन पालने और चयनात्मक प्रजनन से है। यह जानवरों का प्रबंधन और देखभाल है जिसमें लाभ के लिए जानवरों के अनुवांशिक गुणों और व्यवहार को और विकसित किया जाता है। भारत का पशुधन क्षेत्र दुनिया में सबसे बड़ा है। लगभग 20.5 मिलियन लोग अपनी आजीविका के लिए पशुधन पर निर्भर हैं। सभी ग्रामीण परिवारों के औसत 14: की तुलना में छोटे कृषि परिवारों की आय में पशुधन का योगदान 16: है। पशुधन दो-तिहाई ग्रामीण समुदाय को आजीविका प्रदान करता है। यह भारत में लगभग 8.8: आबादी को रोजगार भी प्रदान करता है। भारत में विशाल पशुधन संसाधन हैं। पशुधन क्षेत्र 4.11: सकल घरेलू उत्पाद और कुल कृषि सकल घरेलू उत्पाद का 25.6: योगदान देता है। पशुधन आय ग्रामीण परिवारों के लिए आय का एक महत्वपूर्ण माध्यमिक स्रोत बन गया है और किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पशुधन किसानों की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत में किसान मिश्रित कृषि प्रणाली को बनाए रखते हैं यानी फ सल और पशुधन का संयोजन जहां एक उद्यम का उत्पादन दूसरे उद्यम का इनपुट बन जाता है जिससे संसाधन दक्षता का एहसास होता है। पशुधन विभिन्न तरीकों से किसानों की सेवा करता है। पशुधन भारत में कई परिवारों के लिए सहायक आय का एक स्रोत है। दूध की बिक्री के माध्यम से गायों और भैंसों को दूध देने से पशुपालकों को नियमित आय प्राप्त होगी। भेड़ और बकरी जैसे जानवर आपात स्थितियों जैसे विवाह, बीमार व्यक्तियों के इलाज, बच्चों की शिक्षा, घरों की मरम्मत आदि को पूरा करने के लिए आय के स्रोत के रूप में काम करते हैं। जानवर चलती बैंकों और संपत्ति के रूप में भी काम करते हैं जो मालिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करते हैं।**

पशुपालन का अभ्यास अब एक विकल्प नहीं है, बल्कि समकालीन परिदृश्य में एक आवश्यकता है। इसके सफल, टिकाऊ और कुशल कार्यान्वयन से हमारे समाज के निचले तबके की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पशुपालन को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, कृषि, शोध और पेटेंट से जोड़ने से भारत को दुनिया का पोषण शक्ति केंद्र बनाने की हर संभव क्षमता है। पशुपालन भारत के साथ-साथ विश्व के लिए अनिवार्य आशा, निश्चित इच्छा और अत्यावश्यक रामबाण है। पशुपालन का तात्पर्य पशुधन पालने और चयनात्मक प्रजनन से है। यह जानवरों का प्रबंधन और देखभाल है जिसमें लाभ के लिए जानवरों के अनुवांशिक गुणों और व्यवहार को और विकसित किया जाता है। भारत का पशुधन क्षेत्र दुनिया में सबसे बड़ा है। लगभग 20.5 मिलियन लोग अपनी आजीविका के लिए पशुधन पर निर्भर हैं। सभी ग्रामीण परिवारों के औसत 14: की तुलना में छोटे कृषि परिवारों की आय में पशुधन का योगदान 16: है। पशुधन दो-तिहाई ग्रामीण समुदाय को आजीविका प्रदान करता है। यह भारत में लगभग 8.8: आबादी को रोजगार भी प्रदान करता है। भारत में विशाल पशुधन संसाधन हैं। पशुधन क्षेत्र 4.11: सकल घरेलू उत्पाद और कुल कृषि सकल घरेलू उत्पाद का 25.6: योगदान देता है।

पशुधन आय ग्रामीण परिवारों के लिए आय का एक महत्वपूर्ण माध्यमिक स्रोत बन गया है और किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पशुधन किसानों की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत में किसान मिश्रित कृषि प्रणाली को बनाए रखते हैं यानी फसल और पशुधन का संयोजन जहां एक उद्यम का उत्पादन दूसरे उद्यम का इनपुट बन जाता है जिससे संसाधन दक्षता का एहसास होता है। पशुधन विभिन्न तरीकों से किसानों की सेवा करता है। पशुधन भारत में कई परिवारों के लिए सहायक आय का एक स्रोत है। दूध की बिक्री के माध्यम से गायों और भैंसों को दूध देने से पशुपालकों को नियमित आय प्राप्त होगी।

भेड़ और बकरी जैसे जानवर आपात स्थितियों जैसे विवाह, बीमार व्यक्तियों के इलाज, बच्चों की शिक्षा, घरों की मरम्मत आदि को पूरा करने के लिए आय के स्रोत के रूप में काम करते हैं। जानवर चलती बैंकों और संपत्ति के रूप में भी काम करते हैं जो मालिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। भारत में कम साक्षर और अकुशल होने के कारण बड़ी संख्या में लोग अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर हैं। लेकिन कृषि प्रकृति में मौसमी होने के कारण एक वर्ष में अधिकतम 180 दिनों के लिए रोजगार प्रदान कर सकती है। कम भूमि वाले लोग कम



कृषि मौसम के दौरान अपने श्रम का उपयोग करने के लिए पशुओं पर निर्भर करते हैं। पशु उत्पाद जैसे दूध, मांस और अंडे पशुपालकों के सदस्यों के लिए पशु प्रोटीन का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

जानवर समाज में अपनी स्थिति के संदर्भ में मालिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। परिवार विशेष रूप से भूमिहीन जिनके पास जानवर हैं, उनकी स्थिति उन लोगों की तुलना में बेहतर है जिनके पास पशु नहीं हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में शादियों के दौरान जानवरों को उपहार में देना एक बहुत ही सामान्य घटना है। पशुपालन भारतीय संस्कृति का अंग है। जानवरों का उपयोग विभिन्न सामाजिक धार्मिक कार्यों के लिए किया जाता है। गृह प्रवेश समारोहों के लिए गायेंय उत्सव के मौसम में बलिदान के लिए मेढ़े, हिरन और चिकनय विभिन्न धार्मिक कार्यों के दौरान बैल और गायों की पूजा की जाती है। कई मालिक अपने जानवरों से लगाव विकसित करते हैं। पशुपालन लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है। पशुधन उत्पादन में श्रम की तीन-चौथाई से अधिक मांग महिलाओं द्वारा पूरी की जाती है। पशुधन क्षेत्र में महिलाओं के रोजगार की हिस्सेदारी पंजाब और हरियाणा में लगभग 90: है जहां डेयरी एक प्रमुख गतिविधि है और जानवरों को स्टाल-फेड किया जाता है। बैल भारतीय कृषि की रीढ़ की हड्डी हैं। भारतीय कृषि कार्यों में यांत्रिक शक्ति के उपयोग में बहुत प्रगति के बावजूद, भारतीय किसान विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी विभिन्न कृषि कार्यों के लिए बैलों पर निर्भर हैं। बैल ईंधन पर काफी बचत कर रहे हैं जो यांत्रिक शक्ति जैसे ट्रैक्टर, कंबाइन हार्वेस्टर आदि का उपयोग करने के लिए एक आवश्यक इनपुट है। बैलों के अलावा देश के विभिन्न भागों में सामान ढोने के लिए ऊंट, घोड़े, गधे, खच्चर आदि जैसे पैक जानवरों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है। पहाड़ी इलाकों जैसी स्थितियों में माल परिवहन के लिए खच्चर और टट्टू ही एकमात्र विकल्प के रूप में काम करते हैं। इसी तरह, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में विभिन्न वस्तुओं के परिवहन के लिए सेना को इन जानवरों पर निर्भर रहना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर का उपयोग कई उद्देश्यों के लिए किया जाता है जिसमें ईंधन (गोबर के उपले), उर्वरक (खेत यार्ड खाद), और प्लास्टरिंग सामग्री (गरीब आदमी की सीमेंट) शामिल हैं। कृषि पशुओं की उत्पादकता में सुधार करना प्रमुख चुनौतियों में से एक है। भारतीय मवेशियों की औसत वार्षिक दुग्ध उपज 1172 किलोग्राम है जो वैश्विक औसत का लगभग 50 प्रतिशत है। खुरपका और मुंहपका रोग, ब्लैक क्वार्टर संक्रमण जैसी बीमारियों का लगातार प्रकोपय इन्फ्लुएंजा, आदि पशुधन स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं और उत्पादकता को कम करते हैं। भारत में जुगाली करने वालों की विशाल आबादी ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में योगदान करती है। शमन और अनुकूलन रणनीतियों के माध्यम से ग्रीनहाउस गैसों को कम करना एक बड़ी चुनौती होगी। विभिन्न प्रजातियों की आनुवंशिक क्षमता को बढ़ाने के लिए विदेशी स्टॉक के साथ स्वदेशी प्रजातियों का क्रॉसब्रीडिंग केवल एक सीमित सीमा तक ही सफल रहा है। कृत्रिम गर्भाधान के बाद खराब गर्भाधान दर के साथ मिलकर गुणवत्ता वाले जर्मप्लाज्म, बुनियादी ढांचे और तकनीकी जनशक्ति में कमी के कारण सीमित कृत्रिम गर्भाधान सेवाएं प्रमुख बाधाएँ रही हैं। इस क्षेत्र को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों पर कुल सार्वजनिक व्यय का लगभग 12 प्रतिशत प्राप्त हुआ, जो कि कृषि सकल घरेलू उत्पाद में इसके योगदान की तुलना में अनुपातहीन रूप से कम है। वित्तीय संस्थानों द्वारा इस क्षेत्र की उपेक्षा की गई है।

मांस उत्पादन और बाजाररू इसी तरह, वध सुविधाएं अपर्याप्त हैं। कुल मांस उत्पादन का लगभग आधा अपंजीकृत, अस्थायी बूचड़खानों से आता है। पशुधन उत्पादों के विपणन और लेनदेन की लागत बिक्री मूल्य का 15-20 प्रतिशत अधिक है। बढ़ती आबादी के साथ, खाद्य मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि, किसानों की आत्महत्या में दुर्भाग्यपूर्ण वृद्धि के बीच भारत की अधिकांश आबादी का प्राथमिक व्यवसाय कृषि है, पशुपालन का अभ्यास अब एक विकल्प नहीं है, बल्कि समकालीन परिदृश्य में एक आवश्यकता है। इसके सफल, टिकाऊ और कुशल कार्यान्वयन से हमारे समाज के निचले तबके की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

पशुपालन को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, कृषि, शोध और पेटेंट से जोड़ने से भारत को दुनिया का पोषण शक्ति केंद्र बनाने की हर संभव क्षमता है। पशुपालन भारत के साथ-साथ विश्व के लिए अनिवार्य आशा, निश्चित इच्छा और अत्यावश्यक रामबाण है।

## विचार

# नक्सली तांडव फिर 11 जवानों की हत्या, आखिर कब तक

*संजीव ठाकुर*

विगत दिनों नक्सलियों द्वारा पुलिस वालों की व्यूह रचना तोड़ते हुए नक्सलियों ने एंबुश लगाकर 11 जवानों की दंतेवाड़ा जिले में दर्दनाक हत्या कर दी, लगभग और जवान घायल भी हुए हैं, नक्सलियों का दो साल बाद का सबसे बड़ा हमला है। इसके पूर्व 2 वर्ष पहले एक विधायक की हत्या कर दी गई थी। सूत्रों के अनुसार खुफिया तंत्र की असफलता तथा नक्सलियों तक पुलिस की हर गतिविधि की जानकारी पहुंचने के कारण नक्सलियों ने तांडव मचाया है। केंद्रीय गृहमंत्री तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री दोनों ने दुख व्यक्त कर पुलिस बल का मनोबल भी बढ़ाया और यह भी कहा कि यह शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। नक्सलियों ने लगभग दो साल बाद छत्तीसगढ़ के जंगलों में अपनी उपस्थिति फिर से दर्शाइ है। छत्तीसगढ़ में बलरामपुर, जसपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कोंटा, नारायणपुर आदि धुर नक्सली क्षेत्र माने जाते हैं और नक्सली अपनी गतिविधि यहां लगातार दर्शाते रहते हैं। लेकिन यह 11 जवानों की हत्या बड़ी ही दर्दनाक हुई और अचानक नक्सलियों द्वारा आक्रमण की रणनीति के कारण अभी तक प्रशासन शासन को समझ नहीं आया है। क्षेत्र की जनता और सरकार दोनों अब हाई अलर्ट पर हैं। खुफिया विभाग अपने असफलता के कारणों की खोज में लगी हुई ईतना बारूद सड़कों में लगाया गया और पुलिस के खुफिया तंत्र को कानो कान खबर नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार के जंगलों में नक्सलवादियों ने अपना केंद्र बना कर रखा है, और गाहे-बगाहे पुलिस से मुठभेड़ में पुलिस वालों की अनावश्यक हत्या करते रहते हैं। विगत दिनों नक्सली नेताओं ने छत्तीसगढ़ सरकार से बातचीत करने का प्रस्ताव रखा था, फिर अचानक ऐसा क्या हुआ की पुलिस के केंद्रीय बल के सैनिकों पर इतना बड़ा हमला कर दिया ।छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र की सरकार को नक्सली समस्या का स्थाई हल खोजना ही होगा अन्यथा इस तरह की नक्सली मुठभेड़ में जवानों की जिंदगी व्यर्थ ही गवानी पड़ जाएगी। नक्सली समस्या मूलत पश्चिम बंगाल की देन है,जहां चारू मजूमदार, कानू सान्याल के नेतृत्व में नक्शलवाड़ी नामक ग्राम में दल का गठन किया गया था। जहां सरकार के विरोध में आदिवासियों के शोषण और सरकारी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के भ्रष्टाचार के विरोध में चारू मजूमदार ने एक अभियान चलाया था। कालांतर में जो नक्सलवादी गतिविधि या वामपंथी गतिविधि के नाम से जानी जाती है। कई वर्षो पहले पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे सिद्धार्थ शंकर रे ने प्रशासनिक कुशलता दिखाते हुए कठोर कदम उठाकर नक्सलवाड़ी को समूल नष्ट करवा दिया था। इसी तरह पंजाब में खालीस्तान समस्या सिर चढ़कर बोलने लगी थी। जिससे पंजाब की जनता अनावश्यक परेशान थी, और खालीस्तान के समर्थक वहां हिंसक गतिविधियों में लिप्त हो कर सरकार को सरकार चलाने में दिक्कत देने लगे थे। ऐसे में पंजाब पुलिस के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस के.पी.एस. गिल ने एक कठोर ऑपरेशन चलाकर खालीस्तान समस्या को नेस्तनाबूद कर दिया था। नक्सली तथा वामपंथी समस्याओं से प्रभावित झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र के पुलिस अधिकारियों को नक्सलियों के विरोध में इसी तरह संयुक्त अभियान चलाकर नक्सली समस्या को कठोरता से खत्म करना चाहिए। या फिर शासन प्रशासन को नक्सली समस्या पैदा होने के मूल कारणों में जाकर वहां की आदिवासी जनता को राशन, दवाएं पानी, शिक्षा और सड़क की समस्या को समझ कर उस क्षेत्र को सामाजिक अभियान चलाकर नक्सली मुक्त कराना चाहिए। क्योंकि नक्सलवादी वामपंथी लोग पुलिस दल से ज्यादा आधुनिक अस्त्र शस्त्र तथा विस्फोटक सामग्री इस्तेमाल कर पुलिस वालों को लगातार मौत के घाट उतार कर शासन का अपनी तरफ ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। अब तक नक्सलवादियों ने हजारों पुलिसकर्मियों की हत्या की है। यह विद्रोही, माओवादी आदिवासियों को राशन पानी स्वास्थ्य शिक्षा सड़क की सुविधाएं न दिए जाने की आड़ में उनसे सहयोग लेकर पुलिस वालों की निरंतर हत्या कर रहे हैं। जिसे तत्काल एक अभियान बनाकर तो रोका जाना चाहिए, इन राज्यों में दूरगामी योजना बनाकर सिद्धार्थ शंकर रे जैसे प्रशासक तथा केपीएस गिल के अधिकारियों की आवश्यकता फ़िर से होगी। इसके अलावा नक्सलियों को खत्म करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति तथा सशक्त दूरगामी रणनीति तैयार कर इन को घेरकर खत्म किया जाना चाहिए अन्यथा ऐसे ही मुठभेड़ों में निरीह जवानों की हत्या होती रहेगी और हम हाथ में हाथ धरे बैठे रहेंगे।

## साहित्य



# मैं इधर तू उधर मैं अगर...

**ऋतु अग्रवाल**
मेरठ

मैं इधर
तू उधर
======
मैं अगर
तू मगर
======
मैं झील
तू लहर
======
मैं राह
तू सफ़र
======
मैं रात
तू सहर
======

मैं फूल
तू शज़र
======
मैं गज़ल
तू बहर
======
मैं इश्क
तू नज़र
======
मैं जाम
तू जहर
======
मैं आग
तू दहर
======

मैं जान
तू जिगर
======
मैं जलधि
तू नहर
======
मैं गाँव
तू शहर
======
मैं इतर
तू महर
======
मैं किधर
तू जिधर
======

## झरोखा





# राशिफल

**मेष :-** महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**वृष :-** परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र होगा। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं।

**मिथुन :-** मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी। आलस्य का त्याग करें।

**कर्क :-** विभागीय परिवर्तनों से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा।

**सिंह :-** राजनीतिक क्षेत्र के लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कार्य के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**कन्या :-** भावनात्मक समस्याओं पर संबंधों में खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कार्य को कल पर न टालें। परिवार में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**तुला :-** निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जरूरी कार्य को समय से पूर्ण करें।

**वृश्चिक :-** अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**धनु :-** संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ के प्रति सचेत रहें। अच्छे कार्य द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**मकर :-** बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर बनेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा। आकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

**कुंभ :-** नकारात्मक चिंताओ को त्यागें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। आवेश में किये गये निर्णय से कष्ट संभव। घरेलू जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**मीन :-** किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

# अपराधियों पर राजनीति

गंभीर अपराधों को लेकर हमारी दृष्टि कितनी चयनित होती जा रही है, इसका ताजा उदाहरण बिहार में आनंद मोहन सिंह की रिहाई पर सामने आया है। पूर्व सांसद और राजनेता आनंद मोहन सिंह को 1994 में नौकरशाह और गोपालगंज के तत्कालीन कलेक्टर जी. कृष्णैया की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था।

जी. कृष्णैया की कथित रूप से आनंद मोहन सिंह द्वारा उकसाई गई भीड़ ने हत्या कर दी थी। गैंगस्टर से राजनेता बने सिंह को 2007 में बिहार की एक निचली अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। हालांकि, पटना हाईकोर्ट ने इसे आजीवन कारावास में बदल दिया था, उस आदेश को 2012 में सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था। लेकिन हाल ही में बिहार सरकार ने जेल नियमों में कुछ संशोधन किए हैं, जिसके बाद मंगलवार को 27 कैदियों की रिहाई की अधिसूचना जारी की गई है और रिहा होने वालों में पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह का नाम भी है। अधिसूचना में कहा गया है कि, 20 अप्रैल को बिहार राज्य दंड छूट परिषद की बैठक के आलोक में 14 साल की वास्तविक सजा या 20 साल की सजा काट चुके कैदियों की रिहाई के लिए निर्णय लिया गया। इससे पहले इस महीने की शुरुआत में बिहार सरकार ने ड्यूटी पर एक लोक सेवक की हत्या के दोषियों के लिए जेल की सजा को कम करने पर रोक लगाने वाले खंड को हटा दिया था। अधिसूचना जारी होने के बाद आनंद मोहन सिंह की रिहाई का रास्ता साफहो गया, लेकिन इस पर विवाद भी खड़े हो रहे हैं। कई राजनेता नीतीश सरकार के इस फैसले पर सवाल उठा रहे हैं और इसे राजनैतिक मकसद से लिया गया फैसला बता रहे हैं।

बसपा सांसद मायावती ने आनंद मोहन सिंह की रिहाई को दलित विरोधी फैसला बताया है, क्योंकि जी. कृष्णैया दलित समुदाय से आते थे। उनका कहना है कि देश भर के दलित समाज में इस फैसले से काफी रोष है। चाहे कुछ मजबूरी हो किन्तु बिहार सरकार इस पर जरूर पुनर्विचार करे। मायावती की राजनीति का आधार दलित वोटबैंक है और इसलिए उन्होंने जी.कृष्णैया के हत्यारे की रिहाई पर आवाज उठाई है, ताकि दलित समुदाय के बीच इसका सही संदेश जाए। लेकिन जदयू ने मायावती के इस विरोध पर पलटवार करते हुए उन्हें भाजपा की बी टीम कहा है। मायावती पर यह आरोप अकारण नहीं लगे हैं, क्योंकि बिल्किस बानो के दोषियों की रिहाई से लेकर कई मौकों पर उन्होंने भाजपा सरकार के कई विवादित फैसलों पर चुप्पी साध रखी है। हत्या जैसे जघन्य अपराध पर अपनी सुविधा के अनुसार विरोध नहीं किया जा सकता है। भाजपा की ओर से अमित मालवीय ने ट्वीट किया कि राजद की कुटिल चालों के सामने घुटने टेकने के लिए नीतीश कुमार को शर्म आनी चाहिए। इस से समझा जा सकता है कि नीतीश कुमार के इस फैसले को अमित मालवीय राजद के दबाव में लिया फैसला बता रहे हैं, जो अब बिहार सरकार में नीतीश कुमार का गठबंधन सहयोगी है।

लेकिन नीतीश कुमार अगर भाजपा के साथ सरकार में रहते हुए यही फैसला लेते तो क्या अमित मालवीय तब भी उन्हें शर्मिंदा होने कहते। और क्या श्री मालवीय भाजपा के सांसद और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के लिए भी यही कहेंगे, क्योंकि आनंद मोहन की रिहाई पर राज्य सरकार के कदम का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा है कि 'गरीब आनंद मोहन' मामले में 'बलि का बकरा' बन गया और 'लंबे समय तक जेल में रहा।' गिरिराज सिंह को आनंद मोहन बलि का बकरा नजर आ गया, लेकिन देश की जेलों में न जाने कितने निर्दोष लोग कैद हैं, कितने ही विचाराधीन कैदी अपराध से अधिक की सजा काट लेते हैं और बाद में पता चलता है कि उन पर तो इल्जाम ही साबित नहीं हुआ। व्यवस्था की कमियों के शिकार ये लोग असल में बलि के बकरे कहे जा सकते हैं, क्या इनके लिए गिरिराज सिंह ने कोई चिंता कभी व्यक्तकी है?

आनंद मोहन की रिहाई पर आईएएस एसोसिएशन ने भी चिंता व्यक्त की है। सेंट्रल आईएएस एसोसिएशन ने कहा कि कैदियों के वर्गीकरण नियमों में बदलाव करके गोपालगंज के पूर्व जिलाधिकारी स्वर्गीय जी. कृष्णैया की नृशंस हत्या के दोषियों को रिहा करने के बिहार सरकार के फैसले पर एसोसिएशन गहरी निराशा व्यक्त करता है।

देश के नौकरशाहों के शीर्ष निकाय का मानना है कि बिहार में नियमों में बदलाव गैंगस्टर से नेता बने आनंद मोहन सिंह की रिहाई की सुविधा प्रदान करेगा, जो एक दलित आईएएस अधिकारी की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। इस तरह के कदम से लोक सेवकों (आईएएस अफसरों) का मनोबल टूटता है, सार्वजनिक व्यवस्था कमजोर होती है और न्याय प्रशासन का मजाक बनता है। आईएएस अधिकारियों के मनोबल और न्याय व्यवस्था को लेकर एसोसिएशन की चिंता बिल्कुल वाजिब होते हुए भी सुविधाजनक विरोध का उदाहरण है।

हत्या के दोषियों की रिहाई से समाज में सही संदेश नहीं जाएगा, इन दोषियों पर कार्रवाई करने वालों की हिम्मत पस्त होगी और पीडि़्तों को नाइंसाफी का अहसास होगा। यह बात केवल एक आईएएस अधिकारी के हत्यारों पर नहीं, बिल्किस बानो के बलात्कारियों और उनके रिश्तेदारों के हत्यारों पर भी लागू होती है। लेकिन जब पिछले साल अगस्त में गुजरात सरकार ने बिल्किस बानो के दोषियों को रिहा किया, तब एसोसिएशन ने इस तरह की निराशा शायद व्यक्त नहीं की। बल्कि तब तेलंगाना की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी स्मिता सभरवाल ने इस फैसले पर हैरानी और दुख जताते हुए ट्वीट किया था, तो आईएएस अधिकारियों में इस पर विमर्श छिड़ गया था कि लोकसेवकों को सोशल मीडिया पर इस तरह के फैसलों पर टिप्पणी करना चाहिए या नहीं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पुलिस ने किया भंडाफोड़

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

- शातिर बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे
- भारी मात्रा में निर्मित शस्त्र हुये बरामद, साथी भाग निकला



कोतवाली पुलिस की टीम ने चुंगी नंबर 4 के पास खंडहर में चल रही असलहा फैक्टरी पकड़ी। टीमों ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया जबकि दूसरा आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस ने मौके से बड़ी संख्या में असलहे बरामद किए हैं। सीओ रविंद्र गौतम ने कोतवाली में मामले का खुलासा किया।

युवाओं में अवैध असलहा का क्रेज दिन व दिन बढ़ता ही जा रहा है और लूट-हत्या जैसी घटनाओं को इन्हीं अवैध असलहों से अंजाम दिया जा रहा है। कुछ लोग अवैध असलहों का निर्माण कर युवाओं को चंद रुपयों के खतिर अपराधी बना रहे हैं। पुलिस ऐसे अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। कोतवाली में सीओ रविंद्र गौतम ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गुरूवार की रात कोतवाल कुलदीप तिवारी को सूचना मिली कि चुंगी नंबर 4 से 500 मीटर दूर वेदप्रकाश के खेत में एक खंडहरनुमा मकान है। उक्त मकान में कुछ लोग असलहा बनाने का काम कर रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कोतवाल, एसएसआई आनंद सिंह आदि की टीम ने छापेमारी कर अवैध असलहा बना रहे अशफाक उर्फ चिरकुट्टा निवासी मोहल्ला खटीकान को पकड़ लिया। जबकि दूसरा आरोपी रुस्तम मौके से भाग निकला। पुलिस ने मौके से 10 अदद तमंचा व पौनिया के साथ 2 जिंदा कारतूस व तमंचा बनाने वाले उपकण भी बरामद किए। कोतवाल कुलदीप तिवारी ने बताया कि 4 तमंचा 315 बोर 1 पौनिया व 1 तमंचा 12 बोर चालू हालत में बरामद किए। इसके अलावा 1 पौनिया, 1 तमंचा 315 बोर, 1 तमंचा 32 बोर व 1 तमंचा 12 बोर बिगड़ी हालत में बरामद किए। एक तमंचा की नाल व बॉडी अलग अलग मिली। वहीं, 4 नाल 315 बोर, 4 नाल 12 बोर व 2 जिंदा कारतूस भी मौके से बरामद किए गए हैं। सीओ ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बताया कि उक्त आरोपी पर विभिन्न मामलों में पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

# गुलाब ने गिनाये विकास कार्य, मांगा कैलाशी के लिये जनता से समर्थन

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद की निर्दलीय प्रत्याशी कैलाशी गुलाब सिंह जाटव ने अपने समर्थकों के साथ नगर के विभिन्न मोहल्लों में जाकर उनके पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने नगर विकास का आश्वासन भी दिया। नगर पालिका अध्यक्ष पद पर गुलाब सिंह जाटव रह चुके हैं। अबकी बार उनकी पत्नी कैलाशी गुलाब जाटव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। वह नगर में उनके पति द्वारा कराए गए विकास कार्यों को गिनाकर जनता के समक्ष हैं। अपने जनसंपर्क अभियान में वह गुलाब सिंह जाटव द्वारा नगर में कराए गए विकास कार्यों को गिनाकर कहती हैं। जिस प्रकार उनके पति ने नगर का विकास किया है, वह सभी जानते हैं। इसी विकास की गंगा को आगे भी बहाना है तो नगर की जनता उन्हें अपना समर्थन देगी। यदि नगर के लोग उन्हें चुनते हैं तो विकास कार्यों के सहारे नगर को विकसित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। उनके जनसंपर्क अभियान में समाज के सभी वर्गा के लोग नजर आ रहे हैं। इस मौके पर संतोष शर्मा, दीपेंद्र सोनी, किशोर कुमार वर्मा, चंद्रपाल सिंह, इमरान अंसारी, सोमिल याज्ञिक आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### कस्बा ओयल में आदर्श आचार संहिता का उलंघन लगातार जारी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका ओयल ढकवा कस्बे में आदर्श आचार संहिता का उलंघन लगातार किया जा रहा प्रत्याशियों द्वारा अधिकारी कह रहे कि। बिना लोभ लालच के चुनाव करा रहे है। लेकिन आपको बता दें कि। कस्बे में उम्मीदवारों द्वारा वोटरों को खुलेआम शराब, मीट और नगद पुरस्कार देकर रिझाया जा रहा। वही समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार स्नेहलता पत्नी आक्रोश गांधी लगातार मुर्गा मीट खिलाकर जनता के साथ कर रहे धोखा। वही निर्दलीय प्रत्याशी प्रतिभा गौतम भी जनता को खिला पिला कर लेना चाह रही वोट। वही भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। अब समझ यह नहीं आ रहा है कि। लोगो द्वारा शाम के आठ बजे ही सुरु हो जाती है ओयल कस्बे में दावते फिर भी शासन प्रशासन को नजर नहीं आ रही ये भ्रष्टाचारी नीतियों को। लोगो का मानना है कि। चर्चा है कि चौकी पुलिस भी खूब सपोर्ट कर रही भ्रष्टाचार करने में।

### हस्त निर्मित हर्बल धूपबत्ती से मच्छर भगाएं और घर महकाएं

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** बाजार में बिकने वाली मच्छररोधी क्वायल से निकलने वाला धुआं मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालता है। इसका धुआं इतना खतरनाक है, कि इससे कई बार लोगों की जान तक चली गई है। लेकिन इस सबके बीच एक अच्छी खबर यह भी है कि बिसवां क्षेत्र की कुछ महिलाओं ने हर्बल मच्छररोधी धूपबत्ती तैयार किया है। यह विशुद्ध देशी नुस्खा मच्छर और मच्छरजनित बीमारियों से परेशान लोगों को खूब भा भी रहा है। यह क्वायल मच्छरों को भगाने के साथ ही घर के वातावरण को भी शुद्ध कर रही है। जिले के आला-अफसरों की यह पसंद भी बनी हुई है।नो स्मोक क्वायल भी नुकसानदायक बिसवां सीएचसी के अधीक्षक डॉ. अमित कपूर का कहना है कि नो स्मोक (क्वायल) में धुआं नहीं होता है और मच्छर भाग जाते हैं। लेकिन यह भी सेहत के लिए हानिकारक है। धुआं रहित क्वायल से कार्बन मोनोऑक्साइड काफी मात्रा में निकलता है। कार्बन मोनोऑक्साइड फेफड़ों को काफी नुकसान पहुंचा सकता है। कई लोग नो स्मोक कॉइल जलाने के बाद कमरा बंद कर लेते हैं, जिसके कारण सांस के माध्यम से केमिकल इंसान के शरीर में चला जाता है। जो लंबे समय में दिल, दिमाग और फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है। छोटे बच्चों के कमरे में कभी भी नो स्मोक कॉइल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

### पुलिस ने छापा मारकर भारी मात्रा में अंग्रेजी, देशी शराब पकड़ी



**कुसमिलिया (जालौन), समृद्धि न्यूज।** चुनाव में शराब का प्रयोग रोकने के लिए पुलिस ने इन दिनों सघन चेकिंग अभियान चलाया हुआ है। इसी के तहत डकोर थाना पुलिस ने एक घर में छापा मारकर 720 देशी शराब के क्वार्टर 408 केन वियर 72 अंग्रेजी शराब क्वार्टर बरामद की।साथ मे पुलिस ने दो लोगो को गिरफ्तार भी किया है। डकोर थानाध्यक्ष ने बताया कि शुक्रवार को डकोर थाना पुलिस ने खरका गांव में रमेश राजपूत के मकान पर छापा मारा जहां पर 720 देशी शराब क्वार्टर, 408 केन वियर, 72 अंग्रेजी शराब क्वार्टर बरामद किये हैंऔर साथ ही रमेश राजपूत पुत्र स्व. राधाकिशन और दीपक कुमार पुत्र रमेश राजपूत निवासी खरका को मौके पर गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही दोनों अपराधियों का पुराना आपराधिक इतिहास भी मिला है।



### महिंद्रा ने लॉन्च की नई मैक्स पिकअप रेंज 7.85 लाख से शुरू

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** शहर लखीमपुर के एलआरपी चौराहे पर स्थित महिंद्रा मूसाराम एंटर प्राइजेज लि. ने आज नई मैक्स पिकअप रेंज का अवतरण हुआ। इस रेंज में ग्राहक को अपनी जरूरत के अनुसार गाड़ी का चुनाव कर सकते है। जैसे लोड छमता 1.2 टन से लेकर 2 टन तक लोड पासिंग उपलब्ध है। इस रेंज की सबसे खास बात आई-मैक्स टेक्नोलॉजी जो इसको अन्य कॉम्पिटिशन गाड़ियों से अलग करती है, इस टेक्नोलॉजी की विशेषता है गाड़ियों की ट्रैकिंग, फ्लीट का मैनेजमेंट वा गाड़ियों का रखरखाव आसान बनाता है। इस अवसर पर महिंद्रा एन्ड महिंद्रा के एएसएम दीपक चक्रवर्ती, मूसाराम कंपनी के चैयरमैन प्रेम शंकर अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, देश दीपक अग्रवाल, जीएम अमित बाजपाई, एच हेड अनुजा शंकर, एसएम शाहनवाज सहित शहर के प्रमुख व्यापारियों वा मार्केट लोड ऑपरेटरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# गोली लगने से हुई महिला की मौत

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

- मौके पर पहुंचे अधिकारी
- लाइसेंसी बंदूक से चली गोली, हत्या या आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गोपालगंज में गुरुवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में लाइसेंसी बंदूक की गोली लगने से महिला की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मामले की खबर मिलते ही एसपी, एएसपी व सीओ, कोतवाल फॉरेंसिक टीम सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। मौके पर पहुंचे एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर कोतवाली के मोहल्ला गोपालगंज निवासी प्रीति यादव 43 वर्ष पत्नी महेंद्र सिंह यादव को गुरुवार की देर रात लाइसेंसी बंदूक से गोली लग गई। गोली लगने से घायल हुई महिला खून से लथपथ होकर वहीं गिर गई। गंभीर हालत में पड़ी महिला को देख परिजन घबरा गए और आनन-फानन में उसे उठाकर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज गए गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही मामले की खबर मिलते ही पुलिस अधीक्षक ईरज राजा व अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी एवं क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर, कोतवाली प्रभारी शिव कुमार राठौर व फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मामले में एसपी ने बताया कि गन शॉट की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की है। इतना ही नहीं बल्कि घटना में सही अंजाम तक पहुंचने के लिए फॉरेंसिक टीम को लगाया गया। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घटना को लेकर हर पहलू पर बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है। हत्या या आत्महत्या यह जांच के बाद तय हो पाएगा।

### पुलिस व एसएसबी जवान की संयुक्त टीम द्वारा नगर में किया गया फ्लैग मार्च

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** सुरक्षा और क़ानून व्यवस्था व निकाय चुनाव के मद्देनजर गोला थाना प्रभारी सुनील कुमार दुबे के नेतृत्व में एस.एस.बी. जवानों के साथ निकाला गया फ्लैग मार्च, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रहे और बनी रहे शांति, अपराध व चोरी करने वालो एवं असामाजिक तत्वों में में बना रहे खौफ, गोला कोतवाली के समस्त पुलिसकर्मी एवं एस. एस. बी. के जवान हुए शामिल, गोला नगर के सभी प्रमुख मार्गो पर पैदल हुई गस्त, इस मौके पर गोला थाना प्रभारी सुनील कुमार दुबे, क्राइम इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार यादव व समस्त चौकी प्रभारी, एसएसबी जवानों के साथ पुलिस बल भी फ्लैग मार्च में शामिल रहा।

# कारागार मंत्री ने सियाशरण व्यास के समर्थन में घर-घर किया जनसंपर्क

**कोटरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

- जनसभा में भाजपा सरकार की बताई उपलब्धियां

नगर पंचायत कोटरा पहुंचे प्रदेश के कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने भाजपा के नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सियाशरण व्यास के समर्थन में एक ओर जहां घर-घर मतदाताओं से जनसंपर्क कर समर्थन मांगा तो वहीं उन्होंने कस्बे में जनसभा को संबोधित करते हुये प्रदेश सरकार की विकास परक योजनाओं की जनता को जानकारी भी दी।

जनसभा के दौरान कारागार मंत्री ने कस्बे की जनता के साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और एकजुट होकर कार्य करने को कहा। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार और योगी सरकार की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि देश में विकास कार्य निरंतर हो रहा है और प्रदेश भी विकास अपने पथ पर है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है और वर्तमान में प्रदेश में गुंडागर्दी भी समाप्ति की ओर है। कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे प्रदेश के कारागार मंत्री ने भाजपा के बूथ अध्यक्षों, सेक्टर अध्यक्ष एवं समस्त भाजपा के कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और कहा कि अगर आप सभी भाजपा प्रत्याशी सियाशरण व्यास को सेवा का मौका देते हैं तो एक बार कोटरा आकार समस्त जनता का सम्मान करेगें। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग यदि एक जुट होकर कार्य करके भाजपा प्रत्याशी को जिताते हैं तो वह कोटरा आकर समस्त कार्यकर्ताओं का सम्मान करेंगे क्योंकि कार्यकर्ताओं के द्वारा ही हम मंत्री बनें हैं। लोकतंत्र में कार्यकर्ताओं एवं जनता के आशीर्वाद से विधायक, सांसद बनते हैं। उन्होंने नगरवासियों से कहा कि यदि कस्बा कोटरा को विकसित बनाना है और विकास मॉडल अपनाना है तो कोटरा से भाजपा प्रत्याशी को आप सभी आशीर्वाद देकर सेवा का मौका दें। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष नागेंद्र गुप्ता, जिला महामंत्री अग्निवेश चतुर्वेदी, नगर निकाय संयोजक किशोरी लाल बापू, निकाय प्रभारी विनोद अहिरवार एवं मंच के संचालक मोहित तिवारी मौजूद रहे।

# माता इंद्राणी देवी इंटर कॉलेज के मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**कुसमिलिया(जालौन), समृद्धि न्यूज।**



डकोर कस्बा में स्थित माता इंद्राणी देवी इंटर कॉलेज डकोर में शुक्रवार को मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह किया गया। जिसमें हाईस्कूल व इंटरमीडिएट 2023 की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यालय के टॉप फाइव छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

शिशुपाल सिंह यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रबंधन में संचालित माता इंद्राणी देवी इंटर कॉलेज डकोर विगत कई वर्षो से विद्यालय में बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र, छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु उनकी प्रतिभा का सम्मान करता है। इस वर्ष आयोजित बोर्ड परीक्षा में विद्यालय इंटरमीडिएट की मेधावी सूची में प्रथम स्थान पर आंशी, द्वितीय स्थान पर प्रिया कुशवाहा, तृतीय स्थान पर मुस्कान और हाईस्कूल में प्रथम स्थान पर श्रेयांश, द्वितीय स्थान पर नीरज, तृतीय स्थान पर विनीता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के अन्य छात्र छात्राओं को सांत्वना पुरुष्कर प्रदान कर मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया गया। जिससे विद्यार्थी बहुत प्रफुल्लित दिखाई दे रहे थे और अपने सहपाठियों को आपस में मिष्ठान खिलाकर खुशी जाहिर करते नजर आए ।मेधावी सम्मान समारोह में सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य संत सिंह यादव ने कहा कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता, जो छात्र अनुशासन में रहकर नियमित लगन और परिश्रम के साथ पाठ्य विषयों की तैयारी करते हैं, उन्हें सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव उत्पन्न होता है। छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ ही परिश्रम से पठन-पाठन करने वाले शिक्षकों को भी बधाई दी। इस अवसर पर अध्यापक लक्ष्मीकांत तिवारी , हेमंत सिंह, सुनील , संजय कुमार भरतराम वर्मा, अखिलेश समाधिया, अब्दुल शाकिर, आरती, रंजना, अंकिता, अनीता व छात्र छात्राएं सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# पोलिंग बूथों पर दिव्यांगजनों के लिये रैंप निर्माण का एसडीएम ने दिये निर्देश

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**




डॉ. अंबेडकर इंटर कालेज में बने 10 पोलिंग बूथों पर बुजुर्गो व दिव्यांगों की सुविधा के लिए रैंप का अभाव था। नगर पालिका द्वारा बनाई जा रैंप का एसडीएम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। जिसमें स्कूल परिसर में सभी रैंप का काम पूरा होता मिला। नगर निकाय के चुनावों को देखते हुए नगर के पोलिंग बूथों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया जा रहा है। एसडीएम सुरेश कुमार ने दो दिन पूर्व डॉ. अंबेडकर इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया था। जिसमें विद्यालय में रैंप का अभाव था। जिस पर एसडीएम ने इंटर कॉलेज में बने पोलिंग बूथों पर रैंप बनवाए जाने के निर्देश दिए थे। डॉ. अंबेडकर इंटर कॉलेज में बने 10 बूथों पर रैंप बननी थी। एक चढ़ने व दूसरी उतरने के लिए। एसडीएम के निर्देश पर पोलिंग बूथों पर नगर पालिका परिषद द्वारा रैंपों का निर्माण कराया जा रहा है। शुक्रवार को एसडीएम सुरेश कुमार ने पोलिंग बूथों पर पहुंचकर बन रही रैंपों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैंपों का बनाने का काम लगभग पूरा होता मिला। जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। इस मौके पर जेई नगर पालिका प्रवीण कुमार, लेखपाल वैभव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# जिले के 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को मिला कायाकल्प अवार्ड

## सभी ने जीता सांत्वना पुरस्कार, मिलेंगे एक-एक लाख रुपये

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जिले के पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों ने कायाकल्प अवार्ड में सांत्वना पुरस्कार जीता है। सभी अवार्ड विजेता स्वास्थ्य केंद्रों को एक एक लाख रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें 75 प्रतिशत धनराशि अस्पताल के रखरखाव और 25 फीसदी धनराशि स्वास्थ्य कर्मियों को प्रोत्साहन स्वरुप दी जाएगी।

पांच स्वास्थ्य केंद्रों के कायाकल्प अवार्ड में चुने जाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एनडी शर्मा ने चिकित्सक और स्टाफ को बधाई दी है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच, रामपुरा, माधौगढ़, जालौन और कदौरा को कायाकल्प के राज्य स्तरीय अवार्ड में सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह उपलब्धि सभी कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास से हासिल हुई है।

जनपदीय परामर्शदाता क्वालिटी एश्योरेंस डॉ अरुण कुमार राजपूत ने बताया कि कदौरा सीएचसी को सबसे ज्यादा 80.71 प्रतिशत अंक मिले है। कोंच सीएचसी को 74.71 अंक, रामपुरा सीएचसी को 72.14 अंक, माधौगढ़ सीएचसी को 71.43 अंक, जालौन सीएचसी को 70.71 अंक मिले है। कदौरा, माधौगढ़ और जालौन सीएचसी को लगातार तीसरी बार सांत्वना पुरस्कार मिला है। जबकि कोंच सीएचसी को दूसरी बार मिला है। जबकि रामपुरा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रुप में पहली बार यह पुरस्कार मिला है। अभी तक रामपुरा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रुप में पुरस्कार प्राप्त करता रहा है। रामपुरा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रुप में चार बार कायाकल्प अवार्ड मिल चुका है। कायाकल्प अवार्ड योजना चिकित्सा इकाइयों को साफ सुथरा रखने, संक्रमण नियंत्रण कार्य को बढ़ावा देना, बायो मेडिकल बेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था को ठीक कराना और चिकित्सालय के आसपास के चारों तरफ के एरिया को साफ सुथरा रखना है। इसके अलावा रोगी के अधिकार, उत्तरदायित्व और उनकी संतुष्टि वाले कार्यो को बढ़ावा देना है। इनके लिए निर्धारित चिकित्सालय के रखरखाव, स्वच्छता, बेस्ट मैनेजमेंट, संक्रमण नियंत्रण, साफ सफाई को बढ़ावा, सहयोगी सेवाएं, ईको फ्रेंडली सेवा, चाहरदीवारी के बाहर की सेवाओं को लेकर एक निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार अंक दिए जाते है। उन्हीं अंकों के आधार पर पुरस्कार दिया जाता है।

पुरस्कार के लिए न्यूनतम 70 प्रतिशत लाना अनिवार्य है। कायाकल्प के लिए तीन स्तर पर मूल्यांकन किया जाता है। इसमें आंतरिक मूल्यांकन, मंडल स्तरीय मूल्यांकन, राज्य स्तरीय मूल्यांकन किया जाता है।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी क्वालिटी एश्योरेंस डॉ वीरेंद्र सिंह का कहना है कि इस साल आठ में से पांच सीएचसी का कायाकल्प योजना में चयन किया गया है। अगली बार जिले के सभी आठ सीएचसी को इस अवार्ड के लिए प्रतिभाग कराया जाएगा। कोशिश की जाएगी कि प्रदेश में भी जिले की सीएचसी का स्थान बनाया जाए।

# लापता बच्चे का नहर में मिला शव

**पहला-सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम गद्दीपुर से एक बारह वर्षीय लापता बालक का आज सुबह शारदा सहायक नहर के कोतवाली बड्डूपुर अंतर्गत पैतेपुर झाल पर शव उतरता हुआ मिला जिसे कोतवाली पुलिस द्वारा आज सुबह निकलवाकर पी एम हेतु बाराबंकी भेज दिया गया। मिली जानकारी अनुसार थाना सदरपुर क्षेत्र अंतर्गत गद्दीपुर निवासी शिवप्रसाद का बारह वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार मंगलवार शाम करीब छह बजे घर से टहलने निकला था जो वापस नही आया परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका था। पीड़ित परिजनों द्वारा किसी अनहोनी की आशंका के चलते सदरपुर थाने पर गुमशुदगी का प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसका शव आज सुबह शारदा सहायक नहर पैतेपुर में उतरता दिखने पर कोतवाली बड्डूपुर पुलिस ने शव की पहचान हेतु सोशल मीडिया का सहारा लिया और शव को पी एम हेतु जिला मुख्यालय बाराबंकी भेज दिया तथा उसकी पहचान परिजनों द्वारा अपने पुत्र सौरभ के रूप में की गई तथा परिजनों द्वारा उसका शव लेकर अंतिम संस्कार कर दिया गया परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# ग्राम प्रधानों ने पंचायत सचिव को हटवाने के लिए जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**पहला, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड पहला में कई सालो से तैनात और अपनी मनमानी कार्यशैली के लिए जाने वाले ग्राम पंचायत सचिव बिमलेश तिवारी के खिलाफ एकजुट होकर महमूदाबाद विधायिका आशा मौर्या के लेटर पैड पर एक लिखित ज्ञापन जिलाधिकारी सीतापुर को ग्राम प्रधानों द्वारा दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार विकास खंड पहला के ग्राम पंचायत मुसैदाबाद प्रधान सत्येंद्र मौर्य, रसूलपुर तराई प्रधान अनिल कुमार, सरैया कादीपुर प्रधान आरती यादव, सिकंदराबाद प्रधान अंशु वर्मा,खमरिया प्रधान प्रीति वर्मा,बजेहरा प्रधान इरफान अली ने अपनी ग्राम पंचायत में कई सालो से तैनात पंचायत सचिव बिमलेश तिवारी की मनमानी कार्यशैली से क्षुब्ध होकर उनकी शिकायत क्षेत्रीय विधायिका आशा मौर्या से की जिसका संज्ञान लेते हुए विधायिका ने अपने पत्र पत्रांक संख्या 20बी जे पी एम एल ए एम एम बी एस टी पी 23 पर कार्यवाही हेतु लिखित जिलाधिकारी सीतापुर अनुज कुमार सिंह के लिए कार्यवाही हेतु लिखा गया था जिस पत्र को लेकर शुक्रवार को कई ग्राम प्रधानों द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया तथा कार्यवाही की मांग की गई । अब देखने वाली बात यह है कि वह इस पर क्या कार्यवाही करते हे चूंकि कुछ समय पूर्व में भी प्रधानों द्वारा ज्ञापन दिया गया था लेकिन उस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई थी जिससे पंचायत सचिव का मनमाना पन चरम पर पहुंच गया था और विकास कार्य बाधित हो रहा था चूंकि ग्राम पंचायत सचिव अपनी विवादित कार्यशैली के लिए पहले से ही खूब जाने जाते हैं।

### अवैध शस्त्र सहित दो गिरफ्तार

**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी बिसवां के निकट पर्यवेक्षण में थाना बिसवां पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान कोटरा पुल मंदिर के पास से दो अभियुक्त शकील पुत्र इम्तियाज निवासी ग्राम पिपरी गनेशपुर थाना बिसवां जनपद सीतापुर व कल्लू उर्फ शुभकरन पुत्र बंशीलाल निवासी ग्राम बुढनापुर थाना बिसवा जिला सीतापुर को एक एक अदद तंमचा मय एक एक अदद कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 185/23,186/23 धारा 25(1-क्ब) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है ।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 हरिप्रकाश यादव हे0का0 राममोहन कुशवाहा का0 प्रमोद कुमार 4.का0 नरेश का0 अंकुश आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने सभी विभागाध्यक्षो को दिए निर्देश, प्राइवेट कर्मचारी नहीं करेंगे काम

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

में जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सरकारी अफसरों के कार्यालयों में प्राइवेट कर्मियों से सरकारी काम करवाने को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। और वही जिलाधिकारी ने अफसरों को हिदायत देते हुए निजी कर्मियों को तत्काल प्रभाव से हटाकर स्वयं कार्य करने का आदेश जारी किया है। तथा डीएम ने सभी विभागध्यक्षों को निर्देश देते हुए सभी से एक शपथ पत्र भी देने की बात कही है। इस शपथ पत्र के बाद अगर किसी भी कार्यालय में प्राइवेट कर्मियों से काम करवाता हुआ पाया जाता है। तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही कर के केस दर्ज कराने की चेतावनी दी है। और डीएम अनुज सिंह ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने व सरकारी कार्यों की गोपनीयता को देखते हुए अब अफसरों पर लगाम कसी है। तथा डीएम ने सभी विभागध्यक्षों के शपथ पत्र भी मांगा है जो कि एक दिन के भीतर ही डीएम कार्यालय में जमा करना है, जिसमें यह प्रमाण देना है कि उनके कार्यालय में अब कोई प्राइवेट कर्मी काम नहीं कर रहा है। डीएम का कहना है कि इस शपथ पत्र के बाद भी अगर निजी कर्मी काम कराने की शिकायत मिलती है और जांच के बाद संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और साथ ही केस भी दर्ज कराया जाएगा।

# ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएं निकाय चुनाव में कमल खिलाएं : योगी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़**




नगर निकाय चुनाव को लेकर सीएम योगी ने सीतापुर और लखीमपुर खीरी का दौरा किया। इस दौरान सीएम ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने नगर निकाय चुनाव को देवासुर संग्राम बताया। कहा कि कभी इसी नैमिषारण्य की धरती से महर्षि दधिचि ने दैवीय शक्तियों के विजय के लिए इंद्र को अपनी अस्थियां वज्र बनाने के लिए दी थीं। यह चुनाव भी हमारे लिए देवासुर संग्राम से कम नहीं है।

यह वक्त भी इस चुनाव में भ्रष्टाचारियों, माफिया और अपराधियों को सबक सिखाने का है। इसलिए अबकी बार डबल इंजन की सरकार नहीं, अब ट्रिपल इंजन की सरकार लाना है। काशी,अयोध्या की तर्ज पर अब 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि नैमिषारण्य का भी कायाकल्प होगा। सीएम योगी सबसे पहले सीतापुर पहुंचे। ऋषियों की तपोभूमि मिश्रिख तीर्थ स्थल मेला मैदान पर मंच से संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने तय किया है कि नैमिषारण्य का भी चौमुखी विकास होगा। इसके लिए सरकार ने सीतापुर में 2.50 लाख गरीबों को आवास योजना का लाभ दिया है।

वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत सीतापुर की दरी अब विदेशों में भी चमकाने के काम डबल इंजन की सरकार ने किया है। युवाओं को यूपी में ही मिलेगी नौकरी% सीएम ने कहा, सभी युवाओं को नौकरी मिलेगी। सभी के हाथों में टैबलेट दिया गया है, लोग तकनीकी दृष्टि से सक्षम होंगे। ??ऐसे युवाओं के टैलेंट को टेक्नोलॉजी से जोड़कर यूपी में ही नौकरी दी जाएगी। इसके लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसके लिए डबल इंजन की सरकार नहीं, अब ट्रिपल इंजन की सरकार लाना है। नगर निकाय के चुनाव में अपना भारी सहयोग दें। योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पुहंचगा। मंच पर निकाय चुनाव में बीजेपी के प्रत्याशी व मौजूदा विधायक मौजूद रहे। सीएम ने कहा कि काशी,अयोध्या की तर्ज पर अब 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि नैमिषारण्य का भी कायाकल्प होगा। %अपराध मुक्त प्रदेश बनाने के लिए बीजेपी का होना जरूरी है% सीएम ने अपराधियों की नकेल कसने पर भी बोला है। उन्होंने कहा कि अब अपराध मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था देने के लिए, नगरों को स्मार्ट सिटी के रूप में बदलने के लिए भारतीय जनता पार्टी का होना जरूरी है। इस दौरान सीएम को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा की दृष्टि से भी पुलिस प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए थे। बता दें कि सीतापुर जनपद में 11 निकाय पदों पर 4 मई को मतदान होना है। बीजेपी ने 9 निकाय पदों पर अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। कार्यक्रम के दौरान मंच पर निकाय चुनाव में खड़े 9 प्रत्याशी उपस्थित रहे। मंच पर 8 विधायक और एमएलसी सहित 9 बीजेपी प्रत्याशी मौजूद रहे।

## शिक्षकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा



सोनभद्र। जनपद के सभी सम्मानित शिक्षकों को ज्ञात है कि विभाग द्वारा हाल ही में एक लिंक जारी किया गया जिसमें वीडियो व वायस काल के लिये सभी का मोबाइल नम्बर माँगा जा रहा है, जो हमारी निजता का पूर्णतः हनन है। महिला शिक्षक संघ ने शिक्षकों की वीडियो व वायस काल से निगरानी करने पर आपत्ति जाहिर किया है। कहा है कि शिक्षकों के लिए डिफाल्टर जैसा शब्द आपत्तिजनक है। संगठन की गुरुवार को हुई वर्चुअल बैठक में जिलाध्यक्ष कौसर जहां सिद्दीकी ने कहा कि शिक्षकों के उत्पीड़न की कार्यवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही साथ इस समय शिक्षकों द्वारा परिवार सर्वेक्षण का भी कार्य कराया जा रहा है, जिसकी महिला शिक्षक संघ द्वारा घोर निन्दा किया गया है। ऐसे गैर विभागीय कार्य शिक्षकों द्वारा करने से बच्चों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। जरूरत पड़ी तो संगठन शिक्षकों के हित में धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। बैठक में गायत्री त्रिपाठी, कुंजलता त्रिपाठी, कोमल साहू वर्षा वर्मा, नामिता, सोनाली मजुमदार, साजिदा शाहिद, संगीता समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहीं।

## भाजपा संगठन ने चुनाव को लेकर शुरू की सक्रियता

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**




नगर निगम अयोध्या में महापौर व पार्षदों के चुनाव को लेकर भाजपा संगठन एक्टिव मोड पर आ गया है। शुक्रवार की सुबह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने चुनाव में ऐतिहासिक विजय की रणनीति संगठन की बैठकों में तैयार की।सुबह सात बजे उन्होने करिअप्पा मंडल की बैठक सिविल लाईन स्थित पार्टी कार्यालय इसके उपरान्त देवकाली मंडल की बैठक पंचशील होटल में,अयोध्या मंडल की बैठक तीन कलश तिवारी मंदिर में लिया।बैठक में सभी मंडल के सभी पदाधिकारी, सेक्टर प्रमुख,वार्ड अध्यक्ष, प्रभारी व संयोजक व अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। तीनों बैठकों में भाजपा प्रत्याशी महंत गिरीश पति त्रिपाठी मौजूद रहे।इन बैठकों में भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री सिंह ने कहा कि भाजपा का कोई भी पदाधिकारी सुबह चाय अपने घर पर नहीं पियेगा।यह चाय चौराहे पर अपनी टीम के साथ बैठक पी जायेगी। इस दौरान चुनाव को लेकर चर्चा करनी है तथा जनता की राय भी लेनी है।हर बूथ सर्वस्पर्शी होना चाहिए।चुनाव में बूथ तथा पन्ना प्रमुखां की बड़ी भूमिका है।सभी पन्ना प्रमुखों का सक्रिय होना अति आवश्यक है।पन्ना प्रमुख रोज अपने पेज में मौजूद मतदाताओं से रोजाना सम्पर्क व संवाद करके उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें। रोजाना इनकी बैठक लेकर दिन भर की समीक्षा की जाय।इसके साथ में रोजाना वार्ड की बैठकें करके अगले दिन की रणनीति बनायी जाय।भाजपा के प्रत्येक पदाधिकारी को अपने बूथ को जिताने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी होगी।इसके लिए बूथ की बैठकों व जनसम्पर्क में शामिल होना चाहिए।तीन दिन के भीतर हर घर में अपनी पहुंच बनानी होगी।जनसम्पर्क की टीम में महिला पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्मलित करना है।पदाधिकारियों को सामूहिक रुप से वार्ड में भ्रमण करना है। महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि नगर निगम चुनाव में हमें हर बूथ पर विजय के लक्ष्य को लेकर चलना है।इसकी निरंतर समीक्षा तथा एक बेहतर रणनीति को लेकर सभी को चलना है।

## सपा सरकार ने बाराबंकी शहर को सवारने सजाने के किया था कार्य

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



शहर को संवारने सजाने एवं खूबसूरत बनाने का जो काम समाजवादी पार्टी की सरकार मे हुआ था उस स्तर का कोई भी कार्य आज तक दोबारा शहर में नहीं हो सका। उक्त बातें समाजवादी पार्टी से नगर पालिका परिषद नवाबगंज से अध्यक्ष पद की प्रत्याशी श्रीमती शीला सिंह वर्मा ने बेगमगंज, मुंशीगंज, लक्ष्मणपुरी कॉलोनी एवं दशहरा बाग खलरिया में मतदाताओं से समर्थन मांगते हुए कहीं, श्रीमती शीला सिंह ने जन समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि सपा सरकार ने शहरवासियों की सुविधा के लिए तमाम ऐसे काम किए हैं जो जनता के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं क्योंकि समाजवादी पार्टी सभी धर्म संप्रदाय के लोगों को खुशहाली से जोड़ने की नीति पर हमेशा कार्य करती है यही एक ऐसी पार्टी है जो शहरों का सुनियोजित विकास करने में विश्वास रखती है आप सभी को याद होगा जब हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने नगर को खूबसूरत बनाने के लिए तमाम धन आवंटन किया था उसी पैसे से बाराबंकी नगर का चौमुखी विकास हुआ था, इसलिए मैं आपसे प्रार्थना करने आई हूं कि आप अपना मत और समर्थन मुझे देकर जिताने का काम करें, मेरे द्वारा उन सभी योजनाओं लागू किया जाएगा जिन को लागू करने का वादा अखिलेश यादव ने प्रदेश वासियों से किया है।

## मायके जा रही गर्भवती महिला ने बीच चौराहे पर बच्चे को दिया जन्म

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



रायबरेली जनपद से चलकर लखनऊ जनपद स्थित मायके के लिए जा रही महिला ने प्रसव पीड़ा के बाद नगर के मुख्य चौराहे पर बच्चे को जन्म दे दिया। इसी बीच जनसंपर्क अभियान पर जा रहे चेयरमैन प्रत्याशी आलोक तिवारी द्वारा समर्थकों एवं महिला पुलिस के सहयोग से जच्चा बच्चा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया गया जहां पर उपचार के दौरान जच्चा बच्चा स्वस्थ बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार रायबरेली जनपद के थाना महाराजगंज अंतर्गत थुलवासा गांव निवासी वीरेंद्र शर्मा की पत्नी अनुपमा शर्मा 32 वर्ष अपने लगभग डेढ़ वर्षीय पुत्र को साथ लेकर हैदरगढ़ चौराहे पहुंची और फिर मुख्य चौराहे पर मौजूद पुलिस बूथ के निकट खड़ी होकर लखनऊ जनपद के खुर्दही कस्बे जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी इसी बीच महिला को तेज प्रसव पीड़ा हुई और देखते ही देखते महिला ने सड़क पर ही नवजात को जन्म दे दिया इसी दरमियान जनसंपर्क अभियान के लिए अपनी गाड़ी से समर्थक अनुज शुक्ला विवेक शुक्ला के साथ निकल रहे आलोक तिवारी की नजर पड़ी साथ ही मौके पर मौजूद उपनिरीक्षक संजय यादव के निर्देश पर महिला सिपाही अनसूया व पीआरडी जवान पुष्पा द्वारा जच्चा बच्चा को तत्काल आलोक तिवारी की गाड़ी में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर मौजूद डॉक्टर पी के गुप्ता द्वारा जच्चा बच्चा का तत्काल इलाज चालू कर दिया गया जहां पर जच्चा बच्चा स्वस्थ बताए जाते हैं वही तिवारी द्वारा महिला के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## टीआरसी लॉ कॉलेज में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मूटकोर्ट प्रतियोगिता का हुआ क्वार्टर व सेमीफाइनल का शुभारम्भ




**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

शुक्रवार को सतरिख स्थित टीआरसी लॉ कॉलेज में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय मूटकोर्ट प्रतियोगिता के द्वितीय दिन क्वार्टर फाइनल में आठ टीमों ने एवं सेमीफाइनल में चार टीमों ने प्रतिभाग किया। सेमीफाइनल में विजयी होने वाली दो टीम आज शनिवार को फाइनल राउण्ड में प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता के प्रथम सत्र में क्वार्टर फाइनल का आयोजन हुआ जिसमें आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। जिनकी प्रस्तुती एवं बहस को सुश्री सौम्या बरनवाल, विप्लव बरनवाल, कार्तिकेय बाजपेयी, डा. नितीश चतुर्वेदी, अमित वी महाजन, डा. आलोक पाण्डेय, डा. पारस अनेजा, डा. अविनाश मिश्रा ने जज किया। प्रतिभागियों के प्रस्तुतीकरण जैसे हावभाव, तार्किक उत्तर देने की क्षमता, विषय पर अच्छी पकड़ एवं सम्बन्धित विषय पर केस लॉ का प्रस्तुतीकरण आदि पर जजों ने अंक प्रदान किए। सभी जजों द्वारा प्रदत्त अंक की गणना कर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली चार टीमों को सेमीफाइनल के लिए चुना गया। भोजनावकाश के बाद द्वितीय सत्र का शुभारम्भ सेमीफाइनल राउण्ड से हुआ। जिसके जज डा. शिव बहादुर तिवारी एसोसिएट प्रोफेसर, केएनआईपीएसएस सुल्तानपुर, इन्द्रजीत शुक्ला चीफ स्टैण्डिंग काउंसिल, हाईकोर्ट इलाहाबाद, श्री राकेश कुमार मिश्रा वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी तथा डा. पारस अनेजा असिस्टेंट प्रोफेसर, जयपुर विश्वविद्यालय रहे। अन्त में प्रतिभागी टीमों के छात्रों एवं अंक प्रदान करने वाले जजों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विधि महाविद्यालय के प्रबन्धक प्राचार्य, प्रवक्तागण, प्रतिभागी समस्त छात्र छात्राएं एवं समस्त प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर युवकों से ठगे लाखों रुपये, पुलिस जांच में जुटी

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

विदेश भेजने के नाम पर दो भोले भाले युवकों से लाखों रुपए ऐंठकर उन्हें फर्जी वीजा और पासपोर्ट देने का मामला प्रकाश में आया है ।पीड़ित युवकों ने कोठी पुलिस से मामले की शिकायत की है ।

बदोसराय थाना क्षेत्र बरदरी निवासी पीड़ित युवकों दिलीप कुमार और मोहम्मद तुफैल के अनुसार करीब 6 माह पूर्व दिलीप कुमार अपनी भाभी का इलाज कराने बसु कृष्णा नर्सिंग होम पल्हरी चौराहा गया था । वहीं पर कोठी थाना क्षेत्र के असौरी गांव का निवासी अतीक खान उनसे मिला। जहां उसने बताया कि मलेशिया सऊदी अरब में उसने कई लोगों को भेजकर नौकरी दिलाया है और वहां 50 हजार से एक लाख तक प्रतिमाह लोग कमा रहे हैं। यदि तुम लोगों को भी विदेश में नौकरी करना है तो रुपयों की व्यवस्था करो।

भोले भले दिलीप और तुफैल उसके झांसे में आ गए । दिलीप ने उसकी बात का विश्वास कर कई बार में उसे दो लाख बीस हजार रुपया दे दिया ।इसी तरह तुफैल ने भी कई बार में उसे दो लाख 15 हजार रुपया दे दिया ।पीड़ितों ने बताया कि पैसा देने के बाद उन्हें बीते 26 अक्टूबर को तमिलनाडु स्थित तिरुच्चिलापल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचने को कहा गया ।जब वे एयरपोर्ट पर पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि आज का टिकट नहीं हो पाया है।

अगले महीने 3 नवंबर को वे दोबारा एयरपोर्ट गए जहां से उन्हें मलेशिया भेज दिया गया। मलेशिया पहुंचते ही एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने उन्हें रोक लिया और कहा तुम्हारा वीजा और पासपोर्ट दोनों फर्जी हैं । वहां 3 दिन रोकने के बाद उन्हें पुनः तमिलनाडु भेज दिया गया । दोनों पीड़ित किसी तरह वापस घर पहुंचे और अतीक से मिलकर उससे पैसा लौटाने को कहा । जिस पर उसने जल्द ही पैसा लौटाने का आश्वासन दिया था ।कई बार मांगने के बाद भी उसने पैसा नही दिया , उल्टे पीड़ितों को धमकाने लगा ।इस पर दोनों पीड़ितों ने कोठी थाने पहुंचकर इसकी शिकायत कर दी । थाना प्रभारी कोठी का कहना है कि शिकायत मिली है ।मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## जनसेवा के साथ अयोध्या को साफ सुसज्जित रखना मेरी पहली प्राथमिकता



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

समाजवादी पार्टी से नगर निगम प्रत्याशी डॉ आशीष पांडेय दीपू ने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ शुक्रवार को शहर के वशिष्ठ कुंड और सीताकुंड वार्ड में घर घर जाकर जीत के लिए लोगों से उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर पूर्व मंत्री पांडेय ने कहा कि आज अयोध्या की जनता व्यापारी और प्रबुद्ध वर्ग के लोग भाजपा सरकार के झूठे वादों से परेशान हैं और उन्होंने मन बना लिया है कि इस बार अयोध्या नगर निगम का मेयर डॉ आशीष पांडेय दीपू को बनाना है।इस मौके पर सपा प्रत्याशी डॉ पांडेय ने सभी प्रबुद्ध और जनमानस का आशीर्वाद लेते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि मैं आप लोगों के भावनाओं के अनुरूप अयोध्या नगर निगम को सुंदर और सुसज्जित बनाने का कार्य करूंगा और अयोध्या में बढ़े हुए टैक्स को कम करूंगा।

## ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर अनियमितता एवं भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

**गोला-गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**



जहाँ सुबे की प्रदेश व केंद्र सरकार समय-समय पर ग्राम पंचायतों में स्थित प्राथमिक विद्यालयों के विकास व गुणवत्तापरक शिक्षा के लिये उन तमाम योजनाओं को लागू कर विद्यालयों के कायाकल्प की सोच रही है। ताकि गरीब,मजदूर तबके के बच्चे स्वच्छ वातावरण के बीच एक अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सके लेकिन इससे इतर जिम्मेदार सुविधाओं के नाम पर मौका मिलते ही पलीता लगाने में भी कोई कसर नही छोड़ रहे है। जिससे सरकार की मंशा केवल कागजो पर ही क्रियान्वित होकर रह जा रही है।ताजा मामला कौड़ीराम ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पॉल्हीपार का है। जहाँ ग्रामीणों ने पूर्व प्रधान तथा वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि पर विद्यालय के विकास कार्यो में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।मामले में ग्राम पंचायत पॉल्हीपर निवासी रामनारायण यादव द्वारा दाखिल जनसूचना के माध्यम से पता चला कि प्राथमिक विद्यालय के विकास कार्यो के मद में जैसे टाइल्स लगाने व सुंदरीकरण कार्य हेतु पूर्व प्रधान तथा वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि द्वारा वर्ष 2020-21 में लगभग रुपये 8 लाख की धनराशि की निकासी कराई गयी है लेकिन आज तक इन पैसों से विकास नाम के किन्ही कार्यो को मूर्त रूप नही दिया गया।चाहे गांव में पंचायत भवन निर्माण कार्य हो या उसमें कंप्यूटर लगाने का कार्य हो सारे के सारे पैसे का प्रधान प्रतिनिधि द्वारा कहीं न कहीं दुर्प्रयोग किया गया है। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जागरूकता दिखा रामनारायण यादव पुत्र रामगनी निवासी मठिया के माध्यम से मुख्यमंत्री पोर्टल पर इस बात की शिकायत की तदोपरांत उच्चधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेते हुये अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशुतोष पाण्डेय को माह फरवरी 2023 में जाँच हेतु आदेशित किया जिसमें उनके द्वारा किसी रिपोर्ट और कार्यवाही किये बिना ही मिलीभगत से लीपापोती कर इसे इतिश्री कर दिया गया।इधर जब प्रधान प्रतिनिधि को जानकारी मिली तो उन्होनो आनन-फानन में माह अप्रैल 2023 में दोयम दर्जे के माल-मैटीरियल्स के साथ विद्यालय में काम कराना तो शुरू करवा दिया है लेकिन आशंका है कि इसमें सरकारी पैसे का बंदरबाट किया गया है। इस लिये गांव के रामनरेश, धर्मदेव, बबलू, कृष्णा, गणेश, महाबीर, पडोही, श्रीभागवत, राजदेव, रामकुमार, चंदन आदि लोगो की मांग है कि किसी उच्चाधिकारी से कार्यो की गुणवत्ता और धन दुर्प्रयोग की निष्पक्ष जांच करा इसमें लिप्त अधिकारियों एवं संबन्धित लोगो के खिलाफ जनहित में दंडात्मक कार्यवाही किया जाना नितांत आवश्यक है।

## भाकपा ने किया सपा प्रत्याशी के समर्थन का ऐलान

**अयोध्या।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने अयोध्या नगर निगम मेयर पद के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डा आशीष पाण्डेय दीपू को समर्थन देने का एलान किया है।पार्टी मंत्रिपरिषद की पत्रकार वार्ता में इस आसय की घोषणा की गई।पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने झूठ का पहाड़ खड़ा किया है जिसे ध्वस्त किए वगैर लोकतंत्र की हिफाजत मुश्किल है।सिविल लाइन स्थित होटल अवंतिका में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाकपा नेताओं ने कहा कि मौजूदा समय में अयोध्या नगर निगम मेयर पद पर सपा प्रत्याशी भाजपा को हराने में सक्षम है। नेताओं ने कहा कि अयोध्या को भाजपा अपनी प्रयोगशाला बना दिया है,नागपुर के सिद्धांतों को अयोध्या में अमलीजामा पहनाया जाता है।भाकपा मानतीं है कि अयोध्या में भारतीय जनता पार्टी की हार से देशभर में उनकी नींव हिल जाएगी।अयोध्या में भारतीय जनता पार्टी का पतन उनके राजनीतिक समापन का संदेश होगा।पत्रकार वार्ता में पार्टी के जिला सचिव अशोक तिवारी, रामतीरथ पाठक,सूर्य कांत पाण्डेय,शैलेन्द्र सिंह,राम जी राम यादव के अलावा पूर्व मंत्री तेज नारायण पवन पाण्डेय,पूर्व विधायक जयशंकर पाण्डेय भी मौजूद रहे।सपा नेताओं ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

## राजमिस्त्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**सिद्धौर बाराबंकी।** एसएलडब्ल्यूएम के अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतों के राजमिस्त्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। विकास खंड सिद्धौर की ग्राम पंचायत जरगावां में गुरुवार को प्रशिक्षक आशुतोष के निर्देशन में राजमिस्त्रियों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ।जिसमें सहायक विकास अधिकारी पंचायत उमेशचंद्र पटेल , ग्राम प्रधान रजनी जायसवाल , सचिव दीपक कुमार ,अनिल जायसवाल रामू गुप्ता पवन कुमार, वीरेंद्र कुमार राजमिस्त्री अमरचंद, सुभाषचंद्र, अंबरीश,सर्वेश कुमार, शिवबरन, बलराम और ताहिर आदि ने प्रतिभाग किया। गुरुवार 27 अप्रैल से 29 अप्रैल तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में आज नैडफ कंपोस्ट का निर्माण किया गया।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल

**रामनगर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के महादेवा मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।दूसरा चालक अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्राम बंजरिया निवासी रामराज पुत्र बद्री प्रसाद मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी को लेकर बहराइच जा रहे थे जब वह रामनगर महादेवा मार्ग पर स्थित ऑडिटोरियम के निकट पहुंचे उसी वक्त सामने से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात बाइक चालक ठोकर मारकर फरार हो गया।रामराज बाइक समेत सड़क पर गिर गए। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी रामनगर भिजवाया जहां पर हालत नाजुक होने के चलते डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## दो मकानों से हुई हजारों की चोरी

**सिद्धौर बाराबंकी।** कोठी थाना क्षेत्र के सेमरावां गांव में दो अलग-अलग मकानों में घुसकर चोर हजारों के जेवरात व 25 हजार की नकदी समेत खाद्यान्न उठा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। थाना क्षेत्र के सिद्धौर-केसरगंज मार्ग पर मनोज दीक्षित का मकान है। गुरुवार रात वह स्वजनों के साथ घर के बाहर बरामदा में सोए थे।रात में अज्ञात चोर मेन दरवाजा का बेलन खोलकर घर के अंदर दाखिल हो गए। जहां दो कमरों में बक्सों व अलमारी का ताला तोड़कर दो पायजेब, दो माला, अंगूठी, झुमकी और चांदी सिक्का समेत 25 हजार की नकदी उठा ले गए। शुक्रवार सुबह सोकर उठने पर घटना की जानकारी हुई।इसी रात सड़क के उस पार किराए के मकान में रह रहे क्षेत्र के मचपुरा गांव निवासी रामपरीवन धीमान के आंगन में रखा एक कुंतल गेहूं चोर उठा ले गए। सूचना पर पुलिस ने जांच की है।

## जयपुर में जीत के साथ टॉप पर पहुंची राजस्थान, सीएसके को हुआ नुकसान

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल-2023) का शुभारंभ शुक्रवार 31 मार्च से हो गया। आईपीएल के 16वें सीजन का फाइनल 28 मई को अहमदाबाद में खेला जाएगा। आईपीएल 2023 का उद्घाटन मुकाबला गत चैंपियन गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला गया। टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस बार टूर्नामेंट नए तेवर के साथ पुराने अंदाज में लौट रहा है। टीमें होम-एंड-अवे प्रारूप में मैच खेल रही हैं। इंपैक्ट प्लेयर का नियम लागू किया गया है। इस बार 10 फ्रेंचाइजी टीमों को, और क्रग्रुप में बांटा है। आईपीएल के 16वें सीजन के 37वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 32 रनों से पटखनी दी और जीत के साथ ही राजस्थान रॉयल्स प्वाइंट्स टेबल पर पहले स्थान पर पहुंची है, जबकि सीएसके टीम के नेट रन रेट में गिरावट आई है और सीएसके टीम इस हार के साथ तीसरे पायदान पर पहुंची है। आइए देखते हैं केकेआर की इस जीत के बाद प्वॉइंट्स टेबल का ताजा हाल।

### 12 शहर मैच की करेंगे मेजबानी

गौरतलब हो कि आईपीएल 2018 के बाद सभी टीमें होम-एंड-अवे फॉर्मेट में मैच खेलेंगी। मतलब सभी 10 टीमें अपने-अपने होम ग्राउंड में कुछ मैच खेलेंगी और कुछ मैच दूसरी टीम के होम ग्राउंड पर। इस बार टूर्नामेंट को 12 शहरों में आयोजित किया जा रहा है। अहमदाबाद, मोहाली, लखनऊ, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता, जयपुर, मुंबई, गुवाहाटी और धर्मशाला को आईपीएल मैच की मेजबानी करने का मौका मिला है।

### दोनों ग्रुप में शामिल टीमें

बता दें कि आईपीएल में 10 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। दोनों ग्रुप में शामिल टीमें 14-14 मैच खेलेंगी। प्रत्येक ग्रुप की टॉप दो टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालीफाइ करेंगी। ग्रुप, में मुंबई इंडियंस ,कोलकाता नाइट राइडर्स ,राजस्थान रॉयल्स ,दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजायंट्स शामिल है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत भदरवारा वि0खं0 जैतपुर माहोबा

**अल्पकालीन निविदा प्रकाशन वर्ष-2023/24**

पत्रांक/ मेमो/ सांसद निधि योजना दिनांक- 28/4/23

वित्त वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भदरवारा विकास खंड जैतपुर महोबा की स्वीकृत कार्य योजना 2023-24 में निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 29.04.2023 से 4.05.2023 को अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्न है:-

| क्रसं | कार्य का नाम | अनु. लागत | सामाग्री विवरण | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सांसद निधि ग्राम पंचायत को निर्गत धनराशि से मोक्ष धाम निर्माण कार्य ग्राम खैरारी में | 2 लाख | सीमेंट, बालू ईट, खण्ड, पत्थर सरिया, 20 mm 40 mm गेट आदि | 3 माह |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भदरवारा
वि०ख० जैतपुर महोबा

ग्राम पं० अधिकारी
भदरवारा
वि०ख० जैतपुर महोबा

# 'पापा सुन लो विनय हमारी पढ़ने की है उम्र हमारी'

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़**

स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को पनवाड़ी विकासखण्ड क्षेत्र के न्याय पंचायत भरवारा के रिछा गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय रिछा द्वारा संयुक्त रूप से छात्र छात्राओं ने गांव में रैली निकालकर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। बच्चों ने अभिभावकों से बेटी को ज्यादा पढ़ाने की अपील की। साथ ही 6 वर्ष की आयु पूरी कर चुके बच्चो का प्राथमिक विद्यालय में आकर नामांकन कराए को कहा गया शुक्रवार को निकाली गई रैली को इंचार्ज प्रधानाध्यापक रविकांत चतुर्वेदी प्राथमिक विद्यालय रिछा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा की सरकार प्रदेश के बच्चों को शिक्षित करना चाहती है। ऐसे में अभिभावक भी इस कार्य में सहयोग करे और अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में प्रवेश दिलाए। इस दौरान बच्चों ने हाथों में तख्तियां व पोस्टर लेकर सब पढ़े और सब बढ़े, शिक्षा ही धन की कुंजी है और स्कूल चले हम मम्मी पापा हमे पढ़ाओ स्कूल में चलकर नाम लिखाओ एक भी बच्चा छूटा संकल्प हमारा टूटा अपनी बेटी का मान बढ़ाना हर हाल में उसे पढ़ाना पापा सुन लो विनय हमारी पढ़ने की है उम्र हमारी के माध्यम से शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक करिया वर्मा संध्या चतुर्वेदी कालीचरण शैलेन्द्र कुमार रामपाल सुमन श्यामलाल धर्मेन्द्र आदि शिक्षक उपस्थित थे।

**सरकार प्रदेश के बच्चों को शिक्षित करना चाहती है। ऐसे में अभिभावक भी इस कार्य में सहयोग करे और अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में प्रवेश दिलाए।**




## प्रियंका रावत ने किया भाजपा कार्यालय का शुभारंभ

**महोबा, समृद्धि न्यूज़**



भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत महोबा जनपद के दौरे पर थी उन्होंने महोबा भाजपा प्रत्याशी डॉ संतोष चौरसिया के चुनाव कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया कार्यालय उद्घाटन के साथ उन्होंने एक छोटी कार्यकर्ता बैठक भी ली जिसमें चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया एवं उन्होंने सभी को एकजुट होकर चुनाव संपर्क में जुटने को कहा प्रदेश महामंत्री ने चुनावी रणनीति पर भी सुझाव रखे इसके पहले प्रदेश महामंत्री ने कुलपहाड़ में भी भाजपा प्रत्याशी की चुनावी रणनीति के लिए एक कार्यकर्ता बैठक की महोबा बैठक में जिला प्रभारी रामनरेश तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह सेंगर, सदर विधायक राकेश गोस्वामी, चरखारी चुनाव प्रभारी पुरुषोत्तम द्विवेदी कोपरेटिव बैंक चेयरमैन चक्रपाणि त्रिपाठी, जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे, जिला मीडिया प्रभारी शशांक गुप्ता, संजीव उपाध्याय, पंकज तिवारी, ओमनारायण तिवारी, भरत तिवारी, निवर्तमान पालिका प्रतिनिधि सौरभ तिवारी सहित सभी चुनाव प्रबंधन समिति के लोग उपस्थित रहे।

## हर घर नल योजना के तहत खोदी गई पाइपलाइन लोगों के लिए बन रही मुसीबत

**महोबा, समृद्धि न्यूज़**



हर घर नल जल योजना से घर घर पीने का पानी पहुंचाने के लिए खोदी गई पाइपलाइन के कार्य के चलते रास्ता पानी और कीचड़ से भर गया है। सही तरीके से पाइपलाइन डालने के उपरांत मरम्मत नहीं करने पर रास्ता दलदल में तब्दील हो गया है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूरा मामला श्रीनगर कस्बे के मनोहरगंज मुहाल का है जहां पर कुछ दिन पहले नमामि गंगे योजना के अंतर्गत सीसी सड़क को खोद करके बीच सड़क में नमामि गंगे योजना की पाइप लाइन को डाला गया मगर लाइन डालने के बाद कर्मचारियों ने लाइन को सही तरीके से नहीं भरवाई है जिससे पूरी सड़क में एक से दो फुट गहरा गड्ढा हो गया है। कस्बा वासी सिदगोपाल यादव, मुन्ना यादव, समसुद्दीन, देवेंद्र कुशवाहा, विनोद यादव, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, हीरालाल रैकवार, राजेंद्र कुशवाहा ने बताया कि पूरी रास्ते में गड्ढे होने से नालियों का पानी भरने से पूरा रास्ता कीचड़ से खराब हो गया है। जिससे लोगो का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। आवागमन में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कस्बेवासियों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द रास्ते को सुगम बनाए जाने की मांग की है।

## मेधावी बच्चों को उच्च शिक्षा के लिये जिलाधिकारी ने किया प्रेरित

**महोबा, समृद्धि न्यूज़**



जिले का नाम रोशन करने वाले यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा मे पहली रैंक शुभ चपरा (यू.पी. टॉपर) एवं सातवीं रैंक लाने वाले पुष्पराज सिंह को जिलाधिकारी मनोज कुमार ने रहेलिया के सूर्य मंदिर में सम्मानित किया।

मेधावी बच्चों को जिलाधिकारी मनोज कुमार ने शील्ड देकर उनकी हौसलाफजाई की। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर बच्चों को मिष्ठान खिलाया गया, जिलाधिकारी ने बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये प्रेरित किया गया। इस दौरान मेधावी छात्रों के परिवारीजन, विद्यालय प्राचार्य सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। जिलाधिकारी से सम्मान पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बता दें कि बुंदेली कश्मीर के दो होनहार छात्रों ने पूरे प्रदेश को अपनी काबिलियत का परचम लहराया है। छात्रों की इस कामयाबी सहित चरखारी ही नहीं पूरे जिले का प्रदेश में मान बढ़ा है।

## घर में घुसकर युवक सहित पत्नी व मां को पीटा

**महोबा, समृद्धि न्यूज़**

पिता पुत्र ने मजदूरी करने से मना कर देने पर युवक के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट कर दी। बीच बचाव के लिए आयी उसकी पत्नी और मां को भी पीट दिया। पुलिस ने इस मामले में कोई सुनवाई नहीं की तो उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने धारा 452, 323, 504, 506, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। खन्ना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुलकुआ निवासी अखिलेश कुमार पुत्र सियाराम ने बताया कि वह मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। उसने गांव के ही रज्जन उर्फ उदय सिंह पुत्र बलवंत सिंह के यहां मकान निर्माण में मजदूरी का काम किया था। लेकिन उसकी 10 दिन की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। इस पर उसने काम बंद कर दिया। इससे नाराज होकर 30 जनवरी को रज्जन सिंह नशे में धुत होकर आए और साथ में उसका पुत्र प्रशांत सिंह आया। इसके बाद इन लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। गाली देने से मना करने पर पिता पुत्र ने घर में घुसकर मारपीट कर दी। उसकी पत्नी जयकुमारी व मां संपत बचाने आयी तो उन्हें भी पीटा। धमकी दी कि यदि कल काम पर नहीं आओगे तो घर में आग लगा देंगे। घटना की सूचना थाना खन्ना व उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद भी आरोपियों पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश के बाद खन्ना थाना पुलिस ने आरोपी रज्जन सिंह व उसके पुत्र प्रशांत सिंह के खिलाफ धारा 452, 323, 504, 506, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।इस घटना के बाद से श्रमिक परिवार के लोगों में दहशत व्याप्त है।

## व्यापारियों की समस्याएं सुननें वाला हो चेयरमैन : व्यापार मंडल





**इटावा, समृद्धि न्यूज़**

शहर के एक होटल में आयोजित उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल से जुड़े कारोबारियों की बैठक में व्यापारियों नें कहा कि शहर की सरकार ऐसे व्यक्ति के हाथों में देनी चाहिए जो आम व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कर सके, शुद्ध पीनें का पानी, बजारों में व्यवस्थित पार्किंग, जलभराव की समस्या से निजात दिला सके, सुनोयजित विकास होना चाहिए एक विभाग बनाता है,एक विभाग खोदता है।

ऐसा चैयरमैन चुना जाना चाहिए जो जनता को सुविधाएं दे सके, नगरपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म कर सके, पहले हाऊस टैक्स के बिल घर घर आते थे, अब नहीं आते बहुत से लोग अभी तकनीकी रूप से एंडवास नहीं हैं, शहरों की जाम की समस्या भी एक बड़ी समस्या है,इसके लिए भी अगले चैयरमेन को उचित कदम उठाना चाहिए, पार्किंग की उचित व्यवस्था न होनें से बहुत से लोग बजारों में आनें से कतरानें लगे हैं, इटावा शहर के लाईन पार इलाके में जलभराव के बड़ी समस्या है, साथ ही मैनपुरी अंडर बिर्ज के नीचे थोड़ी बरसात में पानी भर ज्याता है, उसका स्थायी विकल्प के लिए अंडर बिरजों के नीचे बोरिंग करवा कर रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाये। चैयरमेनी और सभासदों को जनता शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनानें के लिए चुनती है,जनप्रतिनिधि ऐसा होना चाहिए जो आम लोगों को की समस्याओं की समझ रखता हो। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल आलोक दीक्षित,रिषी पोरवाल, कामिल कुरैशी, पावेन्द्र शर्मा, शेख आफताब, भारतेन्द्र भारद्वाज, संजय वर्मा, मु रफीक ताले वाले, रियाज अहमद,आदि कारोबारी मौजूद रहे।

## आठवीं महाविद्या माता बगलामुखी का अवतरण दिवस श्रद्धाभाव से मना

**इटावा, समृद्धि न्यूज़**

दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या माता बगलामुखी का अवतरण दिवस शुक्रवार को श्रद्धाभाव के साथ परंपरागत ढंग से मनाया गया। माता के अवतरण दिवस पर यमुना नदी के किनारे मां पीतांबरा धाम मंदिर में भव्य फूल बंगला सजाकर माता का आकर्षक श्रृंगार किया गया और छप्पन भोग भी लगाया गया। माता की पूजा व दर्शन के लिए सुबह से रात तक भक्तों की भारी भीड़ रही। तंत्र क्षेत्र से जुड़े साधकों के द्वारा विशेष पूजा-अर्चना भी की गई।

चतुर्दिक वाहिनी यमुना नदी के किनारे प्राचीन ग्यारह रूद्रेश्वर महादेव मंदिर परिसर में माता पीतांबराधाम मंदिर पर प्रत्येक शनिवार व मंगलवार को काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। शुक्रवार को माता बगलामुखी का अवतरण दिवस था इसी के चलते काफी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचे। मंदिर के पुजारी पंडित अजय दुबे ने माता पीतांबरा का पूजन अर्चन कर विशेष श्रृंगार किया और इसके बाद फूल बंगला सजायाकर छप्पन भोग अर्पित किया। मंदिर परिसर में कन्या भोज भी आयोजित किया गया। सुबह 8ः00 बजे से ही यहां भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। देर रात तक माता की पूजा अर्चना के लिए मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही।

माता को पीला रंग अत्यंत प्रिय है इसी के चलते भक्तों के द्वारा माता को पीला भोग व पीले फूल भी अर्पित किये गये। पंडित अजय दुबे ने बताया वैशाख शुक्ल पक्ष की अष्टमी को माता बगलामुखी का अवतरण हुआ था। माता दस महाविद्या में आठवीं महाविद्या है इन्हें माता पीतांबरा भी कहते हैं।

## बसपा प्रत्याशी गुलनाज के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**इटावा, समृद्धि न्यूज़**



बसपा की नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद की प्रत्याशी गुलनाज पुत्र वधु इदरीस अंसारी के चुनाव प्रचार ने तेजी पकड़ ली है। रामगंज रोड पर बसपा के चुनाव कार्यालय का विधिवत शुभारंभ हो गया। बसपा प्रत्याशी गुलनाज के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन बसपा जिलाध्यक्ष मनोज दोहरे, हाजी इस्माइल अंसारी, हाजी बाबू भाई, हाजी गुड्डू मंसूरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर इदरीस अंसारी ने अतिथियों सहित बसपा यूनिट के पदाधिकारियों सहित उपस्थित लोगों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसी क्रम में बसपा प्रत्याशी गुलनाज के समर्थन में इदरीस अंसारी ने जनसमूह के साथ बेरुन टोला, शाहगंज, उजेदी, अकालगंज, करनपुरा आदि मोहल्लों में तूफानी जनसम्पर्क कर मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा, सभी वर्ग के मतदाताओं सहित महिलाओं ने इदरीस अंसारी के ऊपर पुष्प वर्षा कर एवं मालाओं से लादकर अभूतपूर्व स्वागत किया। इदरीस अंसारी ने मतदाताओं को भरोसा दिलाया कि वह उनकी अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतरेंगे। इस अवसर पर बसपा नेता डॉ. सुरजन सिंह जाटव, जितेंद्र बौद्ध, महेंद्र पांडे, हरविलास एड., त्रिवेंद्र कुमार, मो. निजाम, इमरान अहमद, सुनील जाटव, अशोक भास्कर सहित नाजिम अंसारी, इरशाद पहलवान, इलियास अंसारी, आसिफ अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## जन्नतुल बक़ी की कब्रें तोड़े जाने पर शिया समाज ने जताया विरोध

**इटावा, समृद्धि न्यूज़**



जन्नतुल बक़ी कब्रिस्तान की सौ वर्ष पूर्व सऊदी हुकूमत द्वारा कब्रें तोड़े जाने के विरोध में आज शिया जामा मस्जिद पंजतनी में मौलाना अनवारुल हसन जैदी के नेतृत्व में जुमे की नमाज के बाद जन्नतुल बक़ी की कब्रों के निर्माण की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाकर काला दिवस मनाया गया।

मौलाना अनवारुल हसन जैदी ने कहा कि जन्नतुल बक़ी में रसूल की बेटी फ़ातिमा ज़हरा, इमाम हसन, इमाम जैनुल आबेदीन, इमाम मो. बाकिर, इमाम जाफर सादिक़ रसूल के भाई, मौला अब्बास की मां उम्मे बनीन, फुफियां, चचा सहित सहाबियों की कब्रें हैं। सऊदी हुकूमत ने सन 1344 में जन्नतुल बक़ी की कब्रो की तौहीन की गई, आज इसे 100 साल हो गए। अल्लाह से जन्नतुल बक़ी की कब्रों की तामीर की दुआ की। मस्जिद से इमाम बारगाह घटिया अज़मत अली तक बैनर के साथ पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार से मांग की कि वह सऊदी हुकूमत से जन्नतुल बक़ी की कब्रों के निर्माण के लिए दवाब डाले।

शिया समाज के लोगों ने बैनर पर हस्ताक्षर कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर हाजी कमर अब्बास, हाजी अरशद मरगूब, मौलवी ताबिश रिज़वी, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, तनवीर हसन, मो. अब्बास, खुर्शीद जाफरी, अली मेहदी, तसलीम रज़ा, सलीम रजा, तस्वीर हैदर, समर अब्बास, सफीर हैदर, अख्तर अब्बास, राहत हुसैन रिज़वी, इबाद रिजवी, सैफू, शौजब रिज़वी, जीशान, आतिफ, समर, राहिल, शब्बर अक़ील, तहसीन रज़ा, अबरार हुसैन सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## भाजपा ने नगर पालिका में अपनी सरकार बनाने का संकल्प लिया

**इटावा, समृद्धि न्यूज़**



भारतीय जनता पार्टी दोनों मंडल पुराना शहर व नया शहर के कार्यकर्ताओं का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जिसमें बड़ी मात्रा में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेताओं ने नगर पालिका परिषद में अपनी सरकार बनाने का संकल्प लिया जिससे कि इटावा शहर में ट्रिपल इंजन की सरकार तेजी से कार्य कर सकें। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत, संचालन नगर पालिका परिषद चुनाव प्रभारी जितेंद्र गौड़ ने किया।

सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि विगत कई वर्षो से नगर पालिका परिषद पर समाजवादी पार्टी का कब्जा रहा जिस कारण से बहुत सारे विकास कार्य नगर में प्रभावित होते रहे उसके बावजूद भी नीलकंठ मंदिर जुगरामऊ मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य हमारी सरकार करने जा रही है।

सांसद रामशंकर कठेरिया ने अपनी सरकार की सिलसिलेवार उपलब्धियां गिनायीं। पूर्व सांसद सुखदा मिश्रा ने कहा अब उपद्रव नहीं उत्सव हमारी पहचान है, माफिया नहीं, महोत्सव हमारी पहचान है। जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि हमें तय करना है कि हमें 2017 के पहले की जातिवादी सरकारें चाहिए या फिर गरीब कल्याण के लिए समर्पित सरकार चाहिए। कार्यकर्ता सम्मेलन को प्रमुख रूप से भाजपा प्रत्याशी कुसुम दुबे, पूर्व सांसद विधायक रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत, पूर्व विधायक केके राज, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, जिला प्रभारी सत्य पाल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रमाकांत शर्मा, राम कुमार चौधरी, विमल भदौरिया, शिवप्रताप राजपूत, राजेंद्र गुप्ता, अन्नू गुप्ता, गोपाल मोहन शर्मा, मीडिया प्रभारी ओम रतन कश्यप सहित तमाम भाजपा नेताओं ने संबोधित किया।

## गरीब मेधावी छात्राओं को निशुल्क स्कूल ड्रेस वितरित

इटावा। स्थानीय कस्वा महेवा स्थित सुखदेवी कन्या विद्यालय की पाँच गरीब मेधावी छात्राओं को समाज सेवी ने निशुल्क रूप से स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराई ।प्राप्त विवरण के अनुसार कस्वा महेवा निवासी व्यवसायी व समाजसेवी चर्चिल शाक्य ने प्रधानाचार्या डॉ अमिता यादव के आवाहन पर स्कूल की पाँच गरीब मेधावी छात्राओं को अपनी ओर से स्कूल ड्रेस दान में दी। इस अवसर पर श्री शाक्य ने कहा कि दुनियां में सबसे बड़ा पुण्य गरीब व असहायों की सेवा करना है वही शिक्षा संस्थान में दान करने वालों को तो सर्वाधिक पुण्य मिलता है । प्रधानाचार्या डॉ अमिता यादव ने स्कूल की ओर से धन्यबाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर शिक्षिका प्रतिमा यादव ,संध्या आदि मौजूद रहीं।

## बाइक सवार युवक खड़े ट्रक में घुसे, दो की मौत

**इटावा।** थाना बकेवर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम टिलीटिला के सामने हाइवे पर दो बाइक सवार युवक सड़क पर खड़े ट्रक में जा घुसे जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गये जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से चौकी पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा जहाँ चिकित्सकों ने दोनो को मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी महेवा रविन्द्र सिंह ने बताया कि गुरुवार की रात करीब दस बजे नगला जैक पृथ्वीपुर थाना इकदिल निवासी मोहित पुत्र चन्द्रप्रकाश उम्र करीब 18 वर्ष व आनन्द पुत्र सर्वेश कुमार उम्र करीब 20 वर्ष बाइक नंबर ह्वश्च -75 ए क्यू 2101 से औरैया की ओर किसी गाँव मे निमंत्रण में शामिल होने जा रहे थे वहीँ दोनों युवक हेलमेट भी लगाये थे सड़क के किनारे खड़े ट्रक में जा घुसे तथा गम्भीर रूप से घायल हो गये जिन्हें सूचना पर पहुँचे चौकी प्रभारी महेवा रविन्द्र सिंह ने आनन फानन में जिलाअस्पताल पहुँचाया जिन्हें चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। यह केवल एक ही दुर्घटना नहीँ बल्कि साल भर में दर्जन भर ऐसी दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं जिनमें लोग असमय मौत के मुंह जा चुके है लेकिन इसके बाबजूद भी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण नहीँ चेता ,आखिर कितनी ओर मौतों का इंतजार कर रहा।

## जिले के पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को मिला कायाकल्प अवार्ड

**इटावा।** बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सफाई समेत सात मानकों पर खरा उतरने पर जिले के पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर, उदी, बसरेहर, महेवा, सरसईनावर को कायाकल्प अवार्ड मिला। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गीता राम ने देते हुए कहा कि इस उपलब्धि पर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधीक्षक डॉ गौरव, डॉ सुशील, डॉ विकास, डॉ उदय, डॉ विनोद को बधाई देता हूं। सभी की मेहनत से ही कायाकल्प अवॉर्ड मिला है। उन्होंने कहा कि जिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को अवार्ड इस बार नहीं मिल पाया है। वह प्रयासरत रहें। अपने स्वास्थ्य सेवाओं और मानकों के आधार पर भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करें। इससे अगली बार इस अवार्ड की श्रेणी में उनका नाम भी आए। सीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य इकाइयों पर विशेष रूप से अस्पताल के रखरखाव,साफ-सफाई, बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, इन्फेक्शन कंट्रोल प्रैक्टिसेज, हाइजीन प्रमोशन, पेशेंट फीडबैक का मूल्यांकन होता है जिन स्वास्थ्य केंद्रों को 70 फीसद से अधिक अंक मिलते हैं उन्हें कायाकल्प अवार्ड दिया जाता है।अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी नोडल आरसीएच डॉ बी एल संजय ने कहा कि यह हर्ष की बात है जनपद में पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को कायाकल्प अवॉर्ड मिला है। जिला परामर्शदाता क्वालिटी इंश्योरेंस डॉ रहीसुद्दीन ने बताया कि कायाकल्प अवॉर्ड स्कीम के अंतर्गत पूरे प्रदेश में कुल 327 चिकित्सा इकाइयों का एसेसमेंट किया गया। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का इंटरनल,पियर एवं एक्सटर्नल एसेसमेंट किया गया जिसमें जसवंतनगर सीएचसी को 76.86,महेवा सीएचसी को 76.14,उदी को 75.43, बस रेहर को 74.29,सरसई नावर को 71.71अंक प्राप्त हुए।इसी आधार पर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को कायाकल्प अवार्ड प्राप्त हुआ और सभी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को सरकार की तरफ से इनाम स्वरूप एक लाख की राशि मिलेगी इस राशि में 75 फ़ीसदी अस्पताल के विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा और 25 फ़ीसदी संबंधित अस्पताल के स्टाफ को प्रोत्सहित करने के लिए खर्च होगा।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

इटावा। थाना जसवंतनगर क्षेत्र के अंतर्गत युवक ने परिवारीजनों से किसी बात से क्षुब्ध होकर ट्रेन के सामने आकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लीद्ध जानकारी के अनुसार मोहब्बतपुर जसोहन निवासी 20 वर्षीय अखिलेश पुत्र दीवान सिंह अपने परिवारीजनों द्वारा बेवजह इधर-उधर बैठने घूमने को लेकर टोकने पर क्षुब्ध होकर देर शाम रेलवे स्टेशन के करीब पिलर संख्या 1172 के डाउन मेन लाइन पर ट्रेन के सामने आकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली।

## भारतीय किसान यूनियन ने इटावा में पैर पसारे

**इटावा।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान ने इटावा में अपने पैर पसारे जिसमें कैलाश सिंह यादव को जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता को मंडल अध्यक्ष चुना गया भारतीय किसान यूनियन की एक अति आवश्यक बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव प्रदान की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें कई पदाधिकारियों को दायित्व ग्रहण कराए गए किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव प्रधान ने बताया कि जन्मेजय पांडे को प्रदेश उपाध्यक्ष जसवंत नगर तहसील का अध्यक्ष धर्म धर्मवीर सिंह यादव को भरथना तहसील का अध्यक्ष अनुभव पांडे को इटावा तहसील का अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव आरती को नियुक्त किया गया हैं।

# झटपट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन विद्युत कनेक्शन का कर सकते हैं आवेदन

**▸ इण्टर कॉलेज, आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्र करेंगें विद्युत संयोजन का सर्वे**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए डीएम *समृद्धि न्यूज*

प्रत्येक परिवार को विद्युत संयोजन निर्गत किये जाने के संबंध में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे समस्त परिवार जोकि वर्तमान में विद्युत का प्रयोग कर रहे हैं, परन्तु उनके द्वारा संयोजन नहीं लिया गया है। उनको नियमानुसार विद्युत संयोजन निर्गत कर दिया जाये। उन्होंने कहा कि विद्युत संयोजन में जनपद में स्थित इण्टर कॉलेज, आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्रों को सर्वे के लिए सम्मिलित किया जाये और उन्ही के क्षेत्र आवंटित कर क्षेत्र का सर्वे कराया जाए। निर्धारित प्रारूप पर उनके माध्यम से सूचना प्राप्त की जाए।

सर्वे हेतु छात्रों को एक प्रोजेक्ट के माध्यम से कार्य आवंटन किया जाए। इस कार्य में बच्चो को प्रोत्साहन राशि भी दी जाये। विद्युत विभाग द्वारा झटपट पोर्टल योजना की जानकारी देते हुये बताया गया कि इस पोर्टल के माध्यम से भी तुरन्त ऑनलाइन कनेक्शन का आवेदन कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि हाई स्कूल/इंटरमीडियट में जनपद का रिजल्ट अच्छा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद में विज्ञान विषय में बालिकाओं की संख्या कम रहती है। उन्होने बालिकाओ से अपील करते हुये कहा कि विज्ञान विषय में रुचि दिखाये और अपने भविष्य को बेहतर बनायें। विज्ञान विषय बहुत अच्छा विषय है इससे बच्चो का इंजीनियरिंग, मेडिकल आदि प्रत्येक क्षेत्र में काफी स्कोप है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट में पढाई के सभी बड़े से बड़े कोर्स उपलब्ध है जिससे हर चीज की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये कि बच्चो को खेल के प्रति भी बढावा दिया जाये इसके कई प्रकार के खेल शामिल किये जाये। सभी विद्यालयो में विभिन्न प्रकार के खेलो में टीम का गठन किया जाये। इससे बच्चो का खेल के साथ-साथ पढाई में भी मन लगेगा।

इस कार्य में प्राधानाचार्य रुचि के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि निपुण अभियान के तहत बच्चो की शिक्षा में सुधार लाने की जरुरत है। जो बच्चो कमजोर है उसे निपुण बनाना सबका दायित्व है। बैठक में अधिशाषी अभियंता विद्युत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## उद्यमियों की समस्याओं का निदान प्राथमिकता से कराया जाएगा : डीएम

कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में शुक्रवार को जिला उद्योग बन्धु एवं वाणिज्य उद्योग बन्धु की बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा है कि जो नये उद्योग लगाना चाहते है और उन्हें नया उद्योग खड़ा करने में कठिनाई हो रही है, उनकी हर सम्भव मदद कर समस्या का निराकरण किया जाए। ऐसे लोगो को भी मदद की जाए जो अपने उद्योग को बड़ा करना चाहते है, किंतु धन के अभव या अन्य किसी कारणों से उद्योग बड़ा नहीं कर पा रहे है उनकी भी समस्याओं का समाधान कराया जाए। डीएम ने कहा कि कोई उद्यमी उद्योग लगाना चाहता है अथवा एनओसी, बिजली, नाली, मलबा आदि जैसी समस्याएं है उनकी समस्याओं का निदान प्राथमिकता से कराया जाएगा। कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहना रहना चाहिए। कहा है कि उद्यम सारथी ऐप उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा उत्पादन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी देने हेतु निर्मित किया गया है। इस ऐप में विभिन्न ओडीओपी उत्पादों से संबंधित विस्तृत जानकारी, उद्यमिता विकास कार्यक्रम, उद्यमियों की सफलता की कहानियों को संग्रह, एमएसएमई से संबंधित प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा विशेषज्ञ वार्ता के साथ-साथ इकाई स्थापित करने से संबंधित जानकारी उपलब्ध है। इसलिये उद्योग से सम्बंधित जानकारी हेतु उद्यम सारथी ऐप अधिक से अधिक संख्या में डाउनलोड किया जाए। श्री शुक्ल ने बताया कि कारखाना अधिनियम, 1948 सहपठित उत्तर प्रदेश कारखाना नियमावली, 1950 के अन्तर्गत जनपद में संचालित विनिमार्ण इकाइयों का पंजीकरण कराया जाना प्रस्तावित है। जनपद में 108 फैक्ट्रियों के रूप में रजिस्ट्रेशन है। बताया कि कारखाना अधिनियम के अनुसार 20 या 20 से अधिक कर्मकार पिछले 12 माह में किसी 01 दिन शक्ति की सहायता से विनिर्माण प्रक्रिया में कार्यरत रहे हों । 40 या 40 से अधिक कर्मकार पिछले 12 माह में किसी 01 दिन बिना शक्ति की सहायता से विनिर्माण प्रक्रिया में कार्यरत रहे हों। बताया गया कि मुख्यमंत्री शिशिक्षुता प्रोत्साहन योजना (सीएमएपीएस)के अंतर्गत कुल 96 अधिष्ठान पंजीकृत हैं तथा कुल 196 प्रशिक्षार्थी शिशिक्षुताप्राप्त कर रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक इकाइयों को पंजीकृत कराने हेतु एवं प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण कराने हेतु नोडल आईटीआई द्वारा प्रयास किया जा रहा है। उद्यमियों ने समित को अवगत कराया कि छिबरामऊ से घटिया घाट चलने वाली बस विशुनगढ़ नहीं जाती है जबकि परिवहन विभाग से परमिट मिला है जिस पर जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि आवश्यक कार्यवाही करे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उपयुक्त उद्योग आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार अज्ञात कार ने आठ वर्षीय छात्र को रौंदा, मौत

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मृतक छात्र का फाइल फोटो

सदर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत जलालपुर चौकी क्षेत्र में एक अज्ञात तेज रफ्तार कार ने 8 वर्षीय छात्र को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृत बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम सारोंतोप निवासी मुफीद अली का 8 वर्षीय पुत्र जैद अली जलालपुर पनवारा चौकी क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र है, शुक्रवार को वह सुबह अपने विद्यालय गया था, जहां छुट्टी होने के बाद वह स्कूल से अपने घर जा रहा था, जब वह हाइवे की सर्विस रोड पर पहुंचा, तभी तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उसे रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इसी बीच किसी ने मृतक छात्र के परिजनों और पुलिस को हादसे की सूचना दे दी। हादसे की खबर मिलते ही छात्र जैद अली के परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गई। वहीं घटनास्थल पर पहुंची स्थानीय चौकी पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल के बाद मृतक छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहित दुबे ने बताया कि जैद अली कक्षा 2 का छात्र था। जोकि पढ़ने में बहुत ही अच्छा था। हादसे की खबर मिलते ही विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं शिक्षक बेहद दुखी है।

# बूथ स्तर पर मजबूती से जुटें कार्यकर्ता : देवेंद्र देव

**▸ भाजपा चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन**

**गुरसहायगंज (कन्नौज) समृद्धि न्यूज।**



तिर्वा रोड पर कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी *समृद्धि न्यूज*

निकाय चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर मजबूती के साथ जुट जाएं और डोर टू डोर पहुंचकर आम जनमानस को पार्टी की नीतियों व उपलब्धियों से अवगत कराकर अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक करें। जिससे भाजपा प्रत्याशी की जीत का मार्ग प्रशस्त हो सके। यह बात शुक्रवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित भाजपा निकाय कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन करने के उपरांत भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव ने कही। इससे पूर्व वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता, भाजपा पिछड़ा वर्ग क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, भाजपा नेता वीर सिंह भदौरिया, शंभू दयाल गुप्ता, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर, जिला संयोजक संजीव कुमार गुप्ता उर्फ संजू, राकेश चंद्र वर्मा, तालग्राम ब्लाक प्रमुख पुच्ची ठाकुर, क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, सहकारी समिति के अध्यक्ष निर्मल चतुर्वेदी, राधेश्याम सेजबार आदि ने विधि विधान से हवन पूजन कर जीत का संकल्प लिया। इस दौरान नवल गुप्ता, अमन कठेरिया, दीपू गुप्ता, अजय दीक्षित, फूल सिंह कुशवाहा, गंगा सिंह कुशवाह, रानू गुप्ता, दीपक सिंह, सुधांशु गुप्ता उर्फ मोनू, ऋषभ दीक्षित, कमल कुशवाहा, अनिल गुप्ता, सिपाही लाल सक्सेना, रंजीत गुप्ता, सुमित सक्सेना, अनिल चौरसिया, अवधेश गुप्ता, रामू गुप्ता, आंचल गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जनपद न्यायालय की समयावधि में बदलाव

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जनपद न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेशानुसार एवं कन्नौज बार एसोसिएशन कन्नौज व बार एसोसिएशन छिबरामऊ द्वारा प्रेषित प्रस्तावों पर सहमति रखते हुए माह मई व जून में न्यायालय की समयावधि निर्धारित की गई है, जो मुख्यालय कन्नौज में न्यायालय की समयावधि प्रातः 7 बजे से अपराहन 1 बजे तक (मध्यावकाश का समय 10:30 से 11 बजे तक होगा, और बाह्य न्यायालय छिबरामऊ व ग्राम न्यायालय तहसील तिर्वा का नियमित न्यायालय समयावधि प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

# पालिका ने तिराहा पार्क के बाहर से हटवाया अतिक्रमण

**▸ पॉलीथिन प्रतिबंध अभियान चलाकर वसूला जुर्माना**

**गुरसहायगंज (कन्नौज) समृद्धि न्यूज।**



तिराहा पार्क से दुकान हटवातीं ईओ मीनू सिंह *समृद्धि न्यूज*

पालिका द्वारा नगर के तिराहा स्थित पार्क का सुंदरीकरण कार्य के बाद अधिशासी अधिकारी ने पुलिस बल एवं पालिका कर्मियों के साथ पार्क के बाहर से अवैध अतिक्रमण हटवाया। साथ ही पॉलीथिन प्रतिबंध अभियान चलाते हुए 4 दुकानदारों से ना सिर्फ जुर्माना वसूला बल्कि पॉलीथिन का प्रयोग ना किए जाने की नसीहत भी दी। शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने पालिका कर्मियों सहित पुलिस बल के साथ नगर के तिराहा पहुंचकर पार्क के चारो ओर से अवैध अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान उन्होंने अतिक्रमणकारियों से दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्यवाही की चेतावनी दी। इसके उपरांत उन्होंने पॉलीथिन प्रतिबंधित अभियान चलाते हुए 4 दुकानदारों से पॉलीथीन जब्त कर रूपये 2500 का जुर्माना वसूल किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पालिका द्वारा शासन की मंशा के अनुरूप नगर सुशोभन अभियान के तहत तिराहा पार्क का सुन्दरीकरण कराया गया हैं। किन्तु पार्क के आस-पास अवैध रूप से दुकानें एवं एवं अतिक्रमण होने की वजह से पार्क को हानि पहुंच रही थी। इस अवसर पर प्रधान लिपिक आरपी सिंह, अनिल प्रजापति, जिलेदार सिंह, मनोज तिवारी, अशोक शर्मा, जगदीश सिंह, जनार्दन मिश्रा, गौरव मिश्रा, मोहित गुप्ता, राजन राजपूत, अशोक वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पति ने पत्नी को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज) समृद्धि न्यूज।** किसी बात को लेकर विवाहिता के साथ उसके ही पति ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी पूजा देवी पत्नी विजय बाथम द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 25 अप्रैल की शाम उसके पति विजय बाथम ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### चोरों ने विद्यालय की खिड़की तोड़कर चोरी की

**गुरसहायगंज (कन्नौज) समृद्धि न्यूज।** चोरों ने विद्यालय के कार्यालय की खिड़की तोड़कर उसमें रखें हजारों रुपयों का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित प्रधानाचार्य ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद स्थित विशेश्वर दयाल तिवारी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुरेंद्र प्रसाद द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 26 अप्रैल की रात्रि अज्ञात चोरों ने विद्यालय के कार्यालय की खिड़की तोड़कर कार्यालय में रखे कंप्यूटर का सीपीयू, इनवर्टर की बैटरी, 28400 रूपये की नगदी सहित सीसीटीवी का डीवीआर, एलईडी मॉनिटर व स्टेबलाइजर चोरी कर लिया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# पुलिस ने तमंचा व कारतूस सहित दो भाइयों को किया गिरफ्तार

**गुरसहायगंज (कन्नौज) समृद्धि न्यूज।**



उच्चाधिकारियों के निर्देशन में निकाय चुनाव से पूर्व कोतवाली पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत छापेमारी कर दो भाइयों के पास से तमंचा व कारतूस बरामद करते हुए हिरासत में लेकर कार्रवाई की है।

शुक्रवार की सुबह हमराह सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे कोतवाली के उपनिरीक्षक अभिनेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर समधन ब्रिज अंडरपास के निकट छापेमारी कर दो युवकों के पास से अवैध तमंचा व तीन कारतूस बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवकों ने अपना नाम साजिद एवं मोहम्मद राशिम पुत्रगण अब्दुल जलील निवासी गोरी नवादा समधन बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# डीआईजी जेल ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

**▸ कारागार का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



कारागार में दस्तावेजों की जाँच करते प्रभारी डीआईजी जेल शिवहरी मीना व मौजूद जेल स्टाफ *समृद्धि न्यूज*

जेल में उस वक्त अफरा तफरी मच गई। जब प्रभारी डीआईजी जेल/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिवहरी मीना अचानक निरीक्षण करने पहुँची।

शुक्रबार की दोपहर अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज का प्रभारी डीआईजी जेल/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिवहरी मीना ने लगभग तीन घंटे तक विस्तृत रूप से कारागार की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों की जांच की। अक्रियाशील उपकरणों को तत्काल क्रियाशील कराने के निर्देश दिए। उन्होनें बाहर से आए हुए बन्दियों के परिजन/ मुलाकाती व्यक्तियों से व्यवस्था की जमीनी हकीकत परखी। मेस देखने के साथ ही उन्होंने कैदियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। सफाई व्यवस्था सही मिलने पर जेल प्रशासन की प्रशंसा की। प्रभारी डीआईजी जेल सबसे पहले बैरक में पहुंचे। वहां सघन तलाशी कराई। हर बैरक में तलाशी के बाद कैदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। साथ ही उनकी समस्याओं को सुना। जेल में लगे सीसीटीवी कैमरा और कंट्रोल को देखा। उसके बाद मेस में पहुंचे। वहां सफाई व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए।

इसके अलावा परिसर का निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था बेहतर मिलने पर प्रशंसा की। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। हालांकि जेल में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। उन्होंने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था व विशेषकर महिला बंदियों के लिए वोकेशनल प्रोग्राम चलाए जाने के जेल अधीक्षक को निर्देश दिए। इस दौरान जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी, जेलर विजय कुमार शुक्ला, पंकज कटियार आदि मौजूद रहे।

# सम्मानित किए गए मेधावी छात्र-छात्राएं

**▸ माया देवी इंटर कॉलेज में सचिन कुमार ने तो कन्हैया लाल इंटर कॉलेज में अनुराग मिश्रा ने मारी बाजी**

**गुरसहायगंज (कन्नौज) समृद्धि न्यूज।**



मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित करते प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक *समृद्धि न्यूज*

बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल व इंटर मे अच्छे अंक लाकर अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं के स्वागत का सिलसिला जारी है। माया देवी इंटर कॉलेज एवं पंडित कन्हैया लाल इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

जिसके चलते पंडित कन्हैया लाल इंटर कॉलेज के सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा 2023 में हाई स्कूल एवं इंटर में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं का प्रधानाचार्य जीतू अग्निहोत्री एवं प्रबंधक हरिबाबू अग्निहोत्री सहित अध्यापकगणों द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि हाईस्कूल के अनुराग मिश्रा ने पूरे विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कक्षा के मुस्कान कुशवाहा ने 519 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार इंटर कक्षा की अनामिका शर्मा, शीतल, पलक दुबे, लक्ष्मी एवं मोनू ने भी सम्मानजनक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। हाई स्कूल की मानसी शाक्य, चित्रावती, नारायण सिंह ने भी सम्मानजनक अंक प्राप्त किए। वही माया देवी इंटर कॉलेज में हाई स्कूल की छात्रा प्रांशु पाल ने 87, शिल्पी ने 82, प्रियंका सोलंकी ने 79 प्रतिशत एवं इंटर कक्षा में सचिन कुमार ने 88, शिवम राठौर ने 84 एवं सावित्री यादव ने 78 फीसदी अंक प्राप्त किए। मेधावी छात्र छात्राओं का विद्यालय के प्रबंधक कृपाराम पाल, प्रधानाचार्य स्नेह लता एवं अध्यापकों जय सिंह पाल, इंद्रपाल, सुबोध कुमार, शाहिद खान, स्वाति यादव ने सम्मानित कर पुरस्कृत किया। पंडित कन्हैया लाल अग्निहोत्री इंटर कॉलेज में शिवराम सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, वर्षा, रीना आदि सहित तमाम अभिभावक गण मौजूद रहे।

# एसपी ने परेड की ली सलामी, जवानों को फिट रहने के दिए टिप्स

**▸ एसपी ने गार्ड रूम, एमटी शाखा, स्टोर रूम व अन्य शाखाओं का किया निरीक्षण**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के बाद पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने परेड पुलिस लाइन में स्थित समस्त शाखाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउन्ड पर शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों की जमकर प्रशंसा की। साथ ही परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया। एसपी ने पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई। तथा एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल भी करवाई गई तथा दंगा नियंत्रण उपकरणों के उपयोग तथा उसे और बेहतर तरीके से प्रयोग कराने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा एसपी ने पुलिस लाइन में स्थित क्वार्टर गार्ड पर सलामी बाद गार्ड रूम, एमटी शाखा, स्टोर रूम व अन्य समस्त शाखाओं का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर व प्रतिसार निरीक्षक मौजूद रहे।

## पुलिस ने 8 लोगों पर की गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**गुरसहायगंज (कन्नौज) समृद्धि न्यूज।** निकाय चुनाव से पूर्व उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा 8 अपराधियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को स्थानीय कोतवाली कार्यालय में कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ग्राम तेराजाकेट निवासीगण लालजीत, अहिबरन, राहुल, मोहित जाटव, बलवीर जाटव, ग्राम मलिकपुर निवासी शमीम उर्फ हबलू, सुजीव एवं डुंडवाबुजुर्ग निवासी इमरान आदि के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है।

# स्कूल में टीम भावना से काम करें शिक्षक : बीएसए

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

**▸ विद्यालयों को निपुण बनाते हुए ब्लॉक को बनाये निपुण ब्लॉक**

**▸ बीएसए ने किसी की सराहना तो किसी पर जताई नाराज़गी**



प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते बीएसए कौस्तुभ कुमार सिंह *समृद्धि न्यूज*

ब्लॉक जलालाबाद को निर्धारित समयावधि में निपुण ब्लॉक बनाये जाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कौस्तुभ कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड जलालाबाद के विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापको/ प्रभारी प्रधानाध्यापको की समीक्षा बैठक का आयोजन ब्लॉक संसाधन केन्द्र जलालाबाद में किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यालयवार अध्ययतन आंकडो का विश्लेषण करते हुए विद्यालयों को निपुण बनाने में आने वाली बाधाओं व चुनौतियों पर चर्चा-परिचर्चा करते हुए उनके निराकरण के सम्बन्ध में सुझाव दिए। फरवरी माह में निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से किये गए ओन स्पॉट असेसमेंट के राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के द्वारा जारी किए गये आंकड़ों के आधार पर विकास खण्ड जलालाबाद के विद्यालयों को तीन श्रेणियों सक्षम, मध्यम व संघर्षशील में विभाजित करते हुए आंकड़े जारी किये गए। सक्षम श्रेणी के अन्तर्गत अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम, अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय अलीनगर एवं प्राथमिक विद्यालय आमपुर्वा, जसौरा तथा पट्टी तिर्वा को रखा गया। उक्त सक्षम श्रेणी में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापको की समीक्षा बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा सराहनीय की गयी। वही संघर्षशील श्रेणी में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालयों को टीम भावना से कार्य करते हुए निर्धारित समय सीमा दिसम्बर 2023 तक निपुण विद्यालय बनाने हेतु कार्य योजना बनाते हुए कार्य करने का सुझाव दिया गया। वही प्राथमिक विद्यालय अनौगी द्वितीय व देवीपुरवा के प्रधानाध्यापको के द्वारा निपुण लक्ष्यों, उन्नीस का पहाडा व पाठ्य पुस्तकों के वारे में संतोषजनक जबाव न दे पाने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा, एसआरजी संजीव कुमार कटियार, अमित मिश्रा, विकास कुमारी दीक्षित, एआरपी सत्यपाल यादव, जितेंद्र प्रताप सिंह व भोले शंकर, अबधनारायण, रामऔतार, विजय कुमार, राजीव कुमार, प्रदीप कुमार, रेनूकमल, प्रिया बघेल, प्रियंका गुप्ता, आकांक्षा अवस्थी, अनुराग गौतम, फराह शमीम सहित सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# बीमारी से तंग आकर युवक ने फांसी लगाकर दी जान



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** बीमारी से तंग युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार महरुपुर रावी निवासी सुनील ने शुक्रवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की मां ने बताया कि पुत्र सुनील को इन्फेक्शन था और उसका विवाह तीन वर्ष पूर्व ही रुबी के साथ हुआ था।

बीमारी की बजह से उसकी पत्नी मायके में रह रही है। मृतक की मां ने बताया कि पुत्र के जीने से गिरने से मौत हो गई है। वहीं ग्रामीणों की माने तो सुनील ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर दरोगा प्रशांत कुमार ने पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**कमालगंज (सं.)।** मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ग्राम रजीपुर निवासी शोले पुत्र हवलदार घूम रहा है। जिस पर थाना पुलिस सक्रिय हो गयी और आनन-फानन में मौके पर पहुंचकर शोले पुत्र हवलदार को गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि शोले पर न्यायालय से वारंट चल रहा था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पुलिस इसको सरगर्मी से तलाश कर रही थी।

## पुलिस ने बैकों में चलाया चेकिंग अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर थाना पुलिस ने विभिन्न बैंकों में सुरक्षा की दृष्टि से चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सीसीटीवी कैमरा, इमरजेंसी अलार्म व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की तथा शाखा प्रबंधकों से आवश्यक जानकारी जुटायी।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना पुलिस ने विभिन्न बैंकों में जाकर पहले सीसीटीवी कैमरा, इमरजेंसी अलार्म आदि चेक किये। जो ठीकठाक मिले। इसके अलावा बैंक में आने वाले संदिग्ध लोगों की तलाशी ली तथा बाहर खड़े संदिग्ध वाहनों को भी कब्जे में लिया। पुलिस ने शाखा प्रबंधकों से भी बैंक की सुरक्षा को लेकर बातचीत की। इस दौरान बैंक प्रबंधकों ने उन्हें बैंक से संबंधित जानकारी मुहैया कराया। साथ ही कहा कि बैंक में सब कुछ ठीकठाक चल रहा है।

# भाजपा प्रत्याशी शैफाली गुप्ता के कार्यालय उद्घाटन में उमड़ी भीड़

- जनता एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार




कार्यालय उद्घाटन के मौके पर मौजूद सांसद, प्रत्याशी शैफाली गुप्ता व पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता आदि

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद नगर पंचायत से अध्यक्ष पद की प्रत्याशी शेफाली गुप्ता के चुनाव कार्यालय का विधायक पति डॉ0 अजीत गंगवार ने मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत तथा अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य की मौजूदगी में फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए अजीत गंगवार ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी भाजपा प्रत्याशी को अध्यक्ष बनाएं। जिससे नगर का चहुंमुखी विकास हो सके। प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार है। आप लोग नगर पंचायत में भी अपनी सरकार बनाएं। कार्यालय उद्घाटन अवसर पर लोगों की उमड़ी भीड़ को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि भाजपा प्रत्याशी को सभी वर्गों का वोट मिलेगा। उन्होंने क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त करते हुए नगर क्षेत्र के विकास के लिए एक बार फिर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शमशाबाद विजय गुप्ता की उम्मीदवार पत्नी शैफाली गुप्ता को विजयी बनाने की अपील की। इस मौके पर अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने कहा यह चुनाव उनकी इज्जत का सवाल है और इस चुनाव को हर हाल में जीतना उनका लक्ष्य है। मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद सांसद मुकेश राजपूत ने कहा नगर क्षेत्र की जनता एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार है। उन्होंने कहा नगरवासी शैफाली गुप्ता को चुनाव जिताकर नगर पंचायत अध्यक्ष पद का ताज पहनायें। कार्यक्रम में आए सभी वरिष्ठ नेताओं को पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता ने स्वागत किया कखै आभार प्रकट किया। इस मौके पर दिनेश कटियार, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, सुभाष वर्मा, नि0 चेयरमैन कृष्णा देवी, वीरेंद्र राजपूत, रामकिशोर राजपूत, राजवीर राजपूत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाबू कनौजी लाल की पुण्यतिथि पर समर्पित किया भवन

- बाबू कनौजी लाल स्मारक ट्रस्ट के जरिये होंगे समाजसेवी कार्य
- बुद्ध बिहार व बृद्धाश्रम का होगा संचालन




कार्यक्रम के दौरान मौजूद त्रिमोहन कुमार व भंते

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सामाजिक क्रांति में अपने कदम से कदम मिलाने वाले बाबू कनौजी लाल की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्रों ने सामाजिक कार्यों के लिए फतेहगढ़ के मोहल्ला हाथीखाना में लगभग 4 हजार इ0फिट का मकान बाबू कनौजी लाल मेमोरियल ट्रस्ट को समर्पित कर दिया।

जानकारी देते हुए उनके पुत्र त्रिमोहन कुमार ने कहा कि वे अपने पिता की स्मृति में जगह को बुद्ध बिहार और वृद्धाश्रम के लिए समर्पित कर रहे हैं। इसमें सर्वसमाज के कार्य किये जायेंगे। इस अवसर पर भवन को ट्रस्ट में दिये जाने के लगाये गये शिलापट का अनावरण हुआ। इससे पूर्व बाबू कनौजी लाल की मूर्ति का अनावरण भी किया गया। इससे पूर्व भोलेपुर स्थित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। बाबू कनौजी लाल डा0 भीमराव अम्बेडकर के समकालीन समतामूलक समाज की स्थापना करने वाले स्वामी अछूतानन्द के आंदोलन को जनपद की धरती पर लाये और पैदल यात्रा करके दलितों व पिछड़ों को जागरुक करने का काम किया। उन्होंने आरपीआई से 1962 व 67 में चुनाव भी लड़ा और छुआछूत के खिलाफ आंदोलन चलाया। उन्होंने कहा था कि हमें भेदभाव का भाव अपने अंदर नहीं रखना चाहिए। उन्होंने देश भक्तिपूर्ण फिल्में लोगों को दिखाकर जागरुकता पैदा की और लोगों को एक जुट किया। इस मौके पर कहा गया कि ऐसे महापुरुष विरले ही पैदा होते है। हमें उनसे सीख लेनी चाहिए, तभी हमारे देश तरक्की की राह पर अग्रसर हो सकेगा। कार्यक्रम के दौरान भिक्षु डा0 उपनन्द थेरो व उनके शिष्यों ने शिलापट का अनावरण किया। इस मौके पर जवाहर सिंह गंगवार, सर्वेश अम्बेडकर, राजेश अम्बेडकर, रामसरन रमन आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए कुल 35 प्रत्याशी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत नवाबगंज में चुनावी दंगल में 35 प्रत्याशी मैदान में उतरे रहे है जिसमें से 28 प्रत्याशी निर्दलीय है। अब देखना है कि जनता निर्दलीय प्रत्याशी को चुनती है या किसी दल के प्रत्याशी को चेयरमैन की कुर्सी सौंपेगी।

आम आदमी पार्टी से डॉ0 काशीराम कुशवाहा, भाजपा से सर्वेश शाक्य, बसपा से पुष्पेंद्र कुमार, सपा से विनीता शाक्य पत्नी अरविंद शाक्य, सुहेलदेव समाज पार्टी से अनुज कुमार, आजाद समाज पार्टी से बन्ने खां, कांग्रेस पार्टी से धर्मेंद्र कुमार आदि पार्टी के प्रत्याशी है। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी अनिल कुमार राजपूत, अनीता, ऊषा, कमालुद्दीन, करूणेश यादव, कुमोदमी जहार सिंह, धर्मवीर, धीरेंद्र, प्रशांत कश्यप, प्रेम श्रीदेवी, मीरा देवी, मुरादी बेगम, रामशरण, विपिन कुमार, विमलेश गुप्ता, संतोष, संतोषी, सुधीर कुमार, सुनील कुमार, सुनील कुमार, प्रदीप, प्रमोद, नीरज राजपूत, नबाब शेर चेयरमैन पद के लिए मैदान में है। जो अपना-अपना आजमा रहे हैं। अब देखना है कौन जीतता है।

# सड़क सुरक्षा जागरुकता के तहत निबंध-लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

- कानोडिया व एनएकेपी इंटर कालेज की छात्राओं ने लिया भाग




छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करतीं प्रधानाचार्य आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के आदेश के अनुपालन के क्रम में कार्यकारी संगठन मदर निर्मला फाउण्डेशन उ0प्र0 के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता निबन्ध लेखन गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन मदन मोहन कनोडिया बालिका इण्टर कॉलेज एवं नारायन आर्य कन्या पाठशाला बालिका इण्टर कॉलेज में सम्पन्न हुआ।

सड़क सुरक्षा जागरूकता के प्रति रूचि दिखाते हुये सचित्र निबन्ध लेखन किया तथा यातायात सांकेतिक चिन्हों को भिन्न-भिन्न रंगों से उभार कर गतिविधि के द्वितीय दिवस को सफल बनाया। कार्यक्रम में मदन मोहन कनोडिया बालिका इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, नीलम शुक्ला, कुसुमलता एवं स्मृति दुबे, पूनम शुक्ला आदि शिक्षिकाओं ने सहयोग किया। नारायन आर्य कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्य इन्दू मिश्रा, अध्यापिका सीमा सिंह, प्रगति शुक्ला, निहारिका सिंह एवं कल्पना वर्मा ने उपस्थित छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम प्रभारी चाइल्डलाइन 1098 के इकाई निदेशक डॉ0 जितेन्द्र चतुर्वेदी ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की प्रतिबद्धता हेतु शपथ दिलाई। इस अवसर पर काउंसलर अल्ताफ अली, इकबाल बहादुर एवं मणि मिश्रा ने योगदान दिया। सड़क सुरक्षा सम्बन्धित गतिविधियों में विद्यालय एवं विद्यालय स्तरीय छात्राओं को उत्कृष्ठ कार्यो एवं उत्तम लेखन हेतु पुरस्कृत किया जायेगा। जिससे छात्रायें खुश दिखीं।

# नगर पालिका व नगर पंचायत प्रत्याशियों को वितरित किये गये चुनाव चिन्ह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय निकाय चुनाव नामांकन के क्रम में शुक्रवार को नगर पालिका व नगर पंचायतों के प्रत्याशियों को चुनाव चिंहों का आवंटन कर दिया गया। पार्टी के उम्मीदवारों के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशियों को भी चुनाव चिंह आवंटित कर दिये गये।

निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी के निर्देशन में विभिन्न स्थानों के रिटर्निंग आफीसरों ने चुनाव चिंह आवंटित किये। विधानसभा सदर से 11 नामांकन हुए। जिनमें सपा की एकता को साइकिल, दूसरे नंबर पर कांग्रेस की मुमताज बेगम को हाथ, तीसरे नंबर पर आम आदमी पार्टी की राधा श्रीवास्तव को झाड़ू, चौथे नंबर पर वत्सला अग्रवाल को हाथी, पांचवें नंबर पर भाजपा की सुषमा देवी को कमल का फूल चुनाव चिंह आवंटित किये गये। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी नूतन को रेल का इंजन, निशा को रिक्शा, बिट्टो देवी को छत का पंखा, शिखा को पहिया, समिता को फूल और घास व सुमन को चुनाव चिंह जीप आवंटित किया गया। नगर पंचायत कमालगंज से बहुजन समाज पार्टी की अनीता देवी को हाथी, भाजपा की नम्रता को कमल, सपा की लक्ष्मी को साइकिल व निर्दलीय प्रत्याशी राजबेटी को एक फिर भगौना चुनाव चिंह आवंटित किया गया। निर्दलीय प्रत्याशी बिटोली देवी को पहिया, सरोजनी देवी को शंख चुनाव चिंह आवंटित किया गया। नगर पंचायत मोहम्मदाबाद के भाजपा प्रत्याशी राजेश कुमार को कमल, कांग्रेस के रफीद को हाथ का पंजा, आम आदमी पार्टी के राजेश सिंह यादव को झाड़ू व बहुजन समाज पार्टी के सुशील को हाथी चुनाव चिंह आवंटित किया गया। इसके साथ ही सपा के हरीश कुमार को साइकिल चुनाव चिंह मिला। इसके अलावा अन्य उम्मीदवारों को भी चुनाव चिंह आवंटित किये गये। नगर पंचायत खिमसेपुर से 20 उम्मीदवारों को चुनाव चिंह आवंटित किये गये। जिसमें भाजपा के पुष्पराज सिंह को कमल, बहुजन समाज पार्टी के के विनीत कुमार को हाथी, सपा के विमल प्रताप सिंह को साइकिल चुनाव चिंह मिला।

वहीं निर्दलीय हरगोविंद सिंह को केतली तथा अन्य 20 उम्मीदवारों को चुनाव चिंह आवंटित किये गये। नगर पंचायत संकिसा बसंतपुर से भारतीय जनता पार्टी की अनुपम वर्मा को कमल, आम आदमी पार्टी की धन देवी को झाड़ू, कांग्रेस की माया देवी को हाथ का पंजा, बहुजन समाज पार्टी की रामायण सिंह को हाथी और समाजवादी पार्टी की सरिता यादव को साइकिल चुनाव चिंह आवंटित किया गया। वहीं सभासदों को भी चुनाव चिंह आवंटित कर दिये गये हैं।

# भाजपा चुनाव कार्यालय उद्घाटन में आचार संहिता की उड़ी धज्जियां



कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर मौजूद भीड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी की नगर पालिका सदर से अध्यक्ष पद की प्रत्याशी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय उद्घाटन अवसर पर पर भीड़ भड़ाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को मैसेज करके एकत्र किया गया। बताते है कि सोशल मीडिया पर मैसेज किया गया कि निर्धारित समय पर कार्यालय उद्घाटन पर पहुंचे, अन्यथा कार्यवाही की जायेगी। भीड़ भड़ाने के लिए किये गये इस मैसेज को आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस तरीके से चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन होने का मामला सामने आया है। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि मामले की जांच करायी जा रही है, कार्यवाही की जायेगी। शहर को चौक से लेकर पल्ला मठिया तक सजाया गया था। भारी भीड़ हुई, जिस कारण से वाहन सड़क के दोनों ओर पार्क हो गये और घंटों तक आम आदमी को जाम की स्थितियों का सामना करना पड़ा। धारा 144 और चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला अचानक चर्चा में आ गया। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सादा ड्रेस में उपस्थित होने की बात कही गई थी। यह मैसेज सुबह 9 बजे के बाद वायरल किया गया। मोहित दुबे के नाम से मैसेज वायरल हुआ। मोहित परियोजना अधिकारी कार्यालय में कम्प्यूटर आपरेटर होने की चर्चा है। मैजेस में कहा गया था कि जो कार्यक्रम में नहीं पहुंचेगा उसके खिलाफ कार्यवाही होगी। मैसेज वायरल होते ही खलबली मच गई। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह से इस संदर्भ में जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है, जांच करायी जा रही है। यदि मामला सही पाया गया तो कार्यवाही की जायेगी। उधर इस संदर्भ में भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने कहा कि उन्हे इस संदर्भ में कोई जानकारी नहीं हुई है। किन्हीं विरोधियों ने उनके खिलाफ षड्यंत्र रचने का कार्य किया है।

- कार्यवाही की धमकी देकर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को किया गया एकत्र

# जिले की दो सीएचसी बरौन और राजेपुर को मिला कायाकल्प अवार्ड

- दोनों सीएचसी को मिला 1-1 लाख रुपया




सीएचसी बरौन पर मौजूद डाक्टर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरकारी अस्पतालों के बेहतर रख-रखाव को लेकर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से शुरू की गई कायाकल्प अवार्ड योजना में इस वर्ष जिले के दो सीएचसी बरौन और राजेपुर पुरस्कार के लिए नामित हुए हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 के इस अवार्ड के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का तीन चरणों में (इन्टर्नल) पियर एवं एक्सटर्नल असेसमेंट किया गया। इसमें समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के साथ अस्पताल परिसर में साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के विभिन्न मानकों पर अस्पतालों को स्कोर दिया गया। यह कहना है सीएमओ डॉ0 अवनीन्द्र कुमार का। सीएमओ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में कायाकल्प अवार्ड स्कीम के तहत चयनित अस्पतालों की सूची के साथ कायाकल्प अवार्ड योजना के अंतर्गत अवार्ड प्राप्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए पुरस्कार धनराशि और उक्त धनराशि के उपयोग के लिए वित्तीय दिशा-निर्देश दिए गए हैं। भारत सरकार के मानक अनुसार इस वर्ष के अवार्ड योजना में जनपद के सीएचसी बरौन को 81.71 प्रतिशत, राजेपुर को 71.41 प्रतिशत अंक मिले हैं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दलवीर सिंह ने कहा कि एक साथ दो सीएचसी को कायाकल्प अवॉर्ड मिलना जिले के लिए खुशी की बात है।

# सिटी गर्ल्स इंटर कालेज का परीक्षा परिणाम रहा 95 प्रतिशत

- शिक्षिकाओं ने छात्राओं को अच्छे अंक लाने पर बधाई दी



सिटी गर्ल्स इंटर कालेज की मेधावी छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सिटी गर्ल्स इंटर कालेज का इंटरमीडिएट व हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल का 95 प्रतिशत रिजल्ट के साथ विद्यालय की छात्रा हाईस्कूल में वंशिका वर्मा 75.3 प्रतिशत, सूफिया 74.6 प्रतिशत और एलिशा 74.3 प्रतिशत स्कोर किया। हाईस्कूल में कुल 100 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। इंटरमीडिएट में कहकशा ने 77 प्रतिशत, उम्मेकुलम व सानिया ने 72 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यालय की प्रधानाचार्या ऐस्तर रोज दयाल ने सभी मेधावी छात्राओं को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि और आगे बढ़ो। जो छात्रायें अच्छा कर सकती है, परन्तु नहीं कर पा रही है। वह निराश न हो, जीवन में आगे बढ़ते रहना चाहिए, प्रयास करते रहिए। साथ ही सभी शिक्षिकाओं ने छात्राओं को अच्छे अंक लाने पर बधाई दी और शैक्षिक रणनीति बनाते हुए हर सम्भव बेटियों को भरोसा दिलाया। जिससे बेटियां मेरिट लिस्ट में ज्यादा से ज्यादा आये। शिक्षिाओं ने छात्राओं को समझाते हुए कहा कि मंजिल उन्हीं को मिलती है कि जिनके पंखों में जान होती है, हौसलों से कुछ नहीं होता, पंखों से उड़ान होती है। इसलिए आप लोग पूरी मेहनत से पढ़े, सफल अवश्य ही मिलेगी।

## एसडीएम ने भूसे से भरे पांच ट्रैक्टर ट्राली पकड़े

**समृद्धि न्यूज।** उप जिलाधिकारी अमृतपुर ने भूसे से लदा पांच ट्रैक्टर ट्राली पकड़ लिये और उन्हें गौशाला भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना क्षेत्र के ग्राम बलीपट्टी रानी गाँव के निकट उपजिलाधिकारी पदम् सिंह नें भूसा लदी पांच ट्रैक्टर ट्राली पकड़ कर खड़ी करा ली। जानकारी की तो चालक नें बताया कि वह सांसद मुकेश राजपूत का भूसा लिये जा रहा। बाद में उप जिलाधिकारी ने उन्हें गौशाला भिजवा दिया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि इन लोगों से पूछताछ की जा रही है कि यह लोग कहां भूसे ले जा रहे थे। वहीं उन्होंने बताया कि फिलहाल भूसे से लदे ट्रैक्टर ट्राली को गौशाला भिजवा दिया गया है। जहां पर भूसा गौरक्षक की सुपुर्दगी में रखवा दिया गया है।

# बाल खेल महोत्सव का हुआ समापन

- विजेताओं को शील्ड देकर किया गया सम्मानित




मंचासीन बाल संरक्षण अधिकारी व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत जिलाधिकारी के निर्देशन में बाल खेल महोत्सव के समापन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बाल संरक्षण इकाई द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिलचन्द्र की अध्यक्षता में राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) जखा में बड़ी धूमधाम से किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी निलचन्द्र द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे-कैरम, लूडो, शतरंज,बॉलीवॉल, बैडमिन्टन, 100 मीटर व 200 मीटर फर्राटा दौड़, खो-खो, कबड्डी आदि के विजेता प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अपचारी किशोरों को शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोवेशन अधिकारी अधिकारी अनिलचन्द्र ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि इसी प्रकार से आगे भी विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करना है और अपने माता-पिता के साथ-साथ अपने देश का नाम रोशन करना है। इसी प्रकार मन लगाकर खेलना है और संस्था से जाने के बाद विभिन्न जनपद स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना है।

जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी, सचिन सिंह ने कहा कि 'बाल खेल महोत्सव' का आयोजन इसी प्रकार आगे भी होता रहेगा और प्रत्येक बालक को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता रहेगा। उन्होंने सभी विजयी बच्चों को शुभकामनायें दीं। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अनुराग कुमार एवं जीतू गौतम ने भी सभी बच्चों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि वे भी समय-समय पर संस्था में उपस्थित होकर बच्चों के साथ विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करेंगे, खेलों के सही नियम और जानकारी प्रदान करने के साथ की साथ आवश्यक खेल सामग्री भी उपलब्ध करायेंगे। इस अवसर पर प्रभारी संस्था अधीक्षक राजकुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर से कुचलकर बालक की मौत

▸ सीओ व खनन अधिकारी ने पहुंचकर की जांच


परिजनों से घटना की जानकारी करते थानाध्यक्ष


मृतक का फाइल फोटो

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार से जा रहे ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़े बालक को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौजूद ग्रामीणों ने चालक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और चालक को अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भगौरा निवासी शिवलाल शाक्य का 3 वर्षीय पुत्र रुद्र कुमार गांव में सड़क किनारे खड़ा था, तभी तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर चालक प्रदीप कुमार पुत्र सर्वेश कुमार शर्मा निवासी उखरा ने कुचल दिया। जिससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर किशनपुर पोस्ट सरौतिया जनपद एटा निवासी जगमोहन सिंह का बताया गया। गुस्सायें ग्रामीणों ने चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार, थानाध्यक्ष जेपी शर्मा पुलिस बल के साथ पहुंच गये और जांच पड़ताल की। वहीं जिला खनन अधिकारी राजीव रंजन ने पहुंचकर ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर थाने भिजवा दिया। मृतक माता-पिता का इकलौता था। इस घटना से मृतक की मां सविता आदि परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बचाते हैं कि ट्रैक्टर मिट्टी खनन करने के लिए जा रहा था।

## साधू की झोपड़ी में लगी आग से गृहस्थी जली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** साधू की झोपड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से गृहस्थी जलकर राख हो गयी। साधू का कहना है कि अब उसके पास खाने पीने के लिए कुछ भी नहीं बचा है। जिससे वह काफी परेशान दिखा।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम नया गाँव निवासी बाबा सूरज पाल गाँव के बाहर झोपड़ी डालकर मन्दिर के पास रह रहें है। दोपहर उनकी झोपड़ी में अचानक आग लग गयी। साधू के चीखने चिल्लाने पर कई गांव के लोग दौड़कर मौके पर पहुंच गये, जब तक वह आग बुझाने का प्रयास करते, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। पीड़ित साधू ने बताया कि उसका सब गृहस्थी का सामान जल गया। अब उसके पास खाने पीने का कुछ भी सामान नहीं बचा है। उसने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगायी है।

# 14 घण्टे बाद मिला गंगा में डूबे बालक का शव


मृतक का फाइल फोटो

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार शाम चार बजे दोस्तों के साथ गांव से आधा किमी दूर स्थित गंगा में स्नान करने गया बालक गहरे पानी में डूब गया। जानकारी होने पर पहुंचे ग्रामीणों ने किशोर की गंगा में तलाश शुरू की। शुक्रवार सुबह किशोर का शव बरामद हुआ। शव निकलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के नगला खेमरैंगाई के मजरा मेंहदिया निवासी राजीव कुमार का 8 वर्षीय पुत्र ऋषि गुरुवार शाम करीब 5 बजे अपने चार दोस्तों के साथ गांव से आधा किमी दूर स्थित घाट पर गंगा स्नान करने गया था। नहाते समय गहरे पानी में चले जाने से ऋषि गंगा में डूब गया। उसे डूबते देख साथी चिल्लाते हुए भागने लगें। आसपास मौजूद लोग ऋषि को बचाने के लिए गंगा में कूदे, लेकिन उसका पता न चला। ऋषि के साथियों ने गांव पहुंचकर घटना की जानकारी उसके पिता राजीव को दी। जानकारी होने पर परिजन घटना स्थल पर पहुंच गये। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और गोताखोरों से बालक की तलाश शुरू कराई। शुक्रवार को सुबह किशोर का शव गोताखोरों ने बरामद कर लिया। शव बाहर निकलते ही मां सविता व भाई प्रतीक आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## फर्जी जमानतगीर पर न्यायालय ने कसा शिकंजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पेशेवर जमानतगीर के विरुद्ध विशेष न्यायाधीश द0प्र0क्षे0 ने राज्य बनाम रामजीत बाथम के मामले में नोटिस जारी करने के आदेश दिये। विशेष न्यायाधीश द0प्र0क्षे0 ने कहा कि जमानतगीर रतन सिंह लाल पेशेवर जामीनदार है, ऐसी आख्या प्रस्तुत की गई है। इस संदर्भ में जमानती रतन सिंह ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया था कि उसने अन्य किसी मुल्जिम की जमानत नहीं ली है, लेकिन वास्तव में पेशेवर जामीनदार है। न्यायाधीश ने रतन सिंह के विरुद्ध प्रकीर्ण दण्डात्मक कार्यवाही दर्ज करने के आदेश दिये व रतन सिंह को नोटिस जारी करने के साथ ही आदेशित किया कि जमानतगीर रतन सिंह पूर्व के सभी जमानत प्रपत्रों के साथ अगली तिथि पर अदालत में पेश हो।

# फर्जी क्राइम ब्रांच कर्मी बनकर लाखों किये पार, मुकदमा दर्ज


ठगी का शिकार पीड़ित व्यापारी

▸ कई लोगों को लगा चुका है लाखों का चूना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर तलाशी लेते वक्त ढाई लाख रुपये गायब कर दिये। इस बात की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार अनिल कुमार गुप्ता पुत्र मचले प्रसाद गुप्ता निवासी नेकपुर कला भोलेपुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में दर्शाया कि वे अपने व्यापारिक संस्थान से पांच लाख रुपये लेकर कर्मचारी वंश कुमार के साथ स्कूटी से बैंक में पैसा जमा करने जा रहे थे। रास्ते में भीमसेन मार्केट के पास दो व्यक्तियों ने स्कूटी के सामने बाइक खड़ी कर रोक लिया और खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर परिचय पत्र दिखाया व तलाशी लेने लगे और बेग में से ढाई लाख रुपये निकाल लिये। जब हम लोग बैंक पहुंचे तो बैंक में सिफ ढाई लाख रुपये निकले और बांकी के ढाई लाख खुद को फर्जी क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर तलाशी लेने वाले लोगों ने पार कर दिये। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल फतेहगढ़ सचिन कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

बताते चले कि कई माह पूर्व फतेहगढ़ क्षेत्र में ही एक व्यापारी से 30 लाख रुपये की टप्पेबाजी हो गयी थी। पुलिस आज तक उसका खुलासा नहीं कर पायी है। इसके बाद हुई आज घटना में पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। इस प्रकार की हो रही घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर सवालियां निशान में भी अंकित हो रहे है। वहीं पुलिस का कहना है कि उसने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करप मामले की जांच शुर कर दी है।

# पुलिस ने बोलेरो व लाखों के सामान सहित दो उचक्कों को किया गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में पकड़े गये नटवरलाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चालक द्वारा फर्जी तरीके से धोखाधड़ी करके करीब 14 लाख रुपये का सामान ले जाने और कानपुर न पहुंचाने के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए शहर के लालदरवाजा तिराहे के पास से दो युवकों को पिकअप सहित गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लगभग साढ़े 8 लाख रुपये का सामान भी पुलिस ने बरामद किया है।

पिछले महीने पिकअप संख्या यूपी 79टी/1829 के चालक श्याम सिंह के विरुद्ध धोखाधड़ी करके माल ले जाने ट्रांसपोर्ट कम्पनी के मालिक ने मुकदमा पंजीकृत कराया था। शुक्रवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शिवेन्द्र कुमार द्विवेदी पुत्र विजय कुमार निवासी ग्राम अनेई कक्वन, शिवम राठौर उर्फ ज्ञानेन्द्र पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी दरियापुर थाना बिल्हौर को लालगेट बस स्टैण्ड के पास से मय माल के गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से 6 बंडल बोरे आर्मी शूज, 15 पेटी ड्राइकलर, 18 गत्ते मेडिसन, एक बोरी सब्जी के बीज, एक बंडल कपड़े व एक कार संख्या यूपी 78एफटी/2207 बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## शांतिभंग में युवक का चालान

**कमालगंज (सं.)।** पुलिस ने अशांति फैलाने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर शांतिभंग में उसका चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पुलिस ने नरेंद्र पुत्र विष्णुपाल निवासी रामपुर माझगांव को गिरफ्तार कर शांतिभंग में उसका चालान कर दिया। बताते हैं कि वह मोहल्ले के लोगों से बेवजह लड़ाई झगड़ा कर रहा था।

# खबरें चलते-चलते

## सपा नेता सहित दस 107/116 में पाबंद

**फर्रुखाबाद (सं.)।** नगर निकाय चुनावों के मद्देनजर सिटी मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव ने सपा नेता सहित 10 लोगों को 107/116 की कार्यवाही के अंतर्गत पाबंद किया है और 29 अप्रैल को नगर मजिस्ट्रेट के न्यायालय में उपस्थित होकर मुचलका भराने के लिए निर्देशित किया है। पाबंद किये गये लोगों में सपा नेता शशांक सक्सेना, मनोज गुप्ता, दीपू गुप्ता, रजत सक्सेना, कुलदीप शर्मा, राहुल शर्मा, कब्बू पाडेय, आलोक कठेरिया, सचिन अग्निहोत्री, नितिन सक्सेना आदि लोगों के नाम शामिल हैं।

## झूठा मुकदमा दर्ज कराने में दफा 182 का नोटिस

**फर्रुखाबाद (सं.)।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र कृष्ण कुमार ने बीमा पॉलिसी के मामले में गलत मुकदमा दर्ज कराने के मामले में वादी के विरुद्ध दफा 182 की कार्यवाही अमल में लाने के आदेश दिये है। प्रकीर्ण वाद के अन्तर्गत धारा 182 मुकदमा दर्ज करने के लिए नोटिस जारी किया है। नोटिस राजीव कुमार पुत्र अहिवरन सिंह द्वारा झूठी एफआईआर दर्ज कराने के संदर्भ में जारी करने आदेश दिये गये। मुकदमे के अनुसार कई पॉलिसी धारकों ने राजीव कुमार पुत्र अहिवरन सिंह जो कि एजेंट है ने पैसे लेकर बीमी की किस्त न जमा करने का काम किया और आर्थिक तंगी के चलते पैसा खर्च हो जाने की बात कह दी। राजीव का रिकार्ड अच्छा नहीं है और पॉलिसी धारकों की रकम हड़पने के लिए वादी राजीव कुमार ने झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। जिस पर कार्यवाही करते हुए न्यायाधीश ने वादी राजीव कुमार के विरुद्ध दफा 182 की कार्यवाही करने के आदेश दिये है।

## बाइकों सहित दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद (सं.)।** वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसके तहत संदेह होने पर पुलिस ने राहुल पुत्र अवधेश उम्र 25 वर्ष निवासी बाग कूंचा कोतवाली सदर, हिमांशु पुत्र प्रवेश उम्र 19 वर्ष निवासी बजरिया को दो बाइके सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## वीवीआईपी के आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था का दिया गया प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद (सं.)।** नगर निकाय चुनाव के चलते जिले में संभावित वीवीआईपी के आगमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी न रह जाये। इसको लेकर क्षेत्राधिकारी नगर ने पुलिस लाइन सभागार में त्रुटि रहित सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान मौजूद पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये और सुरक्षा घेरे को मजबूत रखने। इसके साथ ही नागरिकों के साथ व्यवहार भी सरल रखने के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वीआईपी की सुरक्षा में कोई भी कमी नहीं रह जाये। जहां पर कमजोरी दिखे वहां पर अपनी जिम्मेदारी समझकर उसे पूरा करें। बताते चले कि नगर निकाय का चुनाव तेजी पकड़ रहा है। इस दौरान नगर में मुख्यमंत्री की सभा लगने की चचार्य हो रही है।



# जय सियाराम के उद्घोषों के बीच भाजपा चुनाव कार्यालय शुरु


मंच पर मौजूद सांसद मुकेश राजपूत, विधायक, प्रत्याशी सुषमा गुप्ता व अन्य

▸ कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से भरी भाजपा प्रत्याशी को जिताने की हुंकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी नगर पालिका सदर की प्रत्याशी सुषमा गुप्ता के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का शुभारंभ जय सियाराम के उद्घोषों के बीच रेलवे रोड स्थित एक गेस्ट हाउस के ऊपरी तल पर हुआ। हवन यज्ञ एवं जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में आचार्य केशवजी महाराज ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अरुण पाठक ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। भाजपाई इस मौके पर एक जुट दिखायी दिये और सभी ने एक स्वर से किसी भी कीमत पर भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने का आह्वान किया। सांसद मुकेश राजपूत, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक सदर मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, महिल आयोग की सदस्य मिथलेश अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भूदेव सिंह राजपूत, समाजसेवी मोहन अग्रवाल व अन्य कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने एक स्वर से भाजपा प्रत्याशी को जिताने और नगर को विकास की ओर ले जाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता अपनी टीम के साथ व्यवस्थापन में लगे रहे। प्रत्याशी सुषमा गुप्ता ने सभी से वोट की अपील की। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन अभिषेक त्रिवेदी ने किया। इस मौके पर महिला मोर्चा अध्यक्ष बबिता पाठक, महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष प्रीती तिवारी, विश्वास गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, रामकिशोर राजपूत, अनिल प्रताप सिंह, राजीव गुप्ता, राजीव पुरवार, डॉ0 रवींद्र चतुर्वेदी, राम सनेही, मनोज रस्तोगी, अनिल श्रीवास्तव, दिनेश मिश्रा, उदय, रचना अवस्थी, मीरा सिंह, चुनाव प्रबंधक मुकेश गुप्ता, संजीव दुबे, .युवा मोर्चा अध्यक्ष मयंक बुंदेला, प्रभात अवस्थी, विजय अवस्थी, डीएस राठौर, वीरेंद्र सिह राठौर, कैलाश मिश्रा, रोहित शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस ने सात वारंटियों को किया गिरफ्तार


पुलिस द्वारा पकड़े गये वारन्टी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने सात वारंटियों ने को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद अपराध निरीक्षक कामता प्रसाद, उपनिरीक्षक मोहित मिश्रा, उपनिरीक्षक विश्वनाथ आर्य ने अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने वारंटी देवेश सिंह पुत्र रघुराज निवासी अरसानी, नीरज पुत्र रतीराम निवासी शेखपुर खजुरी, अरुण कुमार पुत्र बांकेलाल निवासी नगला बहादुर, मुकेशचन्द्र पुत्र गयाप्रसाद निवासी मानिकपुर, धारा सिंह पुत्र रामगोपाल निवासी मदनपुर, संतोष कुमार पुत्र रुप सिंह निवासी सुल्तान नगर बिहार, आशाराम पुत्र जोधन सिंह निवासी सुल्ताननगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

## अवैध रुप से पेट्रोल बेंच रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**कमालगंज (सं.)।** अवैध रुप से पेट्रोल बेंच रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के कोटिया चौराहे पर सूरज कुमार निवासी सिंगुरापुर को सप्लाई स्पेक्टर इंद्रजीत यादव ने दुकान में अवैध तरीके से पेट्रोल की बिक्री करते हुए 15 लीटर पेट्रोल सहित हिरासत में लेकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया और उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की बात कही।

# शत-प्रतिशत रहा एसपीजीआर इंटर कालेज का परीक्षा परिणाम


एसपीजीआर इंटर कालेज के टॉपर व मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करती विनीता पाठक व प्रतिभा मिश्रा

▸ अच्छे अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित
▸ विद्यालय परिवार ने दी मेधावियों को बधाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एसपीजीआर इंटर कालेज का यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बेवर रोड भाऊपुर बघार स्थित विद्यालय में माध्यमिक शिक्षा परिषद का परीक्षा परिणाम आने पर मेधावी फूले नहीं समाये। सभी टॉपर व मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से चेयरमैन डा0 राजीव पाठक ने शील्ड देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इसी तरह सभी छात्र अच्छे नम्बर लाये। जिससे वह अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करें और देश के विकास के क्षेत्र में नव युवा अपनी अहम भूमिका अदा करने में सार्थक बने।

विद्यालय की प्रबंधिका डा0 विनीता पाठक ने मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी और शील्ड देकर सम्मानित किया और सभी मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या प्रतिभा मिश्रा ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं ने पूरी साल मेहनत की और परीक्षा परिणाम में अच्छे नम्बर लाये। जिसके तहत शुक्रवार को विद्यालय में बुलाकर सभी छात्र-छात्राओं का सम्मान हुआ। इंटरमीडिएट में अभय शर्मा 75.6 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में टॉप रहे। वहीं योगेश कुमार 74.8 प्रतिशत, आस्था पाल 73.6 प्रतिशत, बृजभान 70.8 प्रतिशत अंक लेकर मेधावी बने।

एसपीजीआर इंटर कालेज के हाईस्कूल के मेधावी छात्र-छात्रा चांदनी 89.5 प्रतिशत, उजाला 81.5 प्रतिशत, सौरभ कश्यप 81.3 प्रतिशत, रीनू 79.5 प्रतिशत, प्रिया कुशवाहा 81.16 प्रतिशत, सुमित कश्यप 81 प्रतिशत, शानवी दीक्षित 80.3 प्रतिशत, उमेश यादव 80 प्रतिशत, प्रगति वर्मा 78.8 प्रतिशत, रिषभ कुशवाहा 76.6 प्रतिशत, नैन्सी चौहान 76 प्रतिशत अंक लेकर मेधावी बनी। सभी को विद्यालय परिवार की ओर से बधाई देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**SAI MEER COLLEGE OF POLYTECHNIC**
SHIRDI DHAM, FARRUKHABAD ROAD, CHHIBRAMAU
DISTT.- KANNAUJ
Application are invited for the following posts
1. Lecturers- for Diploma course of Computer Science & Engineering **Qualification :** B.E./B.Tech of AICTE/BTE Norms.
Age- Max age limit 58 (years) on the day of advertisement. Please send your complete biodata with self attested Xerox copy of all documents. The reservation & salary as per the rule of the govt. of Uttar Pradesh. No TA is admissible.
**Contact: 9519202488**
**Email:saimeercollegeofpolytechnic@gmail.com**

